राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 33
लखनऊ, बुधवार 01 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





मछुआ दुर्घटना बीमा योजना से मत्स्य पालकों व मछुआरों को लाभान्वित कराया जाए : निषाद 03

दबंगों ने उखाड़े सीमेंट के पोल, विरोध पर की पिटाई 10


## नवमं सिद्धिदात्री



**या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

नवरात्रि पूजन के नौवें दिन देवी सिद्धिदात्री की उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वालों को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। भगवान शिव ने भी सिद्धिदात्री की कृपा से ये सभी सिद्धियां प्राप्त की थीं। इनकी कृपा से ही महादेव का आधा शरीर देवी का हुआ था और वह अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। इनकी साधना से सभी मनोकामनाएं की पूरी हो जाती हैं।

## -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,17,590/ |
| 22 कैरेट | = | 1,07,800/ |
| 18 कैरेट | = | 88,230/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,51,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### सट्टेबाजी ऐप : ईडी के सामने पेश हुईं अभिनेत्री उर्वशी रौतेला

**नयी दिल्ली।** अभिनेत्री और मॉडल उर्वशी रौतेला मंगलवार को '1एक्स बीईटी' नामक एक ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग प्लेटफॉर्म से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुईं। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। उर्वशी रौतेला (31) इस प्लेटफॉर्म की भारत में एंबेसडर है, जो कैरेबियाई द्वीप कुराकाओ में पंजीकृत है। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उसका बयान दर्ज करना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ सप्ताह में ईडी ने इस जांच के तहत युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन जैसे क्रिकेटरों के अलावा अभिनेता सोनू सूद, मिमी चक्रवर्ती (पूर्व टीएमसी सांसद) और अंकुश हाजरा (बंगाली सिनेमा कलाकार) से भी पूछताछ की है।

### 85 करोड़ की धोखाधड़ी के तार जोधपुर से जुड़े

**जोधपुर।** रियल एस्टेट कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स के पूर्व डायरेक्टर को तेरह दिन की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद मंगलवार को जेल भेज दिया गया, जबकि मामले में सह आरोपित बेटा साहिल लोढ़ा की तलाश में छापेमारी की जा रही है। साहिल के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। जांच में जोधपुर कनेक्शन सामने आने के बाद पुलिस अब राजस्थान में उनकी चल-अचल संपत्तियों की जांच करेगी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने पूर्व डायरेक्टर राजेंद्र लोढ़ा को 85 करोड़ रुपये के आरोप में 17 सितंबर को मुंबई के वर्ली स्थित घर से गिरफ्तार किया था।

### भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह की भाजपा में वापसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 में शाहाबाद क्षेत्र (भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास) में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का खेल बिगाड़ने वाले भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह की भारतीय जनता पार्टी में वापसी हो गई है। इसकी जानकारी बिहार के पार्टी प्रभारी विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया पर दी। हालांकि, पवन सिंह का अबतक कोई बयान नहीं आया है।

### थर्मल प्लांट का 30 फीट ऊंचा स्लैब गिरा, नौ मजदूरों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई में मंगलवार शाम एननोर थर्मल पावर प्लांट की कंस्ट्रक्शन साइट में 30 फीट की ऊंचाई से लोहे का स्लैब का हिस्सा गिरा। इसके नीचे दबने से 9 मजदूरों की मौत हो गई। 1 घायल है। पुलिस के मुताबिक, यहां लोहे का ऊंचा स्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा था, जिसका कुछ हिस्सा नीचे खड़े मजदूरों पर गिरा है। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। स्लैब किस कारण ढहा इसकी जांच की जा रही है। वहीं, पीएम मोदी ने प्लांट हादसे पर दुख जताया। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की सहायता दी जाएगी।

# तीनों सेनाओं के सहयोग से ही चुनौतियों से निपटेगा भारत

▸ रक्षा मंत्री ने तीनों सेनाओं के सेमिनार को किया संबोधित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि मां दुर्गा इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण हैं कि जब चुनौतियां बड़ी और असाधारण होती हैं, तो एकीकृत शक्ति अजेय हो जाती है। हमारी तीनों सेनाएं ऑपरेशनल तत्परता की दिशा में काम कर रही है, लेकिन हमारा अगला कदम अखिल भारतीय स्तर पर तीनों सेनाओं के लॉजिस्टिक्स एकीकरण पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हमारी तीनों सेनाएं एक साथ आएंगी और एक साथ बढ़ेंगी, तभी हम चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर पाएंगे।

नई दिल्ली में आज तीनों सेनाओं के सेमिनार को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सेनाएं न सिर्फ दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेना में गिनी जाती हैं, बल्कि उनके मूल्य और उनका दृष्टिकोण भी पूरी दुनिया में कायम हैं। हमारी हर सेना की अपनी गौरवशाली परंपरा रही है, अपनी पहचान रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक उदाहरण है कि जब हमारी सेनाएं एक साथ काम करती हैं, तो यह ताकत को कई गुना बढ़ा देती हैं और जीत सुनिश्चित करती हैं। ?हम दूसरे देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख सकते हैं, लेकिन प्रत्येक देश की अपनी विशिष्ट परिस्थितियां होती हैं। हम एक ऐसी प्रणाली बना सकते हैं, जो आधुनिक, सक्षम और हर सेवा के लिए उपयोगी हो। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने अपनी हवाई रक्षा में संयुक्तता का जबरदस्त प्रदर्शन किया, जो निर्णायक साबित हुआ। भारतीय वायु सेना की एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली को भारतीय सेना के आकाश तीर और भारतीय नौसेना के त्रिगुण के साथ सहजता से एकीकृत करना ही इस ऑपरेशन की कामयाबी का मूल आधार था।



## परमाणु हथियारों के जैविक खतरों के लिए रहें तैयार



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को भविष्य के लिए परमाणु हथियारों से होने वाले जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के डेटा केंद्रित युद्ध के युग में सूचना तक पहुंच दुश्मन को या तो हम पर बढ़त दिला सकती है या उसे कुछ हद तक बढ़त दिला सकती है। हालांकि, डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए। दिल्ली कैंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) के 100वें स्थापना दिवस पर वैज्ञानिक सत्र को संबोधित करते हुए सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत परमाणु ब्लैकमेल से नहीं डरेगा। हालांकि, हमारी ओर से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना बहुत कम है, फिर भी इसे हमारी सुरक्षा में शामिल करना समझदारी होगी। रेडियोलॉजिकल प्रदूषण के लिए अलग प्रोटोकॉल की आवश्यकता होती है और यह हमारे प्रशिक्षण का हिस्सा होना चाहिए।

## पश्चिमी यूपी में आज से होगी धान खरीद, साढ़े 23 हजार किसानों ने कराया पंजीकरण

**लखनऊ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पहली अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में धान खरीद प्रारम्भ होगी। पहली नवम्बर से पूर्वी उत्तर प्रदेश और लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में खरीद होगी। मंगलवार (30 सितम्बर) सुबह 11 बजे तक साढ़े 23 हजार से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। पश्चिमी यूपी में 31 जनवरी और पूर्वी यूपी में 28 फरवरी 2026 तक धान खरीद होगी। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (कॉमन) 2369 और (ग्रेड ए) का 2389 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। योगी सरकार ने 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान का निर्देश दिया है। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम पांच बजे तक खुले रहेंगे। बिक्री के लिए किसानों का पंजीकृत होना अनिवार्य है। किसानों को खाद्य व रसद विभाग की वेबसाइट fcs.up.gov.in या मोबाइल ऐप KISAN MITRA पर पंजीकरण कराना होगा। किसान किसी भी सहायता या जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 नंबर पर कॉल या जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी व ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से भी सम्पर्क साध सकते हैं।

# यूपी के चार जिलों में दंगा भड़काने की साजिश, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी एटीएस ने देश विरोधी साजिश रचने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड मोहम्मद रजा को केरल के मल्लपुरम से गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले कानपुर, रामपुर, सोनभद्र और सुल्तानपुर से चार आरोपी दबोचे गए थे, जो प्रदेश में मुजाहिद आर्मी बना रहे थे। पांचों आरोपी अपने-अपने जिलों में दंगे भड़काने की साजिश रच रहे थे। यह सभी कट्टरपंथी पाकिस्तानी संगठनों से प्रभावित थे।

देश में जिहाद करके हथियारों के बल पर शरिया कानून लागू करने की योजना बना रहे थे। इनके टारगेट पर गैर मुस्लिम धर्म गुरु (हिंदू) थे। जिनकी ये टारगेट किलिंग करने की योजना बना रहे थे। एटीएस अब जानकारी जुटा रही है कि आखिर इनके टारगेट पर कौन धर्म गुरु थे? सोमवार को गिरफ्तार चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। जबकि मास्टर माइंड रजा को ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाया जा रहा है। एटीएस ने रजा को नियमानुसार ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाने की पुष्टि की है। यहां उसे विशेष न्यायालय में पेश किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि उसके नेटवर्क और बाकी साथियों की जानकारी जुटाने के लिए गहन जांच जारी है। एटीएस के डिप्टी एसपी शैलेंद्र सिंह ने बताया कानपुर के सुजातगंज से मोहम्मद तौसीफ, सुल्तानपुर से अकमल रजा, सोनभद्र से सफील सलमानी उर्फ अली रजवी और रामपुर के कासिम अली को अरेस्ट किया था।

## तीन आईएएस अफसरों का प्रमोशन, बने अपर मुख्य सचिव




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** तीन सीनियर आईएएस अफसरों को प्रमोशन मिल गया है। अब वे प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव कहलायेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश में 3 प्रमुख सचिव प्रोन्नति के बाद बने एसीएस बनाये गये हैं। 1994 बैच के 3 आईएएस अफसरों को अपर मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत मिली है। जिन अधिकारियों को प्रमोट किया गया है, उनमें क्रमशः प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष, प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास और डीजी राष्ट्रीय पोषण मिशन लीना जौहरी और पार्थसारथी सेन शर्मा -प्रमुख सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा हैं।

# जेल से रिहा हुए पूर्व विधायक इरफान सोलंकी

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** यूपी की राजनीति से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सीसामऊ सीट से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को 33 महीने बाद आज महराजगंज जेल से रिहाई मिलने जा रही है। हाईकोर्ट से गैंगस्टर एक्ट में जमानत मिलने के बाद उनकी रिहाई का रास्ता साफ हुआ।

इससे पहले उन पर लगे अन्य मामलों में उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी थी। समृद्धि संवाददाता के अनुसार, इरफान सोलंकी को कई संगीन आरोपों के चलते वर्ष 2022 में गिरफ्तार किया गया था। उनके खिलाफ आगजनी, जमीन कब्जा, रंगदारी व फर्जी दस्तावेज तैयार करने जैसे गंभीर आरोप दर्ज थे। कानपुर में उनके खिलाफ माहौल बनने के बाद उन्हें दिसंबर 2022 में महराजगंज जेल शिफ्ट कर दिया गया था। हालांकि, इन सभी आरोपों में कोर्ट से उन्हें अलग-अलग समय पर जमानत मिलती गई, लेकिन गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में जमानत न मिलने के कारण वे जेल से बाहर नहीं आ पाए। अब जब हाईकोर्ट ने इस मामले में भी राहत दे दी है, तो सभी कानूनी अड़चनें दूर हो गई हैं और इरफान की जेल से रिहाई सुनिश्चित हो चुकी है।



### समर्थकों में दिखा उत्साह

इरफान सोलंकी की रिहाई की खबर मिलते ही कानपुर की राजनीति में हलचल मच गई है। उनकी गैरमौजूदगी में उनकी पत्नी ने राजनीतिक विरासत को संभालते हुए सीसामऊ से विधायक पद की जिम्मेदारी निभाई। अब जब इरफान जेल से बाहर आ रहे हैं, तो इलाके में सियासी समीकरणों के बदलने की अटकलें लगाई जा रही हैं। समर्थकों में उनकी वापसी को लेकर जश्न जैसा माहौल है। कई कार्यकर्ता महराजगंज जेल के बाहर पहुंच चुके हैं और बड़ी संख्या में लोग स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। विधायक नसीम सोलंकी ने बताया कि पूर्व विधायक के कपड़े जेल के अंदर भेजे गए हैं। सोलंकी को लेने उनकी पत्नी और विधायक नसीमा सोलंकी पहुंचे।

## हनुमानगढ़ी के प्रसाद में मिलावट, दो नमूने फेल

**अयोध्या।** भगवान राम की नगरी अयोध्या के प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी के प्रसाद में मिलावट पाई गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जांच में यह खुलासा हुआ कि हनुमानगढ़ी में हनुमंत लला को चढ़ाए जाने वाले बेसन के लड्डू और देसी घी शुद्ध नहीं हैं। विभाग द्वारा लिए गए तीन नमूनों में दो फेल हो गए। हनुमानगढ़ी में परंपरागत रूप से बजरंगबली को बेसन के लड्डू अर्पित किए जाते हैं। हनुमानगढ़ी की सागरिया पट्टी के उत्तराधिकारी महंत संजय दास ने प्रसाद विक्रेताओं को चेतावनी दी थी कि लड्डू केवल उच्च क्वालिटी के बेसन और देसी घी से तैयार किए जाएं। लड्डू का रेट भी 450 से 500 रुपये प्रति किलो तय किया गया था। बावजूद इसके जांच में मिलावट सामने आना चिंताजनक है।

# मौलाना तौकीर के करीबी का हमसफर बरात घर सील, चार्जिंग स्टेशन पर चला बुलडोजर

समृद्धि न्यूज



**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में जुमे की नमाज के बाद हिंसा करने वालों पर पुलिस और जिला प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को बरेली विकास प्रधिकरण (बीडीए), नगर निगम और जिला प्रशासन की टीमों ने मौलाना तौकीर रजा के करीबी का बारात घर सील कर दिया है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि बीडीए टीम ने शाहजहांपुर रोड स्थित नरियावल में बने हमसफर बरात घर को सील कर दिया। यह बरात घर मौलाना तौकीर रजा के करीबी सूफी टोला निवासी शराफत का है। अधिकारियों ने बताया कि भवन का निर्माण बिना अनुमति और मानकों के उल्लंघन में किया गया था। नोटिस चस्पा कर बरात घर को सील किया गया है।

इधर, नगर निगम की टीम ने प्रेम नगर क्षेत्र के रजा चौक सुर्खा बानखाना स्थित अवैध चार्जिंग स्टेशन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। यह चार्जिंग स्टेशन चोरी की बिजली से संचालित हो रहा था और सपा पार्षद ऊमान रजा से जुड़ा था। बीडीए ने ऊमान रजा की कोहड़ा पीर इलाके स्थित सेनेटरी की दुकान पर भी ताला जड़ दिया, क्योंकि यह भी बिना अनुमति चल रही थी।

## लद्दाख हिंसा की न्यायिक जांच हो : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लद्दाख हिंसा में मारे गए फौजी त्सेवांग थरचिन के पिता के दर्द को बयां करते हुए केंद्र सरकार से मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि लद्दाख में जिस तरह एक देशभक्त फौजी की जान ली गई, वह न केवल दुखद है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी हमला है।राहुल गांधी ने मंगलवार को त्सेवांग थरचिन के पिता का एक वीडियो एक्स पर साझा करते हुए कहा कि पिता फौजी, बेटा भी फौजी, जिनके खून में देशभक्ति बसी है। फिर भी देश के वीर बेटे की गोली मारकर जान ले ली गयी।

# सांख्यिकीय सेवा परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) और भारतीय सांख्यिकीय सेवा (आईएसएस) परीक्षा-2025 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग द्वारा 20 से 22 जून, 2025 के बीच आयोजित लिखित परीक्षा और सितम्बर, 2025 में संपन्न साक्षात्कार (व्यक्तित्व परीक्षण) के आधार पर यह परिणाम जारी किया गया है।

सरकार द्वारा सूचित कुल रिक्तियों में भारतीय आर्थिक सेवा के लिए 12 पद और भारतीय सांख्यिकीय सेवा के लिए 35 पद शामिल थे। आईईएस में सामान्य वर्ग के 5, ईडब्ल्यूएस का 1, ओबीसी के 4 और अनुसूचित जाति के 2 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। वहीं, आईएसएस में 24 सामान्य, 2 ईडब्ल्यूएस, 8 ओबीसी और 1 एससी उम्मीदवारों को नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया। इनमें विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांग उम्मीदवार भी शामिल हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्तियां प्रचलित नियमों और उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार की जाएंगी। साथ ही, कुछ उम्मीदवारों का परिणाम प्रावधिक रखा गया है। इनके मूल दस्तावेज़ सत्यापन होने तक नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए जाएंगे। प्रावधिकता की अवधि तीन माह तक मान्य रहेगी। यूपीएससी ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए अपने परिसर में फैसिलिटेशन काउंटर स्थापित किया है, जहां कार्यदिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upsc.gov.in पर उपलब्ध है और चयनित उम्मीदवारों के अंक 15 दिनों के भीतर वेबसाइट पर जारी कर दिए जाएंगे।




## बिहार में एसआईआर की फाइनल लिस्ट जारी

**पटना।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद शनिवार को निर्वाचन आयोग ने बिहार की सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं की सूची जारी कर दी। अंतिम मतदाता सूची में राज्य के सात करोड़ 41 लाख 92 हजार 357 योग्य मतदाताओं के नाम सम्मिलित हैं। अंतिम सूची में पहली बार 18-19 वर्ष के नए 14 लाख एक हजार 150 मतदाताओं के नाम सम्मिलित किए गए हैं। आयोग द्वारा बताया गया है कि 24 जून को एसआइआर के समय से लेकर अंतिम मतदाता सूची तक कुल 69 लाख 30 हजार 817 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए।

# बांके बिहारी मंदिर में दर्शन का समय बढ़ा, गोस्वामी समाज ने जताया विरोध

समृद्धि न्यूज

**वृंदावन।** श्रीकृष्ण की नगरी वृंदावन स्थित विश्वप्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर एक बार फिर विवादों में है। दर्शन समय बढ़ाने को लेकर जहां प्रशासनिक स्तर पर निर्णय लिया गया, वहीं मंदिर से जुड़े गोस्वामी समाज के कुछ सदस्यों ने इस फैसले का विरोध किया है।

मामला उस समय और गहराया जब गोस्वामी समाज के एक प्रमुख सेवायत ने आरोप लगाया कि उन पर मानसिक दबाव बनाकर जबरन सहमति ली गई। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी गठित की गई थी। इस कमेटी की अब तक पांच बैठकें हो चुकी हैं। चौथी बैठक में यह प्रस्ताव पारित हुआ था कि दर्शन का समय बढ़ाया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को अधिक समय मिल सके और भीड़ का प्रबंधन बेहतर हो सके।


पांचवीं बैठक, जो लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन, वृंदावन में आयोजित की गई, उसमें दर्शन समय में परिवर्तन को अंतिम रूप दिया गया। 30 सितंबर से नई व्यवस्था लागू हो गई, जिसके अनुसार अब मंदिर में दर्शन का समय पहले से अधिक होगा।

# खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन किए आमंत्रित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मंगलवार को इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिये आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी और 28 अक्टूबर को आवेदन करने की आखिरी तारीख है। खेलों में उत्कृष्टता के लिये राष्ट्रपति हर साल ये पुरस्कार देती हैं लेकिन राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह की तारीख अभी तक नहीं आई है।

डोपिंग उल्लंघन के मामलों में सजा पा चुके खिलाड़ी तभी पुरस्कार के पात्र होंगे जब सजा की अवधि खत्म हो चुकी हो। मंत्रालय ने कहा, ''निलंबन या सजा के दौरान की उपलब्धियां नहीं गिनी जायेंगी। जिस खिलाड़ी के खिलाफजांच चल रही है या लंबित है, उसे भी पुरस्कार के योग्य नहीं माना जायेगा।' भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त सचिव (खेल), निदेशक या उप सचिव (खेल) और खेल विभाग और कार्यकारी निदेशक (टीमें) या निदेशक (टीमें) आवेदन की छंटनी करेंगे। मंत्रालय ने कहा, ''खिलाड़ियों के आवेदन और राष्ट्रीय खेल महासंघों और साइ की रिपोर्ट समिति के सामने रखी जायेंगी। सर्तकता, अनुशासन और डोपिंग के पहलुओं से वैध आवेदनों को ही चयन समिति के सामने रखा जायेगा।'' मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के तहत 25 लाख रूपये नकद, एक पदक और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।




**मुलाकात**

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने नई दिल्ली में गृह मंत्री से की भेंट

# बाढ़ प्रभावितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार पंजाब के बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को नई दिल्ली में गृह मंत्री से भेंट कर राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी दी और राहत एवं पुनर्वास के लिए अतिरिक्त धनराशि की मांग की।अमित शाह से मुलाकात के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अब तक 13,800 करोड़ रुपये का नुकसान दर्ज किया गया है, लेकिन यह बढ़कर 20,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। हर संकट में पंजाब देश के साथ खड़ा रहा है, अब जब पंजाब पर संकट है, तो देश को भी पंजाब के साथ खड़ा होना चाहिए। गृह मंत्रालय के अनुसार बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) में पंजाब के पास 12,589.59 करोड़ रुपये की पर्याप्त राशि उपलब्ध है, जिसे प्रभावित लोगों की तात्कालिक सहायता एवं पुनर्स्थापना कार्यों में प्रयोग किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने हाल ही में आई बाढ़ के दौरान खोज, बचाव और पुनर्स्थापना कार्यों में सभी केंद्रीय एजेंसियों से हरसंभव सहयोग दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 सितंबर को स्वयं पंजाब पहुंचे थे और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया था। प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 1,600 करोड़ रुपये की सहायता राशि में से 805 करोड़ रुपये (जिसमें 170 करोड़ रुपये एनएचएआई द्वारा स्वीकृत हैं) पहले ही राज्य सरकार और लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत जारी किए जा चुके हैं। शेष राशि राज्य सरकार से आवश्यक विवरण प्राप्त होने पर जारी की जाएगी। इसके अलावा, एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल (आईएमसीटी) का गठन 1 सितंबर को ही कर दिया गया था, बिना राज्य का ज्ञापन प्राप्त किए। इस दल ने 3 से 6 सितम्बर तक राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान का प्रत्यक्ष आकलन किया। हालांकि, राज्य सरकार की ओर से विस्तृत ज्ञापन अभी तक प्रस्तुत नहीं किया गया है। ज्ञापन प्राप्त होने पर केंद्र सरकार इसे स्वीकृत मानकों के तहत विचारार्थ लेगी।



## खबरें एक नजर में

### हाईवे किनारे खड़े डंपर में पीछे से घुसा डंपर, खलासी की मौत



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** चंदपुरवा गेट के पास सोमवार की रात हाईवे पर खड़े डंपर में पीछे से आ रहा तेज रफ्तार डंपर घुस कर पलट गया। इससे केबिन में फंसकर खलासी की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से मृतक को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोमवार की रात हाईवे पर चंदपुरवा गेट के पास एक डंपर टायर पंचर होने पर किनारे खड़ा हो गया था। पीछे से गिट्टी लाद कर आ रहा तेज रफ्तार डंपर इस खड़े डंपर से टकराकर पलट गया। केबिन क्षतिग्रस्त होने से खलासी राकेश वर्मा (25) निवासी नारायच कोतवाली मौदहा की फंसकर मौत हो गई। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से खलासी को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि शव को खड़े डंपर में पीछे से आ रहे डंपर के टकराकर पलट जाने से घटना हुई है।

### कन्या भोज के दौरान माइक में उतरे करंट से कमेटी कार्यकर्ता की मौत



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम जलाला में कन्या भोज के दौरान साउंड सर्विस मशीन में उतरे करंट की चपेट में आकर कमेटी के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक को सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया ग्राम पंचायत जलाला के देवी पंडाल में मंगलवार को कन्या भोज चल रहा था। सुबह करीब 11:00 बजे कमेटी का सदस्य अमित 23 पुत्र संतराम पाल एनाउंसमेंट के लिए साउण्ड सर्विस मशीन के ऊपर रखे माइक उठाते समय करेंट की चपेट में आकर झुलस गया। कमेटी के सदस्य एवं परिजनों उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दो भाइयों में छोटा था। एक बहन भी है अचानक हुई इस घटना से मां-बाप भाई बहन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

### अवसाद के चलते पूर्व चौकीदार फंदे से झुला, मौत



**भरुआ सुमेरपुर।** पचखुरा बुजुर्ग में मानसिक तनाव के चलते गांव के पूर्व चौकीदार ने घर के अंदर कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब शव उतारने लगी तो परिजन विरोध किया। इस पर थानाध्यक्ष ने समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पचखुरा बुजुर्ग निवासी रामस्वरूप प्रजापति (35) गांव का पुलिस विभाग अधीन चौकीदार था। गांव से बाहर चले जाने पर पुलिस ने दो वर्ष पूर्व इसको चौकीदार के पद से हटाकर दूसरे व्यक्ति को नियुक्त कर दिया था। पत्नी रजनी ने बताया कि जब वह गांव वापस आए और उन्हें पता चला कि चौकीदार पद से हटा दिया गया है, तो वह अवसाद में रहने लगें। बताया कि मंगलवार को दोपहर करीब 1:00 बजे जब घर के लोग अपने कार्यों में व्यस्त थे। तभी कमरे के अंदर छत के कुंडे के सहारे रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जब घर वालों ने देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर जब पुलिस शव को उतारने पहुंची तो परिजनों ने विरोध किया। यह जानकारी मिलने पर थानाध्यक्ष अनूप सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मृतक अपने पीछे मां कमला, पत्नी रजनी, पुत्र शोभित, शांतुन,पुत्री अर्पिता को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### देवी मंदिरों में महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर कन्या भोज किया



**मौदहा हमीरपुर।** नवदुर्गा की अष्टमी को लेकर नगर के देवी मंदिरों में भोर होते ही महिलाएं पूजन अर्चन के लिए पहुंचने लगी यह सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा इसके अलावा मां भक्तों ने मंदिरों में कन्या भोज भी कराया वही नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सजाए गए देवी पंडालों में मां दुर्गा की झांकी देखने के लिए देर रात तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा नवदुर्गा की अष्टमी के चलते नगर के बड़ी देवी मंदिर, ओरी तालाब स्थित छोटी देवी मंदिर, बड़े चौराहा की देवी मंदिर व तहसील रोड समेत नगर के अन्य देवी मंदिरों में पूजन अर्चन करने के लिए सुबह से ही भक्तों का ताँता लग गया। महिलाओं ने खीर, अठवांई व फल आदि से मैया का भोग लगा इसी प्रकार करहिया हरि शरण श्रीराम मिश्रा राजाराम शिव शरण आदि लोगों ने काली देवी मंदिर में प्रत्येक वर्षों की बात इस वर्ष भी विशाल कन्या भोज का आयोजन किया ग्रामीण क्षेत्र के अन्य देवी मंदिरों में कन्या भोजन का आयोजन कर सुख व समृद्धि की कामना की। बड़ी देवी मंदिर में महिलाओं का यह पूजन अर्चन दोपहर बाद तक चलता रहा वही मां भक्तों ने देवी मंदिरों में कन्या भोज का भी आयोजन किया। नगर के रामलीला मैदान, तहसील मार्ग, गुड़ाही बाजार, नेशनल रोड, मथुरा मंदिर मार्ग व अरतरा तिराहा समेत एक दर्जन से अधिक स्थानों में दुर्गा कमेटियों द्वारा अलग-अलग पंडाल लगाकर प्रतिदिन मां दुर्गा की प्रतिमा को भांति भांति प्रकार से नित्य नए रूप देकर बड़े ही मनमोहक अंदाज में सजाने का प्रयास किया। मंगलवार को महागौरी की झांकी देखने के लिए मां भक्तों का देर रात तक देवी पंडालों में आना जाना लगा रहा। झांकियां के चलते नगर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा।

### कैडेट्स ने एनसीसी प्लागिंग रैली निकाली




**बांदा।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आदर्श बजरंग इंटर कालेज, बांदा के एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी प्लागिंग रैली निकाली। इस रैली में कैडेट्स ने रास्ते पर चलते हुए कूड़ा उठाने का कार्य किया और जनमानस को संदेश दिया कि फ्रस्वच्छता ही सेवा हैफ्र। यह रैली आज दिनांक 30 सितंबर 2025 को 60 यूपी एनसीसी बटालियन फतेहपुर के प्रभारी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल योगेंद्र चिनवाल के निर्देशन में आयोजित हुई। रैली का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व चीफ ऑफिसर मंगल प्रसाद, लेफ्टिनेंट राम प्रसाद और एनसीसी ऑफिसर कमलेश कुमार सहित 102 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। रैली में कैडेट्स ने जगह-जगह कूड़ा एकत्र कर स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों से सफाई अभियान में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स ने यह स्पष्ट किया कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### कृषि मंत्री ने की खाद वितरण की गहन समीक्षा



**बांदा।** सूर्य प्रताप शाही कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सर्किट हाउस बांदा में जिलाधिकारी की उपस्थिति में उप कृषि निदेशक बांदा एवं जिला कृषि अधिकारी बांदा की विभिन्न योजनाओं जैसे दलहन एवं तिलहन मिनी किट ,एग्री स्टैग, कृषि यंत्रीकरण, डिजिटल क्राप सर्वे एवं खाद वितरण की गहन समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उप कृषि निदेशक बांदा एवं जिला कृषि अधिकारी बांदा द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में उर्वरकों की कमी नहीं है। जिसके क्रम में डीएपी की एक रैक जल्द ही जनपद को उपलब्ध हो जाएगी, जिसका वितरण वितरण केन्द्रों के माध्यम से जनपद के कृषकों को उपलब्ध कराई जाएगी जिसके क्रम में माननीय मंत्री जी द्वारा पीसीएफ के अधिकारियों को निर्देशित किया की स्टॉक में रखी हुई खाद को जल्द ही उर्वरक वितरण केन्द्रों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जनपद में उर्वरक की कमी किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए।

### तेज रफ्तार बाइक ने वृद्ध को मारी टक्कर, मौके पर मौत



**चिल्ला/बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव से 1 किलोमीटर तिंदवारी रोड पर स्थित बारे यादव का पुरवा घर से पैदल भैंस चराने के लिए पहुंचे तभी तिंदवारी की ओर से हीरो होंडा मोटरसाइकिल में सवार तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई घटना की सूचना पाते ही मौके पर उप जिलाधिकारी सदर नमन मेहता, तहसीलदार विकास पांडे, तथा सीओ सदर राजवीर ने मौके पर पहुंचकर उपस्थित भीड़ को समझाया बुझाया और कहा कि मृतक को कृषि बीमा के आधार पर 5 लाख का अनुदान दिया जाएगा तथा घटना को अंजाम देने वाले बाइक सवार के विरुद्ध थाने में मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा बता दे कि मृतक के चार बेटे क्रमशः राममिलन, पंकज, अनूप , तथा अनुज है मृतक के नाम 85 बीघे जमीन है इस घटना से मृतक की पत्नी गेनिया तथा बेटों का रो-रो कर बुरा हाल है। तहसीलदार सदर विकास पांडे तथा एसडीएम नमन मेहता ने बताया कि दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी तथा मृतक रामराज द्विवेदी को कृषक दुर्घटना बीमा का रु.500000 दिलाया जाएगा। चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव निवासी 55 वर्षीय रामराज द्विवेदी जो घर से रोज की तरह भैंस को लेकर पैदल चलकर तिंदवारी रोड के बाले यादव के पुरवा के पास पहुंचे ही थे की तभी तिंदवारी की ओर से तेज रफ्तार बाइक सवार लापरवाही से हीरो होंडा मोटरसाइकिल चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की बैठक की

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




कलेक्ट्रेट डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में राज्य मंत्री जलशक्ति एवं प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत तथा विधायक राठ मनीषा अनुरागी की उपस्थिति में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था तथा लोगों की समस्याओं के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ बैठक की गयी बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण, सीएम डैशबोर्ड पर विभागो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, विद्युत आपूर्ति, सड़कों की गड्ढामुक्ति, स्वास्थ्य व्यवस्था, कानून व्यवस्था, मिशन शक्ति, गौशालाओ की स्थिति आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गयी। इस अवसर पर उन्होने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के सभी उर्वरक वितरण केन्द्रों पर खाद की उपलब्धता रहे और प्रत्येक किसान को जरूरत के मुताविक खाद उपलब्ध करायी जाए। रोस्टर के मुताबिक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए।विशेष कर सिंचाई के ट्यूबवेल एवं पंप कैनाल पर विद्युत सप्लाई में कोई बाधा न पड़े। उन्होंने कहा कि जनपद के प्रत्येक गांव को सड़क से अनिवार्य रूप से जोड़ दिया जाए। किसानों को वन गायों की समस्याओं से निजात दिलाई जाए।जनपद की चिकित्सा व्यवस्था में आवश्यक सुधार किए जाए।सरकारी डॉक्टर्स जो बाहर प्रैक्टिस करते हैं, चिन्हित कर उन पर कार्यवाही की जाए। स्वास्थ्य विभाग सीजनल बीमारियों के प्रति सचेत रहे। गौशालाओं में गौवंश का रख रखाव बेहतर ढंग से किया जाए। कोई भी गौवंश खुले में या छुट्टा न दिखें। जनपद की कानून व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाए। मिशन शक्ति अभियान के जरिए सभी कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को जागरूक किया जाए। जरूरतमंद व पात्र लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उनका ज्यादा से ज्यादा हित किया जाए इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा जनपद की विशेष उपलब्धियों तथा पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा द्वारा जिले की कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में अवगत कराया गया बैठक में नगरपालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक एम के गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर पैगाम हैदर, एसडीएम सदर केडी शर्मा सहित जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

## 35 महादानियों ने रक्तदान कर पूर्व चेयरमैन को दी श्रद्धांजलि



**भरुआ सुमेरपुर।** जेके सीमेंट के पूर्व चेयरमैन स्व.यदुपति सिंघानिया के 72वें जयंती सप्ताह अवसर पर इंगोहटा के पास स्थित फैक्टरी में रक्त दान शिविर में 35 महादानियों ने रक्तदान किया। शिविर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक टीम के सहयोग से किया गया। इसमें फैक्टरी के अधिकारी,कर्मचारी एवं श्रमिकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ फैक्टरी के यूनिट हेड पंकज त्रिवेदी ने किया। उन्होंने कहा कि एक यूनिट ब्लड चार लोगों की जान बचाता है। यह सबसे बड़ा दान है। पूर्व चेयरमैन की जयंती पर आयोजित शिविर में फैक्टरी के कर्मियों एवं अधिकारियों ने बढ़चढ़ के हिस्सा लेकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। शिविर में जिला अस्पताल के डॉ.अलिंक्रिता गुप्ता, वीरेंद्र यादव, डॉ.एलआर सचान, फैक्टरी के सभी विभाग प्रमुख मौजूद रहे।

## मिशन शक्तिः कम्पोजिट विद्यालय सिलौली में छात्रा बनीं एक दिन की प्रिंसिपल, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की सुनी समस्याएं

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के तहत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिलौली मौदहा में श्रेया कक्षा 7 की छात्रा को एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। सोमवार को विद्यालय के कामकाज की जिम्मेदारी सौंपी गई। मिशन शक्ति एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका उद्देश्य महिला सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को विभिन्न सरकारी संस्थानों में आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि वे नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभा सकें। इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामलखन सोनी ने अपनी कुर्सी श्रेया को सौंपकर उन्हें एक दिन के लिए विद्यालय की समस्त जिम्मेदारी दी। प्रधानाध्यापिका श्रेया द्वारा कक्षाओं का अवलोकन किया गया एवं विभिन्न सुझाव दिये गए। सुझाव में सफाईकर्मी द्वारा नियमित सफाई, महिलाओं के लिए अलग शौचालय एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया गया। बालिकाओं ने सांस्कृतिक परिस्थितियों और चर्चाओं के जरिए शिक्षा, आत्मरक्षा, स्वच्छता और समानता जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाई। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति से संबंधित पोस्टर बनवाए गए, स्लोगन लिखे गए, कन्या भोज में खीर, पूड़ी और सब्जी खिलाई गई, उनका तिलक भी किया गया एवं फल में केले वितरित किए गए। इस अवसर पर सहायक अध्यापक हरिमोहन गुप्ता ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे देश की राष्ट्रपति और राज्यपाल महिलाएं हैं उन्होंने कहा कि बेटियां आज अंतरिक्ष तक की सैर कर रही हैं और उनकी काबिलियत का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। उन्होंने सभी छात्राओं को पढ़ाई कर नई-नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ प्रधानाध्यापक रामलखन सोनी, हरिशंकर, हरिमोहन गुप्ता, रचना, रश्मि गुप्ता, ममता देवी, राजकुमार गुप्ता, विनोद कुमार एवं रसोइया माता उपस्थित रहीं।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति संवाद व कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित

▸ मिशन शाक्ति अभियान 5 के अंतर्गत जागरुक करने के लिए रैली निकाली, बालिकाओं ने रंगोली प्रतियोगिता में भी भाग लिया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत मंगलवार को राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में नारी शक्ति संवाद एवं कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी घनश्याम मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया इस अवसर पर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। छात्राओं को आत्मरक्षा के उपायों, साइबर अपराध से बचाव और महिला हेल्पलाइन (1090, 181, 112, 1930) की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें कानूनन अधिकारों व योजनाओं से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि किसी भी परिस्थिति में पुलिस सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है।

कार्यक्रम में छात्राओं व शिक्षिकाओं ने भी विचार साझा किए और पुलिस-प्रशासन के प्रयास की सराहना की। अंत में मिशन शक्ति टीम और छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुनील पाठक कुलदीप निषाद चैयरमैन अशोक तिवारी संसाद प्रतिनिधि एडीएम, एएसपी, सीओ सदर एवं मंच का संचालन जालिस ख़ान ने किया।

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल का डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण

▸ सभी तैयारियों को पूर्ण करने के दिए निर्देश



**बांदा।** बुधवार को होने वाले दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन ने तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे. रिभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत केन नदी स्थित विसर्जन स्थल का भौतिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि विसर्जन स्थल पर सभी तैयारियाँ समय से पूर्ण की जाएँ तथा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित हों। साथ ही विसर्जन रूट का भी गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने बिजली के तारों को पर्याप्त ऊँचाई पर करने, सुचारु यातायात हेतु वैरिकेडिंग की व्यवस्था करने और महत्वपूर्ण स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। प्रशासन का कहना है कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### रोडवेज की नवीन वातानुकूलित बसों को मंत्री ने दिखाई हरी झण्डी

**बांदा।** मंगलवार को रोडवेज बस स्टैंड बांदा से जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने नवीन वातानुकूलित बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन नई बसों के संचालन से जनपद में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा। इनमें से दो बसें बांदा से कानपुर के लिए तथा एक बस बांदा से अयोध्या के लिए संचालित की जाएंगी। अयोध्या धाम के लिए बस सुबह 8 बजे बांदा से रवाना होकर चित्रकूट, कर्वी, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़ और सुल्तानपुर



▸ दो बसें बांदा से कानपुर तो एक बस बांदा से अयोध्या के लिए संचालित होगी

होते हुए शाम 7.30 बजे अयोध्या धाम पहुंचेगी। वापसी में यह बस रात 8.30 बजे अयोध्या धाम से चलकर सुबह 10 बजे बांदा लौटेगी। किराया दरें भी निर्धारित की गई हैं। बांदा से अयोध्या धाम का किराया 600 प्रति यात्री, बांदा से प्रयागराज का 320 प्रति यात्री तथा बांदा से कानपुर का किराया 224 प्रति यात्री तय किया गया है। बांदा से कानपुर जाने वाली पहली बस सुबह 7.30 बजे प्रस्थान कर 11 बजे तक कानपुर पहुंचेगी। दूसरी बस शाम 4.30 बजे चलेगी और रात 8.30 बजे तक कानपुर पहुंचेगी। इन वातानुकूलित बसों के संचालन से यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी और जनपद की परिवहन व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

**नवरात्र महोत्सव के आठवां दिन**

## नवयुवक बजरंग दल बाल समिति के देवी प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**बांदा।** नवरात्र के आठवें दिन नवयुवक बजरंग दल बाल समिति मवई बुजुर्ग गांव मातारानी के प्रांगण पर सांस्कृतिक कार्यक्रम छोटी-छोटी बच्चियों के द्वारा देवी गीतों पर नृत्य,व दहेज प्रथा नाटकीय रूप का लोगों के सामने कलाकारों ने रखा जिसमे दहेज प्रथा नाटक ने लोगों को मनमोहा दूर दराज से चलकर आये हजारों की संख्या में महिलाएं, युवतियां पुरुष कार्यक्रम देखने पहुंचे और इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाते रहे। हर वर्ष इस तरह का आयोजन किया जाता है जिससे मां शेरावाली के प्रांगण पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में पुलिस व्यवस्था का सहयोग भी प्राप्त रहा इस मौके पर पुरूषोत्तम कुमार, पूरन राय , सत्यम प्रजापति, रामबाबू, इशू प्रजापति, उदयभान, अज्जू, महेश शिवराम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विसर्जन के एक दिन पूर्व केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने शहर का किया स्थलीय निरीक्षण

▸ आज केन नदी में होगा शहर में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को देखते हुए बाँदा केंद्रीय पूजा महोत्सव समिति ने शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए केन नदी विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। समिति के वरिष्ठ संरक्षक राजकुमार शिवहरे एवं अध्यक्ष अमित सेठ भोलू ,महामंत्री/भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अगुवाई में समिति के संरक्षक गण एवं पदाधिकारियों ने शहर से देवी प्रतिमाओं के निकलने वाले मार्गो का भ्रमण किया कुछ जगह सड़कों में गड्ढा होने पर ईओ नगर पालिका व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू से गड्ढों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए। इसके बाद केंन नदी विसर्जन घाट में चल रहे घाट दुरुस्तीकरण कार्य व पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए मशीनों से पानी भराव को पर्याप्त मात्रा में पानी भराने के निर्देश दिए जिससे मूर्तीयों को ठीक ढंग से विसर्जित किया जा सके। बरसात देखते हुए पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि से मौरम के ऊपर लोहे की चद्दर डलवाने को कहा गया, देखा गया कि मूर्तीयों के विसर्जन को घाट तक जाने व विसर्जन के बाद वापस अ के लिए अलग अलग घाटों की व्यवस्था की गई है जिस एक जगह भीड़ एकत्र न हो सके। इसी प्रकार प्रतिनिधि बताया कि रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। निरीक्ष के पूर्व समिति की एक बैठक कार्यालय आयोजित की गई। कार्यक्रम में संरक्षक श्री राजकुमार शिवहरे, महामंत्री कल्लू राजपूत, संरक्षक प्रभाकर सिंह चंदेल, प्रकाश साहू,उत्तम सक्सेना, अभिषेक पाण्डेय, लखन राजपूत, गोपाल चन्द्र अवस्थी, दिनेश दीक्षित, मनोज जैन, अंकित बासू, सुनील सक्सेना सहित सभी संरक्षक व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पनवाड़ी महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड विकासखण्ड पनवाड़ी में प्रथम वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**





पनवाड़ी विकासखंड के ब्लॉक सभागार में सोमवार को महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, पनवाड़ी में प्रथम वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता कंपनी की अध्यक्ष रोशनी, सचिव मोमना एवं कोषाध्यक्ष रंजना ने संयुक्त रूप से की। वार्षिक आम सभा में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिला किसानों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। आम सभा में ब्लॉक मिशन मैनेजर वत्सल कुमार, एडीओ देवकरण कुशवाहा तथा कंपनी के सीईओ वीरेंद्र ने कृषि, खेती-किसानी, खाद-बीज समेत विभिन्न लाभकारी योजनाओं और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर भूपेंद्र चौरसिया, डीएमएम रवि कुमार सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में पनवाड़ी क्षेत्र की कई ग्राम सभाओं–शिलालपुरा, बैंदों, कोटरा, बीहट, सलैया, खालसा, पनवाड़ी, स्योढी आदि गांवों की महिला किसान बड़ी संख्या में शामिल हुईं। सभा के अंतर्गत महिला किसानों को शेयर सर्टिफिकेट वितरित किए गए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को संगठित कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना और कृषि उत्पादन में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

## अंतरजनपदीय जेबकतरा गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



▸ अभियुक्तों के कब्जे से 91 हजार 430 रुपए व जेब काटने में प्रयुक्त सर्जिकल ब्लेड बरामद

जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा जेबकतरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि पहली घटना में गिरवां क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग के रहने वाले शिवकरन पुत्र मुरली की 23 सितंबर 25 को ई-रिक्शा से जाते समय साथ में सवार एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा कालूकुआं ओवर ब्रिज से उसकी जेब काटकर 15 हजार रुपए निकालकर एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग गये । इसी तरह ग्राम सिकरी थाना कमासिन के रहने वाले एलआईसी बीमा अभिकर्ता रामकुमार पुत्र रामआसरे की 26 सितंबर 25 को एलआईसी प्रिमियम की किस्त जमा करने जाते समय नये ओवरब्रिज के पास मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति पास आकर बोले कि दिवान जी को स्टेशन तक छोड़ दो । जब वह व्यक्ति को मोटरसाइकिल पर बैठाकर पंजाब आर्मरी के पास पहुंचे तो पीछे बैठा व्यक्ति उनका जेब काटकर 54 हजार रुपए निकालकर मोटरसाइकिल से कूदकर दोबारा उसी व्यक्ति के मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग गया । 3-जनपद चित्रकूट, कर्वी के रहने वाले राजस्व निरीक्षक सिपाही लाल की 12 सितंबर को ई-रिक्शा से कचहरी से जाते समय कालूकुआं ओवरब्रिज के पास साथ में बैठे अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी जेब काटकर 50 हजार रुपए निकाल लिए। गिरफ्तार अभियुक्तों में शिवा पुत्र कन्नौजीलाल निवासी मेहरुपुर रावी थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद, जितेन्द्र पुत्र पिल्लु निवासी मेहरुपुर रावी थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद व मिथुन पुत्र राम नारायण निवासी मेहरुपुर रावी थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद शामिल हैं।

# उत्तर प्रदेश में अष्टमी के दिन पांच लाख से अधिक बेटियों का कन्या पूजन

## मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से जुड़ी 1,500 से अधिक बालिकाएं, कन्या पूजन समारोहों में शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य पर जोर

**▸ मिशन शक्ति की प्रतिबद्धता को मिली मजबूती**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** नवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को एक नई ऊंचाई प्रदान की है। महिला एवं बाल विकास विभाग के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर को अष्टमी-नवमी तिथियों पर आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

अष्टमी के दिन पूरे प्रदेश में 5 लाख से अधिक कन्याओं का सम्मानजनक पूजन किया गया। साथ ही इन आयोजनों में 1,500 से अधिक बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से जोड़ा भी गया है। मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं का कन्या पूजन धार्मिक परम्परा का निर्वहन भर ही नहीं रह गया है, बल्कि समाज में कन्या जन्म को उत्सव के रूप में स्थापित करने वाली सामाजिक क्रांति का प्रतीक भी बना है। बीते 20 सितम्बर को शुरु हुए मिशन शक्ति 5.0, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को मजबूत करने का व्यापक अभियान बन गया है। कन्या पूजन के माध्यम से योगी सरकार ने समाज को गहरा संदेश भी दिया, जिसके तहत बेटियों को परिवार और समाज की आधारशिला के रूप में बताया गया है

### कन्या सुमंगला योजना के फॉर्म भरवाए गए

अष्टमी के दिन विभिन्न विभागों और संस्थाओं के माध्यम से पूरे प्रदेश में 5 लाख से अधिक कन्याओं का सम्मानजनक पूजन किया गया। इन आयोजनों का मूल उद्देश्य कन्या जन्म को बोझ न मानकर आशीर्वाद के रूप में देखने को प्रेरित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लोकगीतों और संवाद सत्रों के जरिए बालिकाओं को शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विशेष काउंटरों पर कन्या सुमंगला योजना के फॉर्म भरवाए गए, जो मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में बालिकाओं को जन्म से उच्च शिक्षा तक 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करती है। परिवारों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया गया। मिशन शक्ति के तहत बाल विवाह, शिक्षा वंचना और स्वास्थ्य उपेक्षा जैसी कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाया गया, जो नारी सुरक्षा के मूल सिद्धांत को मजबूत करता है।

# मछुआ दुर्घटना बीमा योजना से मत्स्य पालकों व मछुआरों को लाभान्वित कराया जाए : निषाद

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** मत्स्य विकास मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने विभाग के कार्यक्रमों जिसमें केंद्र पुरोनिधानित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं राज्य सेक्टर की योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड पीएमएमकेएसएसवाई, सामुहिक दुर्घटना बीमा की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

मत्स्य विकास मंत्री ने मंगलवार को निदेशालय में समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा वर्ष 20025-26 में जारी वित्तीय स्वीकृत के सापेक्ष शत-प्रतिशत व्यय कराते हुए उपभोग प्रमाण पत्र एवं भारत सरकार से प्राप्त पत्र पर उत्तर भारत सरकार को प्रेषित कर किश्त की वित्तीय स्वीकृति जारी कराया जाय ताकि चयनित परियोजनाएं ससमय पूर्ण हों। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनांतर्गत इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनान्तर्गत मत्स्य मंडी गोरखपुर एक्वापार्क के स्थापना के संबंध भारत सरकार से प्रयास कर स्वीकृत कराया जाए। राज्य सेक्टर की योजनाओं के अंतर्गत प्राविधानित बजट धनराशि के सापेक्ष अतिशीघ्र कार्यवाही पूर्ण कराते हुए निर्गत वित्तीय स्वीकृत धनराशि का व्यय सुनिश्चित कराते हुए परियोजनाएं पूर्ण कराई जाए। मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने हेतु बैंकों को प्रेषित प्रस्ताव के सापेक्ष बैंकों से संपर्क कर उनके स्वीकृति की कार्यवाही करायी जाए।

## खबरें एक नजर में

### पत्नी ने लगाई फांसी, पति ने खाया जहर, आठ माह पहले हुई थी शादी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चिनहट थाना क्षेत्र के बुद्ध विहार इलाके में एक नवदंपती ने आत्महत्या करने की कोशिश की। पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी, तो पति ने भी जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि पति की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज लोहिया अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार, नजमा और शमीम पिछले कुछ समय से बुद्ध विहार में किराए के मकान में रह रहे थे। नजमा अंबेडकरनगर जिले की रहने वाली थी, जबकि शमीम बाराबंकी का निवासी है। वह विभूतिखंड क्षेत्र में दर्जी का काम करता है। दोनों की शादी आठ महीने पहले हुई थी। इंस्पेक्टर चिनहट के मुताबिक, रात करीब 2 बजे सूचना मिली कि महिला ने फांसी लगा ली है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि शव फंदे से उतारा जा चुका था। उसी दौरान यह भी पता चला कि महिला के पति शमीम ने भी जहर खाया है, जिसके बाद उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। महिला का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों से संपर्क किया जा रहा है।

### ट्रक ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मारी, पैर कटकर अलग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में ट्रक ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में वह करीब 50 मीटर तक सड़क पर घिसटता चला गया। उसकी जान तो बच गई, लेकिन एक पैर आधा कटकर अलग हो गया। टक्कर के बाद बाइक ट्रक के नीचे फंस गई और घिसटती चली गई। उसमें आग लग गई। हादसे का वीडियो भी सामने आया है। इसमें पैर कटने के बाद घायल ने उठने की कोशिश की, लेकिन गिर पड़ा। हादसे के बाद राहगीर दौड़कर मौके पर पहुंचे और घायल को सड़क पर लिटाया। सूचना पर पुलिस एम्बुलेंस के साथ पहुंची और उसे गोसाईंगंज अस्पताल भेजा, जहां से पीजीआई ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसा लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर मंगलवार सुबह पूर्वांचल ढाल पर हुआ।

### ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सैनिक परिवार ने की सुसाइड की कोशिश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधनी लखनऊ में मंगलवार दोपहर विधानसभा के सामने अफरा-तफरी का माहौल हो गया। यहां एक युवक सैनिक की वर्दी में अपने परिवार के साथ सुसाइड करने पहुंचा। परिवार के सदस्यों ने हाथों में तख्ती ले रखी थीं, जिन पर लिखा था-सैनिक की जमीन भूमाफिया और पुलिस से बचाओ। हजरतगंज पुलिस परिवार के सदस्यों को हिरासत में लेकर थाने लेकर आई है। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। सैनिक की पहचान पीजीआई के देवी खेड़ा गांव पवन पुरी कॉलोनी के रहने वाले मनोज कुमार के रूप में हुई। वह सेना में हवलदार पद पर कार्यरत है। इस वक्त उसकी तैनाती मशाल सेक्टर कुपवाड़ा एलओसी पर है। सैनिक का दावा है कि वह ऑपरेशन सिंदूर में शामिल रहा था। मनोज मंगलवार को अपनी पत्नी पूजा, मां और चाचा के साथ विधानसभा के सामने आत्महत्या करने पहुंचा। मनोज का कहना है कि उनका पीजीआई इलाके में एक प्लॉट है, जिस पर फतेहपुर में पुलिस विभाग में तैनात एक इंस्पेक्टर भू माफिया की मदद से कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। मनोज ने बताया पुलिस और मुख्यमंत्री पोर्टल पर मामले की शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इससे हताश होकर न्याय पाने के लिए परिवार के साथ सुसाइड करने विधानसभा आया हूं।

### केशव मौर्य ने सिद्धपीठ मां चन्द्रिका देवी के किए दर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नवरात्रि महाअष्मी के पावन अवसर पर मंगलवार को लखनऊ के बख्शी तालाब स्थित माँ चंद्रिका देवी सिद्धपीठ में माता रानी के दिव्य दर्शन एवं पूजन किया ।उन्होने पूजा -अर्चना कर लोक कल्याण की कामना की। श्री मौर्य ने मन्त्रोच्चर के साथ हवन, पूजन किया व मां भगवती से सर्व कल्याण की प्रार्थना की। उप मुख्यमंत्री ने देश व प्रदेशवासियो को महाष्मी, महानवमी सहित दशहरा व दीपावली की अग्रिम शुभकामनायें दी ।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ चंद्रिका देवी की असीम कृपा भक्तों पर बनी रहे, श्रद्धालुओं के जीवन में सुख, व समृद्धि के द्वार हमेशा खुले रहें ।उन्होने माता के चरणो मे शीश झुकाकर प्रार्थना की कि देश का वर्तमान भी अच्छा रहे ,भविष्य भी अच्छा रहे। विकसित भारत व विकसित उत्तर प्रदेश बने। देश की अर्थव्यवस्था का आकार बढ़े। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का पांचवा चरण चल रहा है। नारी शक्ति, राष्ट्र शक्ति है।

### संघ ने महापौर, नगर आयुक्त का जताया आभार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** महापौर द्वारा मृतक आश्रितों को नियुक्ति देने की स्वीकृति प्रदान किये जाने पर नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ ने महापौर के प्रति आभार जताया है। नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ अध्यक्ष आनंद वर्मा ने बताया कि नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ की मांग पर महापौर जनगर निगम लखनऊ के निर्देश पर मृतक आश्रित कमेटी की संस्तुति पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा लम्बित 09 म्रतक आश्रितों की नियुक्ति पर स्वीकृति प्रदान किये जाने पर महापौर , नगर आयुक्त एवं मृतक आश्रित कमेटी का नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ की ओर से बहुत बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

### समाज कल्याण विभाग आज मनायेगा वृद्धजन दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा 1 अक्टूबर को छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन में पूर्वाह्न 10 :30 बजे से औपचारिक कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा वृद्धजनों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सहभागिता पर विशेष व्याख्यान आयोजित होंगे।

**डिप्टी सीएम ने पांच सदस्यीय कमेटी की गठित, तीन अक्टूबर को कमेटी को सौंपनी है जांच रिपोर्ट**

# चिकित्सा महाविद्यालय में महिला की मौत की होगी जांच

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** कुशीनगर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में महिला रोगी की मौत मामले में डिप्टी सीएम ने पांच सदस्यीय कमेटी गठित की है। कमेटी को 3 अक्टूबर को जांच रिपोर्ट प्रेषित करनी है।

कुशीनगर स्थित कसया थाना के पकवाइनार गांव के निवासी ओम प्रकाश की पत्नी सरिता को पेट में दर्द की शिकायत हुई थी। परिजन 25 सितंबर को रोगी को लेकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (सम्बद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय) लेकर गए। यहां डॉक्टरों ने रोगी को भर्ती कर लिया। जरूरी जांचें कराई गई। इलाज के दौरान 27 सितंबर को रोगी की अचानक मौत हो गई। सरिता का पथरी का ऑपरेशन हुआ था। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने उन्हें अस्पताल परिसर में टहलने की सलाह दी। परिजन उन्हें टहलाने के लिए ले जा रहे थे कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। आरोप लगाए कि डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों ने इलाज में लापरवाही बरती है। उनसे अनावश्यक रुपए वसूले गए। भाजपा की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष चंद्रभा पांडे भी मौके पर पहुंची और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की थी। मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा था। इस मामले की शिकायत डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक तक पहुंची थी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है।नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के लगभग 98 हजार कर्मचारियों के वेतन लंबित होने की जानकारी मिलने पर डिप्टी सीएम ने नाराजगी व्यक्त की है। डिप्टी सीएम ने जल्द वेतन भुगतान का निर्देश दिया है। साथ ही वेतन भुगतान में विलंब के कारणों की जांच के भी निर्देश दिए हैं।

### दोषियों के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई

इस कमेटी में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार, एनेस्थेटिस्ट डॉ. अरूण मल्ल, सर्जन डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. सुजीत माथुर व फिजीशियन डॉ. उपेंद्र चौधरी शामिल हैं। जांच समिति को तीन अक्टूबर तक अपनी जांच आख्या प्रस्तुत करनी होगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगी।

### चिकित्सा शिक्षा व परिवार कल्याण विभाग के कर्मियों ने किया प्रमुख सचिव का स्वागत

**लखनऊ ।** चिकित्सा स्वास्थ्य शिक्षा व परिवार कल्याण के पैरामेडिकल सहित कर्मचारियों के संगठन मुख्यतः डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन एक्स रे टेक्नीशियन एसो फिजियोथैरेपिस्ट एसो ईसीजी टेक्नीशियन एसो डेंटल हाइजीनिस्ट एसो बेसिक हेल्थ वर्कर एसो मेडिकल कर्मचारी महासंघ आदि कर्मचारी संगठनों के सुरेश रावत कमल श्रीवास्तव उमेश मिश्रा सुनील यादव अजय पांडेय राम मनोहर कुशवाहा दिलीप कुमार विपिन त्यागी राजीव तिवारी अनिल कुमार चौधरी धनंजय तिवारी, रोहित भारद्वाज आदि ने अमित घोष प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा का हार्दिक अभिनंदन किया और अपनी पीड़ा बतलाया।

# अरुणिमा वेलफेयर फाउंडेशन के कार्यक्रम में शामिल हुईं महापौर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अरुणिमा वेलफेयर फाउंडेशन का शुभारंभ आज एडवोकेट सुमिता तिवारी, भाजपा नेत्री द्वारा बड़े ही उत्साह के साथ इंद्रानगर में आयोजित किया गया। इस पावन मौके पर माता की चौकी भी लगाई गई। जहां विधि विधान से फाउंडेशन का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर फाउंडेशन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी मुकेश शर्मा, अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पंडित एस चंद्र उपाध्यक्ष डॉ.शैलेंद्र शर्मा अटल, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभात कुमार उपाध्याय सहित भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष सीता नेगी, पार्षद पूजा जसवानी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान फाउंडेशन की अध्यक्षा सुमिता तिवारी ने बताया कि अरुणिमा वेलफेयर फाउंडेशन समाज के आखिरी पायदान पर बैठी प्रत्येक बेटी के लिए सुनहरी भोर बनकर उसको शिक्षित करने का कार्य करेगी।

### श्री दुर्गोत्सव में महोत्सव का हुआ आयोजन

**लखनऊ ।** रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन आश्रम, सिकरा, कुलिंगग्राम के ब्रह्मचारी हीमाद्री द्वारा शास्त्रीय परम्परा के अनुसार शहनाई की धुन के साथ शुरू हुई तथा वृंदावन से आए स्वामी प्रतिभानन्द ने चंडी पाठ किया। श्री देवी माँ, दुर्गा, लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती, कार्तिक के साथ-साथ सिंह, चूहा, उल्लू, हंस, मोर आदि वाहन जैसे उनके परिवार के सदस्यों के साथ 83 सदस्यों की शास्त्रों के अनुसार पूजा की गई।कोलकाता से आये असीम कुमार दत्त ने भक्तिगीतों की प्रस्तुति दी। पुष्पांजलि की ऑनलाइन व्यवस्था श्रद्धालुओ के लिये की गयी थी। मुख्य मंदिर में रामकृष्ण की आरती के बाद देवी दुर्गा की संध्या आरती की गई।

# नेता ने अपने रिश्तेदार के नाम करा दी रजिस्ट्री

**▸ नए कमिश्नर विजय विश्वास पंत से फरियादी ने सपा नेता की शिकायत की**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** लखनऊ के नए कमिश्नर विजय विश्वास पंत से फरियादी ने सपा नेता की शिकायत की। उसने बताया कि नेता राज्यसभा सांसद भी रहे थे। उन्होंने अपनी हनक के बूते जिस जमीन का पट्टा हमारे नाम होना था, उसकी रजिस्ट्री ही उन्होंने अपने रिश्तेदार के नाम करा दी। दूसरे फरियादी ने वीसी के सामने ही शिकायत रखी कि यहां के बाबू आपसे फाइल रुकवा देते हैं।

मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के नागरिक सुविधा दिवस में कमिश्नर लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। कार्यक्रम में शहर के लोग अपनी आवास, संपत्ति, नक्शा पासिंग, पंजीकरण, जल निकासी, सड़क, विद्युत आदि की समस्याएं लेकर पहुंचे। यहां भाजपा पार्षद शैलेंद्र वर्मा भी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे।

वह अपने क्षेत्र में अवैध कब्जे से परेशान हैं। ऐशबाग रामनगर से भानुप्रताप जमीन की शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सन 2000 में नजूल नीति आई थी। उसमें हम लोगों को फ्री होल्ड पट्टे होने थे। समाजवादी पार्ट के हमारे इलाके के बड़े व्यापारी नेता ने पट्टे से पहले खेल कर दिया। उन्होंने एलडीए के अधिकारियों को अपने अपने दबाव में लेकर उस फ्री होल्ड जमीन को अपने रिश्तेदारों के नाम करा दिया। वह नेता राज्यसभा सांसद भी रहे थे। हम लोगों की जमीनों को और इन पर बने मकानों को उन्होंने बेच दिया। भाजपा पार्षद शैलेंद्र वर्मा भी नागरिक सुविधा दिवस के कार्यक्रम में पहुंचे।

उन्होंने कमिश्नर और एलडीए वीसी से अपने क्षेत्र में ठेकेदार की ओर से किए गए अवैध कब्जे की शिकायत की। विभूतिखंड में डीएलएफ माइ पैड की बिल्डिंग का कुछ हिस्सा तालाब में बना दिया गया है। इसकी हमने शिकायत बहुत पहले एलडीए में की थी। प्राधिकरण ने उसमें कुछ काम करवाया लेकिन एलडीए का ठेकेदार अब भी कब्जा नहीं छोड़ रहा है।

# पुलिस ने सक्रिय अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

## तमिलनाडु गिरोह के पांच शातिर चोरों को मड़ियांव पुलिस और डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने किया गिरफ्तार

**▸ 65 मोबाइल, 15 लैपटॉप, व अन्य सामान भी किया बरामद**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तरी ज़ोन की थाना मड़ियांव पुलिस टीम और डीसीपी उत्तरी की क्राइम/सर्विलांस टीम ने मंगलवार को बेहतरीन कामयाबी हासिल की है। एडीसीपी उत्तरी अमोल मुरकुट ने प्रेस कांफ्रेस करते हुए जानकारी दी कि पुलिस ने अंतर्राज्यीय शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश कर उसके पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है, इस गिरोह पर लखनऊ व आसपास के जनपदों में मोबाइल फोन और लैपटॉप की सैकड़ों चोरियों का आरोप है।

इस गैंग के सदस्य तमिलनाडु के जनपद वेल्लोर जिले के रहने वाले हैं, जो लखनऊ में रहकर चोरी करते थे और चोरी का सामान इकट्ठा कर तमिलनाडु में पहले से तय जगह पर ले जाकर बेच देते थे। पुलिस ने कार्तिक श्रीनिवासन, मुत्तू, गोपाल, हरी, और अजय नारायण को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आईआईएम रोड के यादव चौराहे के पास से दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांचो चोरों को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से 65 मोबाइल फोन 15 लैपटॉप दो टेबलेट और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। इस गिरोह के खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानों अलीगंज, चिनहट, बाजारखाला, विकास नगर, बीकेटी, तथा जालौन जनपद में भी एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं जिनका अनावरण किया जा रहा है। गिरोह के पास से बरामद मोटरसाइकिलो के बारे में जानकारी करने पर पता चला कि उक्त मोटरसाइकिलें जनपद जालौन से चोरी की गई थी। फिलहाल लखनऊ पुलिस ने तमिलनाडु चोर गैंग के इस सक्रीय गिरोह पर शिकंजा कसते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेजकर चोरी परिवहन बिक्री की अंतर्राज्यीय श्रृंखला पर पुलिस ने विराम लगाया है। उक्त गिरोह के चोरों को गिरफ्तार करने वाली टीम में मड़ियांव पुलिस टीम के उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र चौधरी, उ0 नि0 नितिन कुमार, उ0 नि0 शुभम तिवारी, उ0 नि0 अखिलेश सिंह, उ0 नि0 भूपेन्द्र सिंह, उ0 नि0 चंद्रभान यादव, हेड कांस्टेबल आकाश सिंह, हेड कांस्टेबल गौरव कुमार सिंह, कांस्टेबल जितेन्द्र पाल, कांस्टेबल मनोज कुमार और डीसीपी उत्तरी क्राइम टीम के हेड कांस्टेबल अवधेश गिरी, मुहम्मद नदीम, संतोष कुमार, अमित गौतम, कांस्टेबल राघवेन्द्र प्रताप सिंह रहे।

### ऐशबाग रामलीला मैदान में दहन होगा 50 फीट का रावण

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ऐशबाग रामलीला मैदान में 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। राम लीला मंचन के बाद पुतला दहन और इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस बार तैयार किए गए रावण को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। आयोजकों ने बताया कि रावण पूरी तरह से तैयार है और उसकी ऊंचाई पिछले साल से ज्यादा रखी गई है। रावण दहन के साथ ही ऐशबाग मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। फिलहाल रामलीला का मंचन रोज हो रहा है। जिलाधिकारी विशाख जी ने मंगलवार को ऐशबाग रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# पहली अक्टूबर से होगी श्रीअन्न की खरीद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत श्रीअन्न (मोटे अनाज) की पहली अक्टूबर से खरीद होगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी।

मोटे अनाज में शामिल मक्का, बाजरा व ज्वार की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण व नवीनीकरण चल रहा है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक इसके लिए किसानों को fcs.up.gov.in या ऐप UP KISAN MITRA पर पंजीकरण/नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। खरीद पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी। सरकार ने ज्वार (मालदांडी) का 3749, ज्वार (हाईब्रिड) का 3699 रुपये, बाजरा का 2775 और मक्का का 2400 रुपये प्रति कुंतल न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। योगी सरकार ने 48 घंटे में किसानों को भुगतान कराने का निर्देश दिया है।

### किसानों को 48 घंटे में भुगतान का निर्देश

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि किसान अपनी किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 से मदद ले सकते हैं। इसके अलावा वे जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक से भी संपर्क साध सकते हैं। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में सीधे भुगतान किया जाएगा। योगी सरकार ने 48 घंटे के भीतर भुगतान का निर्देश दिया है। वहीं बिचौलियों को रोकने व पारदर्शिता बरतते हुए क्रय केंद्रों पर मोटे अनाज की खरीद ई-पॉप (इलेक्ट्रॉनिक प्वॉइंट ऑफ परचेज) डिवाइस के माध्यम से पहले की भांति किसानों का बॉयोमीट्रिक सत्यापन के जरिए ही होगी।

### इन जिलों में होगी मक्का खरीद

मक्का खरीद 25 जनपदों में होगी। यह जनपद बदायूं, बुलंदशहर, हरदोई, उन्नाव, मैनपुरी, आगरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, कानपुर नगर-देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा, बहराइच, गोंडा, बलिया, जौनपुर, फर्रुखाबाद, मीरजापुर, सोनभद्र, देवरिया व ललितपुर हैं।

**बाजरा खरीद वाले जनपद निर्धारित :** बदायूं, बुलंदशहर, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, एटा, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, रामपुर, अमरोहा, कानपुर नगर-देहात, फर्रुखाबाद, औरैया, कन्नौज, इटावा, जालौन, हमीरपुर, चित्रकूट, गाजीपुर, जौनपुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी, मीरजापुर, बलिया, हरदोई व उन्नाव समेत 33 जनपदों में बाजरा खरीद होगी।

**पहल** — नगर निगम और नगर पंचायत रसूलाबाद के बीच एमओयू से मिलेगा नया आयाम

# छोटे नगर निकायों को सशक्त बनाने को स्वच्छ शहर जोड़ी पहल शुरु

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** स्वच्छ भारत मिशन को नई गति देने और छोटे नगर निकायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने स्वच्छ शहर जोड़ी पहल की शुरुआत की है। इसी कड़ी में लखनऊ नगर निगम और नगर पंचायत रसूलाबाद के बीच मंगलवार को एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ, जिसके तहत नगर निगम लखनऊ अब रसूलाबाद को स्वच्छता व्यवस्था सुधारने में मार्गदर्शन और सहयोग देगा।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहरी निकायों को स्वच्छ और विकसित बनाने के लिए केंद्र सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में स्वच्छ शहर जोड़ी पहल को विशेष महत्व दिया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत बड़े और सक्षम नगर निकायों को छोटे नगर निकायों के साथ जोड़ा जाता है ताकि अनुभव साझा कर दोनों को परस्पर लाभ हो सके। इसका उद्देश्य न केवल शहरों के बीच समन्वय स्थापित करना है, बल्कि समयबद्ध और परिणामोन्मुखी तरीके से स्वच्छता व्यवस्था को नई दिशा प्रदान करना भी है। मंगलवार को उन्नाव स्थित नगर पंचायत रसूलाबाद में लखनऊ नगर निगम और उन्नाव जनपद की नगर पंचायत रसूलाबाद के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ नगर निगम से महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, मंडल कार्यक्रम प्रबंधक प्रियंका यादव मौजूद रहे।

वहीं नगर पंचायत रसूलाबाद से सफीपुर विधानसभा से विधायक आदरणीय बंबा लाल दिवाकर,, चेयरमैन गजाला अंसारी, एडीएम उन्नाव अमिताभ यादव और अधिशासी अधिकारी मुकेश मिश्रा, नगर पंचायत के पार्षदगण विशेष रूप से मौजूद रहे। इस एमओयू के अंतर्गत नगर निगम लखनऊ नगर पंचायत रसूलाबाद को विभिन्न स्वच्छता मानकों पर बेहतर बनाने में सहयोग करेगा।

### बिल्ली पालने वालों को बनवाना होगा लाइसेंस

**लखनऊ।** नगर निगम ने बड़ा फैसला लेते हुए पालतू बिल्लियों के पालने पर लाइसेंस बनवाना कर दिया है। जिन लोगों के घरों में पहले बिल्लियां है उन्हें रजिस्ट्रेशन करना होगा वरना जुर्माना लग सकता है। इसे लेकर नगर निगम ने आदेश भी जारी कर दिया है। नगर निगम अब बिल्लियों के पालने वर लाइसेंस भी बनाएगा। बिना लाइसेंस पालने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर निगम सूत्रों के अनुसार लाइसेंस बनाने का काम 27 सितंबर यानि शनिवार से शुरू हो गया। इसको लेकर आदेश भी जारी कर दिया गया है। नगर निगम के पशुकल्याण अधिकारी डॉक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि बिल्लियों को पालने के लिए नगर निगम से लाइसेंस लेना होगा। लाइसेंस एक साल के लिए बनेगा और उसका शुल्क 500 रुपये है। बिना लाइसेंस बिल्ली पालने पर 1000 रुपये जुर्माना लगेगा। वहीं, नगर निगम कर्मचारी जयंत सिंह के मोबाइल नंबर 9511156792 पर जानकारी के लिए संपर्क करें।

# भेड़िए के हमले में दंपती की मौत, गांव में घुसकर किया हमला, तीन घायल

**ग्रामीणों ने आक्रोश में आकर तोड़ दी एसडीओ की गाड़ी**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**





कैसरगंज रेंज में भेड़िये ने दंपत्ति पर हमला कर दिया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और एसडीओ की गाड़ी तोड़ दी। ग्रामीणों का गुस्सा दो दिन पहले नर भेड़िये के मारे जाने के बाद भी शांत नहीं हुआ है।कैसरगंज रेंज के मंझारा तौकली गांव के बाहर सो रहे दंपत्ति पर भेड़िये ने हमला कर दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हमले में तीन लोग घायल भी हुए हैं। सूचना पर पहुंचे ग्रामीण व परिवारजन शव को घर लेकर आए। जानकारी पाकर वन विभाग की टीम के पहुंचने पर आक्रोशित ग्रामीण हमलावर हो गए। लाठी-डंडा लेकर वन विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों ने दौड़ा लिया। एसडीओ की गाड़ी को तोड़ दिया। गांव में वन विभाग की टीम को घुसने नहीं दिया जा रहा है। मंझारा तौकली गांव निवासी 75 वर्षीय खेदन अपनी पत्नी के साथ गांव के बाहर खेत की रखवाली करने के लिए रोज की तरह सोमवार की रात खाना खाने के बाद गए थे। मंगलवार की सुबह नौ बजे तक वह घर नहीं पहुंचे तो परिवारजन खेत गए तो देखा कि दोनों का शव पड़ा हुआ था। भेड़िये दोनों के शरीर के ऊपरी हिस्से को खाकर भाग चुका था। वहीं दूसरी तरफ भेड़िये के हमले में मीना देवी, धनपतिया व सेबरी घायल भी हो गईं।



घटना के ग्रामीणों में आक्रोश भड़क गया। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के एसडीओ राशिद जमील दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने लाठी-डंडा लेकर उन्हें दौड़ा लिया। वन विभाग के अधिकारी व कर्मियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। एसडीओ राशिद जमील के गाड़ी को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। गांव के अंदर वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को घुसने नहीं दिया जा रहा है। डीएफओ रामसिंह यादव ने बताया कि भेड़िये के हमले में दो की मौत हुई है। मौके पर पहुंचे एसडीओ के गाड़ी को ग्रामीणों ने तोड़ दिया है। घटना स्थल पर जा रहे हैं। दो दिन पहले इलाके में नर भेड़िया के मारे जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन फिर हमले में हुई मौत के बाद इलाके में फिर आक्रोश भड़क गया।

**वन विभाग की टीम से ग्रामीणों की नोकझोंक:** भेड़िए के हमले की सूचना पर दोबारा पहुंची वन विभाग की टीम से ग्रामीणों की नोकझोंक हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन उन्हें बेवकूफ बना रहा है। लोगों को फर्जी सूचना देकर बताया गया कि भेड़िया मारा जा चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग लगातार लापरवाही कर रहा है। बुलाने पर टीम आती है। महज दो मिनट ड्रोन उड़ाने के बाद लौट जाती है।

**राइफल और लाठी-डंडे लेकर भेड़िए को ढूंढ रहे ग्रामीण**

घटनास्थल पर पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह राइफल और लाठी-डंडों के साथ हजारों ग्रामीण गांव में मौजूद हैं। रमेश ने बताया कि खेदन अपनी पत्नी के साथ रात में सो रहे थे, तभी भेड़िए ने उन पर हमला कर दिया और दोनों की मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि आदमखोर भेड़िया इंसानों को नोच-नोचकर खा रहा है। पूरा गांव डरा हुआ है। इस इलाके में भेड़िए अबतक 17 लोगों पर हमला कर चुके हैं। इसमें से 4 मासूमों समेत 6 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं पिछले साल भेड़ियों के हमले में 10 लोगों की जान गई थी।

# मामूली विवाद में युवक पर चाकू से हमला,लखनऊ रेफर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



देहात कोतवाली क्षेत्र स्थित सरस्वती नगर में एक मामूली विवाद के बाद एक युवक पर चाकू से हमला किया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया है। नई बस्ती सरस्वती नगर निवासी कृष्ण कुमार द्विवेदी सोमवार देर रात इलाके के दुर्गा पंडाल में हो रहे जागरण में गए थे। रात करीब 12 बजे इलाके के हर्षित श्रीवास्तव नामक युवक ने उनके सामने अपनी बाइक खड़ी कर दी। जब कृष्ण कुमार ने बाइक हटाने को कहा, तो हर्षित ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने घायल कृष्ण कुमार को तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। क्षेत्राधिकारी नगर ने बताया कि यह हमला आपसी विवाद के चलते हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पीएम श्री प्रा.वि ढपालीपुरवा में सीडीओ ने किया कन्यापूजन

**कन्याओं का पूजन कर सीडीओ ने ग्रहण कराया प्रसाद**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी के निर्देश पर मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत जिला प्रोबेशन कार्यालय महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग व शिक्षा विभाग के समन्वय से पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय, ढपाली पुरवा में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कन्या पूजन कर कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया, समाज में बालिकाओं के जन्म के प्रति सोच में सकारात्मक बदलाव व बेटियों का सामाजिक उत्थान में भूमिका का सन्देश दिया गया।

इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास एवं पुष्टाहार, सीडीपीओ, नगर बहराइच, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं सहअध्यापक, मिशन शक्ति हब के कार्यकर्ता दिलीप कुमार सिंह, नीलम शुक्ला तथा चाइल्ड हेल्प लाइन से शालिनी यादव आदि उपस्थित रहीं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को गेंद घर मैदान में आयोजित वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अवसर पर मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत जिला प्रोबेशन कार्यालय महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला एंव बाल विकास विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना, मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19), स्पान्सर योजना, निराश्रित महिला पेशन योजना (विधवा पेंशन), वन स्टाप सेन्टर, तथा चाइल्ड लाइन सम्बन्धी फोल्डर का अनावरण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर, महिला थानाध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा आम जनमानस को सरकार द्वारा संचालित सभी महिला हेल्प लाइन नंम्बर 1076, 112, 181, 1098, 1090 की जानकारी दी गयी।

# छात्रा बनीं एक घंटे के लिए थाना प्रभारी, 11वीं की छात्रा रिजा खान को बनाया थाना प्रभारी फखरपुर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना फखरपुर ब्रह्मा गौड़ की उपस्थिति में सरस्वती ज्ञान मंदिर फखरपुर के 11वीं की छात्रा रिजा खान को थाना फखरपुर का एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। थाना प्रभारी बनकर रिजा खान द्वारा थाने पर जनसुनवाई किया गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जाँच/आवश्यक कार्यवाही हेतु अधीनस्थों को आदेशित किया गया। इस दौरान स्कूल की सभी छात्राओं को थाने की कार्यप्रणाली, एफआईआर पंजीकरण की प्रक्रिया और समस्त रजिस्टरों के बारे में जानकारी की गई। साथ ही छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी। साथ ही आश्वस्त किया कि महिलाएँ एवं बालिकाएँ निडर होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं और पुलिस सदैव उनकी सुरक्षा हेतु तत्पर है। ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं/बालिकाओं में अपने जीवन में ऊंची उड़ान भरने के लिए सकारात्मक सोच विकसित करना है, जिससे वह समाज में एक सशक्त नारी शक्ति बनकर समाज के साथ समान हिस्सेदारी से मिलकर विकसित समाज बनाती हैं।

## बालिकाओं ने संभाली जिले की प्रशासनिक व्यवस्था

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति चरण -5 के कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को एक दिन के लिए विभिन्न जिला स्तरीय प्रशासनिक पदों का दायित्व सौंपा गया। डीएम के रूप में राधिका कक्षा 7, पुलिस अधीक्षक के रूप में अंजलि कक्षा 6, मुख्य विकास अधिकारी के रूप में रांची देवी और बेसिक शिक्षा अधिकारी के रूप में आस्था कश्यप कक्षा 8 ने भूमिका निर्वहित की। इस क्रम में सभी अधिकारियों ने बुके देकर इन छात्राओं का स्वागत किया व उपहार स्वरूप बैग, स्टेशनरी किट और सामान्य अध्ययन की बुक देकर इनको अभिप्रेरित किया। सभी अधिकारियों ने इन पदों तक कैसे पहुँचा जाये इसकी रणनीति व तैयारी का स्तर क्या हो इसकी जानकारी छात्राओं को दी। विभिन्न विभागीय योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण कैसे हो इससे भी अवगत कराया गया। समस्त अधिकारियों से मिलकर उक्त छात्राएं काफी प्रफुल्लित नजर आयीं।

# शारदाकांत पांडेय के नेतृत्व में विहिप ने किया फलाहार वितरित

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**




30 सितंबर 2025 को नवरात्र के अष्टमी तिथि पर शारदाकांत पांडे के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद द्वारा जिला कारागार में फलाहार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जगदंबा प्रसाद तिवारी जी महंत पृथ्वी नाथ स्वामी चिन्मयानंद दास जी महंत कटरा कुटी धाम श्री शिवकुमार शास्त्री महंत राम जानकी मंदिर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री वैभव सिंह जी राष्ट्रीय महामंत्री युवा मोर्चा भाजपा कार्यक्रम के माध्यम से संतो द्वारा कैदियों को अच्छे आचरण विचार रखने के लिए कहा तथा संकट के समय जो भी कैदी हनुमान के मंत्रों का उच्चारण करेगा उन सभी कैदियों का सुकून और शांति के साथ कर्ज से मुक्त हो जाएगा। मुख्य अतिथि जी ने भी भविष्य में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम का संचालन विद्याभूषण जी किसान मोर्चा अध्यक्ष भाजपा साथ में उपस्थित पंकज सिंह जी ब्लॉक प्रमुख रेहरा बलरामपुर नीरज मोर्य जी जिला उपाध्यक्ष भाजपा कार्यक्रम के सहयोगी अमन तिवारी जी संजय पांडे सरवन शुक्ला,बृजेश पांडे अति उत्तम ज्वाला प्रसाद तिवारी, सुनील दुबे, राजन मिश्रा,बृजेश पांडे,संदीप तिवारी,आकाश सागर,राजू मौर्या, आनंद वर्मा धनलाल, हिमालय शर्मा निक्कू दुबे रिक्की दुबे बंशीधर पाठक, केशव राम शुक्ला, राजदेव शुक्ला शुभम वाल्मीकि, आकाश मिश्रा रामचरण, सीमा, सुनीता, ममता, आफताब आलम अंसारी जेलर गोंडा शैलेंद्र कुमार वर्मा डिप्टी जेलर गोंडा तथा जिला कारागार के समस्त प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## त्यौहारों के दृष्टिगत डीएम-एसपी ने सभासदों संग की बैठक

**बहराइच। समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट सभागार में देर रात आसन्न त्यौहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने नगर पालिका परिषद, बहराइच के सभासदों के साथ आयोजित बैठक के दौरान सुझाव दिया कि त्यौहारों के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए वार्डों में हेल्पडेस्क की स्थापना की जाय। पुलिस अधीक्षक ने सभासदों को सुझाव दिया कि चोरी की घटनाओं के सम्बन्ध में आमजन में व्याप्त भ्रम को दूर करने में सहयोग प्रदान करें। वार्डवासियों को अस काब के लिए जागरूक करें कि वह झूठी अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ नागरिकों की सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है। नगर सहित जिले के सभी क्षेत्रों में मेरे व अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा गश्त की जा रही है बैठक के दौरान सभासदों की ओर से बिजली, पानी व सड़क मरम्मत इत्यादि के सम्बन्ध में प्राप्त हुए सुझावों के समाधान के लिए डीएम ने अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह को निर्देश दिया कि लोक निर्माण, जल निगम, विद्युत, परिवहन सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की अलग से बैठक आयोजित करायें।

# सांसद ने दिव्यांगजनों को वितरित किया सहायक उपकरण

**विकास भवन परिसर में आयोजित हुआ वितरण शिविर**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना अन्तर्गत ''सेवा पखवाड़ा'' के अवसर पर विकास भवन परिसर में आयोजित वितरण शिविर में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड द्वारा विधायक सदर अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह पार्टी पदाधिकारी परशुराम कुशवाहा व अन्य के साथ पात्र दिव्यांगजनों को 10 व्हील चेयर, 05 श्रवण यंत्र (कान मशीन) व 19 स्मार्ट केन/ब्रेल किट इत्यादि सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इसके अलावा नवीन दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया। मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन के कल्याणार्थ अनेकों योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। डॉ. गोंड ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के पीछे सरकार की यही मंशा है कि हाथ, पैर, ऑख, कॉन अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के माध्यम से सहयोग प्रदान कर उनके जीवन में खुशहाली लायी जाये। सांसद डॉ. गोंड ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांगजन को सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से भी आच्छादित कराया जाय। ताकि दिव्यांगजन भी अपने जीवन में किसी प्रकार की कमी महसूस न करते हुए दूसरे सामान्य लोगों की तरह अपना जीवन जी सकें। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा सभी उपस्थित को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# गांधी जयंती पर होगी प्रतियोगिता, शराब की दुकानें रहेंगी बंद

**2 अक्टूबर को हर संस्था में सुबह 8 बजे होगा ध्वजारोहण जिलाधिकारी**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



आगामी 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को जिले में गरिमामय एवं अनुशासित रूप से मनाने के लिए जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इन निर्देशों में जहां एक ओर स्वच्छता, नैतिकता और राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों पर जोर दिया गया है, वहीं दूसरी ओर व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक सख्ती भी दिखाई गई है। जारी निर्देशों के अनुसार जनपद की सभी शिक्षण संस्थाओं–स्कूलों एवं कॉलेजों में गांधीवादी जीवन-दृष्टि पर आधारित कार्यक्रम अनिवार्य रूप से कराए जाएंगे। विद्यार्थियों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध लेखन, गायन एवं गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन के प्रेरक प्रसंग बच्चों को बताए जाएंगे। इन सभी शैक्षिक कार्यक्रमों के संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी होंगे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि 2 अक्टूबर को जनपद की समस्त शराब की दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी। सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में प्रातः 8 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराना अनिवार्य होगा। प्रत्येक खंड विकास अधिकारी को शासनादेश के अनुरूप अपने-अपने क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों का अनावरण ग्राम प्रधान द्वारा किया जाएगा तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी बहुउद्देशीय कर्मियों को दी गई है।सके अतिरिक्त जिला कारागार में पारंपरिक रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम अचल आचार्य को एसडीएम करनैलगंज द्वारा उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया जाएगा तथा इस अवसर की तस्वीरें एवं वीडियो उपलब्ध कराए जाएंगे।

सभी कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान संचालित होगा और इस अवसर पर कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रहेगी, अन्यथा अनुपस्थित पाए जाने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। गांधी जयंती को स्वच्छता, अनुशासन और प्रेरणा का संदेश देने वाले इस व्यापक आयोजन से जिले में नई ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण बनने की उम्मीद है।

# मिशन शक्ति के तहत हुआ टेबलेट वितरण कार्यक्रम

**मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद में 1100 कन्याओं का किया गया पूजन**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर एवं मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान के तहत मेडिकल कॉलेज, गोण्डा के परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 1100 कन्याओं का कन्या पूजन एवं नवदेवी सम्मान, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, बच्चों का अन्नप्राशन तथा छात्राओं को टेबलेट वितरण जैसे विविध कार्यक्रम सम्पन्न हुए। कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली महिला महाविद्यालय एवं रघुकुल महिला डिग्री कॉलेज तथा गुरु वशिष्ठ के 350 छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए, जिससे डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा और बेटियाँ तकनीकी रूप से सशक्त बन सकेंगी। साथ ही, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को समर्पित कन्या पूजन कार्यक्रम में कन्याओं का स्वागत एवं पूजन कर उन्हें उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर महिलाओं को सम्मानित कर उन्हें समाज के प्रति उनके योगदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित जनप्रतिनिधियों में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, विधायक सदर गोण्डा प्रतीक भूषण सिंह, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक करनैलगंज अजय सिंह, तथा एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण सम्मिलित रहे।

# आईजी देवीपाटन के नेतृत्व में चला सघन चेकिंग अभियान

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन में प्रदेश भर में चलाये जा रहें मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक के नेतृत्व में परिक्षेत्र के जनपदों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके क्रम में पुलिस महानिरीक्षक के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस द्वारा स्टंटबाजों/शोहदों, ब्लैक फिल्म, हूटर, गलत नम्बर प्लेट व मॉडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों की चेकिंग कर उनके विरुद् नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी तत्पश्चात आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को पम्फलेट वितरित कर उन्हे विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नम्बरों (112, 1090, 181, 102,108, 1098,1076,1930) व शासन की कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र तथा कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा परिक्षेत्र स्तर पर वृहद रूप में शोहदों/मनचलों के विरुद्व विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा परिक्षेत्रीय अधिकारियों एवं मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रतिदिन भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों व चौराहों पर शोहदों /मनचलों के विरुद् विशेष अभियान जारी रखें। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा महिलाओं को सुरक्षित व सशक्त बनने व अपने आसपास की अन्य महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक करने हेतु प्रेरित किया गया। चेकिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा, क्षेत्राधिकारी नगर, थाना प्रभारी कोतवाली नगर व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहें।



## एसडीएम ने तहसील सभागार में सुनी समस्याएं, दिए मातहतों को निर्देश

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** कर्नलगंज तहसील सभागार में सोमवार को उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने बैठकर आमजन की विभिन्न समस्याओं को सुना और मातहतों को कार्यवाही के निर्देश दिए,उन्होंने बताया कि इस समय मतदाता सूची को लेकर बीएलओ अपनी ड्यूटी काटने का प्रयास करते हैं तरह तरह के बहाने बनाए जाते हैं। तमाम तरह की आपत्तियां प्राप्त हो रही। प्रशासन का कहना है पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ काम किया जाए, शिकायतों की गहनता से जांच कराई जाती हैं। शिकायत सही पाए जाने पर उचित कार्यवाही की जाती है।अन्यथा किसी के द्वारा झूठी,व तत्यहीन शिकायत मिलने पर उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन को झुठी शिकायत करके अगर परेशान किया जाएगा तो कार्यवाही अवश्य की होगी।

# नवरात्रि पर डांडिया व नृत्य कार्यक्रम संपन्न

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



नगर के बरियार पुरवा स्थित नेशनल पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नवरात्रि के शुभ अवसर पर नौ देवियों की आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, डांडिया नृत्य का आयोजन विद्यालय प्रबंधक एसपी गुप्त के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। देवा श्री गणेश कक्षा 7 की बच्ची ने प्रस्तुति कर,अंगना पधारो महारानी, नव देवियों की आरती की शानदार प्रस्तुति की गई। सभी अध्यापकों एवं अभिभावकों ने नौ देवियों की आरती कर सभी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मां के बराबर कोई नहीं, प्रस्तुति पर शगुन, संजना, परी, शगुन, प्रज्ञा, श्रुति और तेजस्वी तान्या,माही ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर,दर्शकों का मन मोह लिया। महिषासुर मर्दिनी देवी की प्रस्तुति तनु, श्रद्धा, अन्यन्या, शैली, जय, तनिष्का, उर्वशी, श्याम, लकी,उत्कर्ष और युवराज ने अपनी प्रस्तुति पर आए हुए अतिथियों का मनमोह लिया। अन्य कार्यक्रम जय काली काली, कक्षा 7 की शैली ने नवरात्रि पर्व की गीत पर माही, प्रज्ञा, वैशाली अन्यया, व, माही कौशल, सौम्या ने अपनी शानदार प्रस्तुति विद्यालय प्रांगण में की गई। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय प्रबंधक द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित, सम्मिलित प्रतिभागियों, को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश, प्रधानाध्यापिका रानी देवी, मीना सिंह, शिल्पी अग्रवाल, कोमल गुप्ता, श्याम जी मिश्रा, सरवन उपाध्याय,विजय मिश्रा,दीपक मंडल, चंद्र प्रकाश शुक्ला, पवन श्रीवास्तव, काजल गुप्ता, कांति देवी मधुबाला श्रीवास्तव, आंचल गुप्ता, रानी देवी और क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल मे कन्या भोज व दशहरा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**महराजगंज, रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू, महराजगंज, रायबरेली में दशहरे व नवरात्र के अवकाश आरंभ से पूर्व कन्या-भोज तथा बुराई पर अच्छाई की विजय स्वरूप दशहरा पर्व बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजीव सिंह तथा उप- प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव के द्वारा देवी मां दुर्गा जी व उनके नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना के साथ किया गया तत्पश्चात कन्या भोज का आयोजन किया गया साथ ही कन्याओं को उपहार भी दिया गया। बच्चों के द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों को विभिन्न झांकियों के माध्यम से दर्शाया गया। तत्पश्चात रावण दहन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के द्वारा किया गया। राम, लक्ष्मण, सीता तथा हनुमान के वनवासी वेश में बच्चे बहुत ही मनमोहक लग रहे थे। बच्चों के द्वारा विभिन्न नाट्य कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन रावण दहन से हुआ। उपरोक्त समस्त कार्यक्रम में ख्याति, अवनी, नित्या, सामर्श, सक्षम, मार्कण्डेय, शिवम, अमित, प्रिंस, रिद्धिमा, आर्या, एंजिल, सोनाक्षी, रोहिणी, प्राख्या, आकृति, हार्दिक, नैतिक, शाश्वत, कृष्णा आदि प्रमुख छात्र- छात्राएं थे।

### भारत विकास परिषद के तत्वावधान में शिक्षक वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**चन्दापुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के स्वामी दयानंद पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज घूराडीह रायबरेली मे भारत विकास परिषद के तत्वाधान में एक कार्यक्रम शिक्षक वंदन छात्र अभिनंदन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने की ।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मारुत सिंह ने भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया इस मौके भारत विकास परिषद रायबरेली से उपस्थिति निशा सिंह ने बच्चों को अपने से बड़ों का सम्मान करना कैसे करना चाहिए और किस प्रकार आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय का बखान करते हुए भारत विकास परिषद रायबरेली पवन सिंह, देवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि स्वामी दयानंद पब्लिक स्कूल बहुत कम समय में ही अपने छात्रों को शिक्षा देकर आज लगभग 50 से ज्यादा बच्चों को सरकारी नौकरी में भेज चुका है। इस उपलब्धि के लिए भारत विकास परिषद रायबरेली ने विद्यालय के प्रधानाचार्य व समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाओं का उत्साह वर्धन किया ।इस कार्यक्रम उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विद्यालय के अध्यापक महेंद्र यादव सहित छात्र कृष्णा सिंह,आयुष मौर्य,तथा परी सिंह को स्मृति चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक वीर बहादुर सिंह, अरुण सिंह, राकेंद्र प्रसाद, अभिषेक सिंह,सीमा सिंह, संगीता सिंह आदि शिक्षक शिकाकाएं उपस्थिति रही।

### आयरन फोलिक एसिड टेबलेट का वितरण का कार्य आरंभ



**सीतापुर।** मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या के आदेश के क्रम में महिला कल्याण विभाग एवं खंड विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी एवं प्रशासन के द्वारा ग्राम पंचायत रहीमाबाद विकास खंड खैराबाद आयरन फोलिक एसिड टेबलेट का वितरण का आरंभ कर पूरे विकास खंड में किया गया। अभियान में लगभग 450 टेबलेट का वितरण किया गया। विकास खंड मिश्रिख में खंड विकास अधिकारी कार्यालय से आयरन फोलिक एसिड टेबलेट का वितरण कर विकास खंड के समस्त आयुष्मान केंद्रों पर आयरन फोलिक एसिड की लगभग 500 टेबलेट का वितरण करवाया गया। आयुष्मान आरोग्य केंद्र बसंतपुर विकास खंड कसमंडा में आयरन फोलिक एसिड का वितरण प्रारंभ कर पूरे विकास खंड में लगभग 480 टेबलेट का वितरण करवाया गया एवं महिला कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग जन कार्यालय सीतापुर के कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के द्वारा लैंगिंग भेदभाव एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु जी एवं जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 250 व्यक्ति उपस्थित रहे।

### दशहरे के पर्व के पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित



**सीतापुर।** अग्रवाल पब्लिक इण्टर कालेज, सीतापुर में विजय दशमी (दशहरा)पर्व के पूर्व कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के छात्र/छात्राओं ने अपनी अपनी कक्षाओं में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन में कक्षा 1 के बच्चों ने रामायण के पात्रों की रूप सज्जा, कक्षा 2 मे दशहरे पर आधारित कविता पाठ, कक्षा 3 में स्वतंत्रता सेनानियों का अभिनय, कक्षा 4 पर्यावरण के अनुकूल रावण शिल्प प्रतियोगिता, कक्षा 7 में पोस्टर प्रतियोगिता, डिजिटल कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आदि का रोचक अभिनय एवं प्रदर्शन किया। विद्यालय की एम. डी. मंजू जिन्दल एवं प्रधानाचार्य जावेद कमर ने बच्चों के आकर्षक कार्यक्रमों को देखकर उन्हें प्रोत्साहित किया। उक्त जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा दी गई।

### जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### आबकारी विभाग ने पकड़ी 55ली अवैध कच्ची शराब



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में मंगलवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम -चतुरीपुर अमेठी, दिछोली व लक्ष्मण ?का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र- गौरीगंज में थाना-गौरीगंज के अंतर्गत ग्राम-चतुरीपुर से कुल-55लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व 150कि ग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया, साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई व आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक क्षेत्र-गौरीगंज व आबकारी स्टॉफ में अजीत कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, प्रेम शंकर शर्मा आबकारी सिपाही व प्रधान आबकारी सिपाही सम्मलित रहे।

### बूढ़े बाबा धाम पर संपन्न हुआ भजन संध्या कार्यक्रम



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र जामों के कस्बा जामों स्थित श्री शंकर बूढ़े बाबा मंदिर प्रांगण में भजन संध्या गायन का आयोजन किया गया। भजन संध्या का आयोजन प्राचीन बूढ़े बाबा मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट जामों कोट, द्वारा सम्पन्न हुआ। ब्राइबेट म्यूजिक ग्ररुप पुत्तन पूरब गांव के कलाकारों, माया लखनऊ और अन्नू सुल्तानपुर ने अपने भजन सत्यम शिवम सुंदरम, सिरडी वाले साईं बाबा के गायन से सभी श्रोतागणों को मंत्र मुग्ध कर दिया। विदित हो कि इसी मंदिर प्रांगण में सप्ताह में दो दिन बाजार लगना सुनिश्चित किया गया है। यह बाजार सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को लग रही है। मुख्य ट्रस्टी अक्षय प्रताप सिंह ‌फ़गोपाल भैयाफ़ व प्रख्यात समाजसेविका कुंवरानी मधुरिमा सिंह की प्रेरणा से बाजार का लगना प्रारंभ हुआ है। भजन संध्या कार्यक्रम में क्षेत्र के संभ्रांत लोगों में पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, राजेंद्र शुक्ला, गुड्डू मिश्रा ग्राम प्रधान जामों, शिव भवन सिंह, बृज भूषण सिंह, सतीश मिश्रा, बंशी शुक्ला, संतोषी शुक्ला, सुधाकर श्रीवास्तव, राबेंद्र श्रीवास्तव, भारत न्यूज़ चैनल से ओम नारायण मिश्रा आदि उपस्थित थे।

---

**मिशन शक्ति फेज 5.0**

# राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित

▸ सदर विधायक अदिति सिंह ने 121 कन्याओं का किया पूजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सदर क्षेत्र के रतापुर स्थित आरडीए सामुदायिक केंद्र में भव्य कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक अदिति सिंह ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें माला पहनाई और फल खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बेटियाँ समाज की शक्ति हैं और उनके सम्मान एवं शिक्षा से ही परिवार तथा राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति जैसे अभियानों के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने का कार्य सतत जारी है। कार्यक्रम के दौरान बेटियों के महत्व एवं उनके सम्मान का संदेश पूरे समाज को दिया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, डिस्ट्रिक्ट मिशन क्वार्डिनेटर सेफली सिंह, सोशल काउंसलर श्रद्धा, आस्था ज्योति, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत चला सघन वाहन चेकिंग अभियान



**बछरावां, रायबरेली।** मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के आदेशानुसार एवं यातायात प्रभारी रायबरेली इंद्रपाल सिंह सेगर के निर्देशन में स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं यातायात पुलिस के सहयोग से सघन वाहन चेकिंग अभियान कस्बे के मुख्य चौराहे पर चलाया गया। इस दौरान कस्बे के अंदर हाईवे व अन्य मार्गो से निकल रहे काली फिल्म के चार वाहनों का चालान किया गया व स्टंट बाजी एवं गति सीमा से अधिक निकल रहे पांच वाहनों का चालान किया गया, व तीन सवारी वाले दो पहिया सात वाहनों का चालान किया गया, एवं बिना हेलमेट के यात्रा कर रहे दोपहिया 12 वाहनों का चालान यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा मौके पर किया गया। साथ ही साथ यात्रा कर रहे अन्य वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के विषय में जागरूक किया गया और उन्हें चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाकर यात्रा करने एवं दो पहिया वाहनों में हेलमेट लगाकर यात्रा करने के लिए जागरूक किया गया ताकि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार हो रही बढ़ोतरी को कम किया जा सके। इस मौके पर यातायात उप निरीक्षक रमेश सिंह, यातायात आरक्षी मुकेश सिंह, स्थानीय थाने से उप निरीक्षक राजन तिवारी उप निरीक्षक सैयद नियाजी हुसैन, उप निरीक्षक जीवन चंद्र जोशी, आरक्षी राकेश सिंह, आरक्षी कासिब अहमद होमगार्ड सरवन यादव सहित स्थानीय थाने एवं यातायात पुलिस का अन्य स्टाप मौजूद रहा।

## एसडीएम और सीओ ने विसर्जन घाट का किया निरीक्षण, जांची सुरक्षा व्यवस्था

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



उपजिलाधिकारी महाराजगंज गौतम सिंह और क्षेत्राधिकारी महाराजगंज प्रदीप कुमार ने थाना क्षेत्र के भवरेश्वर घाट का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण आगामी मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और भीड़-नियंत्रण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्हें मूर्ति विसर्जन के दौरान पूरी सतर्कता बरतने, भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का निर्देश दिया गया। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विसर्जन स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस मौके पर उप निरीक्षक हरिमोहन सिंह, आरक्षी शिवचरण सहित राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

## सबसे बड़ा तेरा नाम, मां भगवती तुझे प्रणाम

▸ जवाबी कीर्तन सुनकर झूमने लगे मां के भक्त संयुक्त रूप से दोनों रहे विजेता व्यापारी नेता पंकज मुरारका शील गुप्ता ने लिया मां से आशीर्वाद

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मां जसवंत्री देवी मंदिर प्रांगण पर 29 सितंबर को शारदीय नवरात्र के पवित्र पावन अवसर पर जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसे सुनने के लिए हजारों की संख्या मे भक्त इकट्ठा हुए पिछले 41 वर्षो से लगातार मां जसवंतरी देवी समिति द्वारा नवरात्र के अवसर पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है । इसी कड़ी में रंजीत राज प्रयागराज एवं ज्योतिकमल बाराबंकी द्वारा जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज मुरारका व शील गुप्ता रहे चेयरमैन सरला साहू एवं प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा आए हुए अतिथियों का सम्मान किया गया। प्रभात साहू ने कहा नगर की जनता की सेवा करने का सामर्थ्य मुझ में बना रहे इसके लिए हमेशा मां कृपा मेरे साथ रहती हैं और अपना आशीर्वाद मुझ पर व नगर वासियों पर बना कर रखती हैं जिससे आज नगर विकास के नए पथ पर आगे बढ़ता हुआ चला जा रहा है। मां के दरबार में दोनों कीर्तन कारो द्वारा मां के सुंदर-सुंदर भजन कीर्तन के माध्यम से सुनाएं गए जिसे सुनकर श्रोता मां की भक्ति में झूमने लगे जवाबी कीर्तन मे कमेटी द्वारा दोनों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। इस मौके पर ईओ राम आशीष वर्मा, वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र बाबू, यमुना प्रसाद, पीयूष साहू, शिवशरन संतोष वर्मा, सूर्यभान सिंह, राम मेडिकल स्टोर, राजेंद्र प्रताप सिंह, अजय सिंह, धर्मेंद्र सभासद, जमुना पासवान, संतोष वर्मा, हलीम, त्रिवेणी लाल गुप्ता, पुन्नी लाल सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 5वां राष्ट्रीय भविष्य शिक्षा कॉन्क्लेव और पुरस्कार 2025

▸ समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मानित हुए रायबरेली के गौरव

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



दिल्ली में रायबरेली का गौरव दिल्ली की धरती पर 5वें राष्ट्रीय भविष्य शिक्षा कॉन्क्लेव और पुरस्कार 2025 (5th National Future Education Conclave & Awards 2025) के मंच से, जब समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मान मिला तो यह सिर्फ एक शख्स का सम्मान नहीं, बल्कि पूरे जिले और प्रदेश का गौरव बन गया

विकास सिंह जी, जो कि सामाजिक कार्यकर्ता (Social Activist), रायबरेली से है उन्हें सोशल वर्कर ऑफ द ईयर 2025 (Social Worker Of The Year 2025)% के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाज़ा गया

सामाजिक कार्यों से लेकर मेडिकल क्षेत्र तक, हर मोर्चे पर निस्वार्थ सेवा और निरंतर सहयोग के लिए विकास सिंह जी को सम्मानित किया गया यह सम्मान बताता है कि सच्चे दिल से की गई सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती विकास सिंह जैसे युवा आज जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है उनका यह संघर्ष और सेवा-भाव हम सभी के लिए प्रेरणा है ? यह भव्य आयोजन 30 सितंबर2025 को ले मेरिडियन, नई दिल्ली में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक हुआ। आपके जैसे युवाओं पर हमें गर्व है। आपकी यह समाजसेवा की यात्रा यूं ही निरंतर आगे बढ़ती रहे और आप हर कदम पर दूसरों के लिए आशा की किरण बने रहें।

## दानेश्वर धाम मे सूर्पनखा लीला, मारीच सीताहरण लीला का हुआ मंचन

▸ नवरात्र पर श्री रामलीला का हो रहा है आयोजन अयोध्या व कानपुर से आए कलाकार कर रहे हैं मंचन



**महराजगंज, रायबरेली।** श्री दानेश्वर धाम महराजगंज मे विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री दानेश्वर धाम नवदुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान मे श्री रामलीला का आयोजन हो रहा है जिसमें अयोध्या धाम व कानपुर की धरती से पधारे सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा आज की लीला मे सूर्पनखा लीला, मारीच लीला, सीताहरण लीला का मंचन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत राम आशीष वर्मा, प्रबंधक ज्ञान प्रकाश जायसवाल, अध्यक्ष राहुल वैश्य, सुधा अवस्थी, उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, मातादीन पासी, श्याम प्रकाश वर्मा, संदीप वैश्य, अश्वनी सिंह, राजेश सोनी, पवन साहू, अमित कुमार जायसवाल, घनश्याम चौरसिया, राम चन्दर बाबू, जमुना प्रसाद, रवि सक्सेना, पंकज श्रीवास्तव, राघवेंद्र प्रताप सिंह, ओम बसंत लाल गुप्ता सहित नव दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हर नारी को मिले हर अधिकार, मिशन शक्ति की यही पुकार



**सीतापुर।** अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक रेलवे, अनुभाग लखनऊ के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी रेलवे द्वितीय के सफल पर्यवेक्षण में थाना जीआरपी सीतापुर टीम प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार, उप नि. मनीष कुमार महिला मुख्य आरक्षी निर्दोष गंगवार म. आरक्षी अनन्या यादव व म. आरक्षी श्वेता सचान द्वारा रेलवे स्टेशन सीतापुर पर चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति (पंचम चरण) नारी सुरक्षा, नारी सम्मान , नारी स्वावलंबन के लिए महिलाओ एवं बालिकाओं मे जागरूकता हेतू रेलवे स्टेशन सीतापुर जाक्शन पर महिलाओ/ बालिकाओ को मिशन शक्ति , नारी सुरक्षा, व साइबर क्राइम संबंधी अपराध व यात्रा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियो के बारे मे तथा महिलाओ की मदद के लिए सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के संबंध में विस्तार से बताया। मिशन शक्ति से संबंधित पम्पलेट कार्ड वितरित किए गए। महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर112, पुलिस आपातकालीन सेवा नंबर,1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर,181 महिला हेल्पलाइन नंबर,1091 महिला हेल्पलाइन नंबर 1076 सीएम हेल्पलाइन नंबर,1098, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर,139 रेलवे हेल्पलाइन नंबर,182 आरपीएफ हेल्पलाइननंबर,1930 साइबर अपराध हेतु हेल्पलाइन नंबर,108 एम्बुलेंस सेवा नंबर, 102 एम्बुलेंस सेवा नंबर की जानकारी दी गयी।

### बुद्ध की मूर्ति को शिव के रूप में पूज रहे दरखा ग्रामवासी

**अमेठी।** तहसील क्षेत्र अमेठी के गांव दरखा में बुद्ध की मूर्ति को शिव के रूप में पूज रहे हैं यहां के निवासी गण। यह मूर्ति भगवान बुद्ध की है जो एक छोटे से मंदिर में स्थापित है। गांव के निवासी कुछ लोग इसे बाबा की मूर्ति कहते हैं, तो कुछ लोग शंकर जी की। गांव का दौरा करने गये पत्रकार संजीव भारती से वहां के राजाराम व एक अन्य व्यक्ति ने बताया है कि काफी दिनों से यह मूर्ति यहां पर स्थित है। राजाराम ने कहा कि मेरे आजा के जमाने से ही यह मूर्ति यहां पर है। वहीं भारतीय बौद्ध महासभा उ.प्र. शाखा अमेठी के महामंत्री केपी सविता बौद्ध ने बताया कि वास्तव में यह बुद्ध की ही मूर्ति है जिसे सम्मानित रूप से यहां के लोग एक छोटे मंदिर में स्थापित कर काफी समय से पूजा अर्चना कर रहे हैं।

## या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



श्री श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव आंख अस्पताल में महाअष्ठमी पूजा बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कमेटी की ओर से पूजा का सिलसिला सुबह से ही विधी विधान से शुरू किया गया। पुरोहित पुरोहित दुर्गा पदों चक्रवर्ती अपने सहयोगी के साथ महाअष्ठमी पूजा, पुष्पांजलि, सन्धि पूजा पूर्ण किया। इसके बाद माँ का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम मंत्रो उच्चारण से पूरा आंख अस्पताल परिसर गूँज रहा था । चारो तरफ भक्ति मई वातावरण के साथ महाष्ठमी पूजा में माँ के श्रृंगार के साथ धुप, नैवेध, सिंदूर, पुष्प, फल, इत्यादि वस्तुओ से श्रदलुओं ने अपनी पूजा प्राम्भ की। इसके बाद व्रत धारण किये हुए श्रद्धालुओं ने मा को पुष्पांजलि अर्पित की। माँ के भोग व प्रसाद वितरण का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। सायकाल की बेला में माँ दुर्गा की आरती पुरोहित दुर्गा पदों चक्रवर्ती ने पंचमुखी दीपक, कपूर से भरा दीपक, धूपची, जल से भरा हुआ शंख, तौलिया, हाथ वाला पंखा, रेशे वाला पंखा, पान व सुपाड़ी से आरती की। तत्पश्चात माँ को हलुवा, नारियल व विभिन्न प्रकार के लड्डुओं का भोग लगाकर श्रदालुओ को वितरण किया गया। पूजन में मुख्य रूप से एन एन चटर्जी, रंजीत दास, संजीव दास, आकाश राय, विश्वजीत पोले, श्यामल दत्ता, पंकज मुखर्जी, दीपक विश्वास, शांतनु दत्ता, निमिष दास, प्रदीप राय, डॉ पी के राय, बी सी मजूमदार, नीता मुखर्जी, नीता दास, श्यामली पोले, अपर्णा दास, देवो श्री दास, वंदना राय, इला दत्ता आदि उपस्थित रहे।

**सन्धि पूजा में 108 दीप जलाकर महिलाओ ने पूर्ण की मनोकामना:** श्रीश्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव आंख अस्पताल में सन्धि पूजा का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओ ने 108 कमल के पुष्प के साथ साथ दीपक जलाकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के की प्राथना की। इसके पूर्व पुरोहित की ओर से पूजन कर दीप प्रज्वलित कर संधि पूजन का प्रारम्भ किया। 108 दीप जलने से पूरा पंडाल प्रकाश मय हो गया। इस मौके पर महिलाओ में वंदना राय, नीता मुखर्जी, नीता दास, श्यामली पोले, इला दत्ता, सुधा विश्वास, निधी चक्रवर्ती, मंजली मुखर्जी, प्रियंका विश्वास, अपर्णा दास, गीतिका दत्ता, राखी ने दीप जलाकर पूजा पूर्ण की।

## कमरौली थाने पर एसपी ने किया शिशु गृह का लोकार्पण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**




मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के मार्गदर्शन व इन्डोरामा के सहयोग से मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत थाना कमरौली परिसर में महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों की सुविधा और देखभाल को ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक क्रेच (शिशुगृह) का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इसकी स्थापना का उद्देश्य महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिये एक सुरक्षित एवं सहयोगी परिवेश प्रदान करना है, जिससे महिला पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ कर सकें। यह शिशुगृह बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और अनुकूल माहौल उपलब्ध कराएगा, जहाँ उनकी देखभाल, शिक्षा, पोषण और खेल-कूद की संपूर्ण व्यवस्था रहेगी। इसमें बच्चों की आयु के अनुरूप आधुनिक संसाधन, शैक्षणिक सामग्री, खेल उपकरण तथा मनोरंजन संबंधी साधन उपलब्ध होंगे जिससे उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा बताया गया कि ÷यह क्रेच न केवल बच्चों के समुचित देखभाल का केंद्र बनेगा, बल्कि महिला पुलिसकर्मियों के मन में भी आत्मविश्वास का संचार करेगा, साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित बच्चों को उपहार प्रदान किये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह, इन्डोरामा इन्डिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## नवरात्र अष्टमी पर डीएम ने किया 51 कन्याओं का पूजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत शारदीय नवरात्र की अष्टमी तिथि पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया एवं कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद वितरण एवं उपहार प्रदान किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, उपजिलाधिकारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव ने देवी स्वरूप 51 कन्याओं को चंदन लगाया, उन्हें चुनरी ओढ़ाई और उन्हें स्टेशनरी किट, कैडबरी सेलिब्रेशन चॉकलेट, फल व भोजन प्रसाद के रूप में भेंट किया साथ ही सभी अधिकारियों ने कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरांत कन्याओं को कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण भी कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद में निरंतर जागरूकता और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, स्वस्थ नारी से ही सशक्त परिवार और समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि प्रमुख रहीं।

## राष्ट्र जागरण की साधना के सौ वर्ष की यात्रा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा वास्तव में राष्ट्र जागरण की ध्येय यात्रा है। वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर के मोहिते बाड़ा में रोपा गया राष्ट्र साधना का छोटा सा बीज आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। राष्ट्र प्रथम के एकनिष्ठ भाव के साथ किए जा रहे सतत और अनथक प्रयासों से संघ की पहचान आज विश्व के सबसे बड़े संगठन के रूप में बनी है। राष्ट्र, संस्कृति, धर्म एवं समाज के हित में सर्वस्व अर्पण कर देने वाले स्वयंसेवक भारत के पुनरुत्थान की साधना में निरंतर लगे हुए हैं। संघ शताब्दी वर्ष चरैवेति–चरैवेति के मंत्र के साथ बढ़ रहे वैचारिक अधिष्ठान का एक सोपान है। संघ के आद्य सरसंघचालक परम पूजनीय डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य भारत को स्वाधीन बनाने के साथ ही स्व–बोध की चेतना से युक्त एक संगठित समाज का निर्माण करना था। माँ भारती को परम वैभव पर आसीन करने की 100 वर्षों की यह यात्रा सरल नहीं रही। अनेक कठिनाइयों, विरोधों और बाधाओं को ही मार्ग बनाते हुए संघ ने भारत माता की सेवा में व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य सतत जारी रखा है। स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता के पश्चात संघ ने समाज को देश की सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य किया। स्वतंत्रता के पश्चात् भी जब देश में औपनिवेशिक मानसिकता से प्रेरित और गुलाम पीढ़ी तैयार करने वाली मैकाले शिक्षा पद्धति जारी रखी गई तब संघ प्रेरणा से 1952 में 'विद्या भारती' की स्थापना की गई, जो शिक्षा एवं संस्कार देने वाला आज विश्व का सबसे बड़ा अशासकीय शैक्षणिक संगठन है। युवाओं को राष्ट्रीय विचारों से जोड़ने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, श्रमिकों के हित में कार्य करने भारतीय मजदूर संघ, किसानों के लिए भारतीय किसान संघ, सेवा कार्यों के लिए सेवा भारती और संस्कार भारती आदि अनेक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से स्वयंसेवकों द्वारा स्थापित किए गए जो आज भी समाज में सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। 1936 में स्थापित राष्ट्र सेविका समिति के साथ मिलकर संगठन ने महिलाओं की भूमिका को भी समान महत्व दिया है। आज विचार परिवार के प्रत्येक संगठन में महिला नेतृत्व की सशक्त उपस्थिति इसी दृष्टिकोण का परिणाम है। स्वतंत्रता के पश्चात् जब भारतीय राजनीति अपने मूल और दिशा से भटकने लगी, देश की संप्रभुता के लिए ही संकट उत्पन्न हो गया, तब पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। भारतीय जनसंघ आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित हुआ। भारतीय जनता पार्टी वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है। इसे एक ऐसे संगठन के रूप में भी समाज का सम्मान प्राप्त होता है, जिसने अपने गठन के समय से चले आ रहे लगभग सभी प्रमुख संकल्पों को पूर्ण करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। जम्मू–कश्मीर से धारा 370 की समाप्ति, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना इसी विचारधारा के ऐतिहासिक कार्य हैं। संघ की सौ वर्ष की यात्रा कठिन चुनौतियों से भरी रही है। संघ अपने आरंभिक काल से ही अपनों के ही विरोध, आक्रमण, उपहास और अपमान सहकर भी इस अनवत यात्रा में आगे बढ़ा है। महात्मा गांधी की हत्या के मिथ्या आरोप, दो बार लगाए गए प्रतिबंध, आपातकाल की असहनीय यातनाएं और तमाम विरोधों के पश्चात भी संघ अपने संकल्पों पर दृढ़ रहा।

# बुजुर्गों के प्रति हृदय में हर पल हो सम्मान का भाव

**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय संस्कृति में सदा से बड़ों के आदर-सम्मान की परम्परा रही है लेकिन आज दुनिया के अन्य देशों सहित हमारे देश में भी वृद्धजनों पर बढ़ते अत्याचारों की खबरें समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। अधिकांश परिवारों में वृद्ध जिस तरह की उपेक्षा झेलने को मजबूर हैं, उससे ज्यादा पीड़ादायक और क्या हो सकता है। समृद्ध परिवार होने के बावजूद घर के बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में जीवनयापन करने को विवश हैं। बहुत से मामलों में बच्चे ही उन्हें बोझ मानकर वृद्धाश्रमों में छोड़ आते देते हैं। हालांकि यह उम्र का ऐसा पड़ाव होता है, जब उन्हें परिजनों के अपनेपन, प्यार और सम्मान की सर्वाधिक जरूरत होती है। एक व्यक्ति जिस घर-परिवार को बनाने में अपनी पूरी जिंदगी खपा देता है, वृद्धावस्था में जब उसी घर में उसे अवांछित वस्तु के रूप में देखा जाने लगता है तो लगता है जैसे उस घर में रहने वालों की इंसानियत और उनके संस्कार मर चुके हैं।

विश्वभर में ऐसे हालात को देखते हुए ही वृद्धजनों के लिए कुछ कल्याणकारी कदम उठाने की जरूरत महसूस हुई थी। इसीलिए वर्ष 1982 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 'वृद्धावस्था को सुखी बनाइए' जैसा नारा देते हुए 'सबके लिए स्वास्थ्य' अभियान का शुरू किया था। वृद्धों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने और वृद्धजनों के प्रति उदारता व उनकी देखभाल की जिम्मेदारी के अलावा उनकी समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र ने 14 दिसंबर 1990 को निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष एक अक्तूबर का दिन दुनियाभर में 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की इस पहल के बाद एक अक्तूबर 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसे 'अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस' के नाम से भी जाना जाता है। बुजुर्गों के प्रति वैसे तो सभी के हृदय में हर पल, हर दिन सम्मान का भाव होना चाहिए लेकिन दिल में छिपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए औपचारिक तौर पर यह दिन निश्चित किया गया।

1991 में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरूआत के बाद वर्ष 1999 को पहली बार 'बुजुर्ग वर्ष' के रूप में भी मनाया गया था। इस वर्ष 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' 'स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाले वृद्धजन ~ हमारी आकांक्षाएं, हमारा कल्याण, हमारे अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय लचीले और समतामूलक समाजों के निर्माण, अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को बढ़ावा देने तथा वृद्ध लोगों के अधिकारों और कल्याण को नीति और कार्रवाई का केंद्र बनाने में वृद्धों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर देता है। भारतीय समाज में संयुक्त परिवार को हमेशा से अहमियत दी गई है लेकिन



**अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (1 अक्तूबर) पर विशेष**

**1991 में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरूआत के बाद वर्ष 1999 को पहली बार 'बुजुर्ग वर्ष' के रूप में भी मनाया गया था। इस वर्ष 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' 'स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाले वृद्धजन ~ हमारी आकांक्षाएं, हमारा कल्याण, हमारे अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है। लचीले और समतामूलक समाजों के निर्माण, अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को बढ़ावा देने तथा वृद्ध लोगों के अधिकारों और कल्याण को नीति और कार्रवाई का केंद्र बनाने में वृद्धों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर देता है। समाज में संयुक्त परिवार को हमेशा से अहमियत दी गई है लेकिन आज के बदलते परिवेश में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की अवधारणा खत्म होती जा रही है।**

आज के बदलते परिवेश में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की अवधारणा खत्म होती जा रही है। यही कारण है कि लोग अपने बुजुर्गों से दूर होते जा रहे हैं और नई पीढ़ी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित होती जा रही है। एकल परिवार के बढ़ते चलन के कारण ही परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा होने लगी है। न चाहते हुए भी बुजुर्ग अकेले रहने को मजबूर हैं। इसका एक गंभीर परिणाम यह देखने को मिला है कि बुजुर्गों के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़े हैं। शहरों-महानगरों में आए दिन बुजुर्गों को निशाना बनाए जाने की खबरें दहला देती हैं। दूसरा गंभीर परिणाम यह कि बच्चों को बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनके जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक सर्वे के अनुसार दादा-दादी या नाना-नानी के साथ रहने वाले बच्चों का विकास अकेले रहने वाले बच्चों की तुलना में कहीं ज्यादा अच्छा और मजबूत होता है और ऐसे बच्चों में आत्मविश्वास भी अधिक देखने को मिला है। आज पति-पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं, ऐसे में बच्चे घर में अकेले रहते हैं और कम उम्र में ही उनमें अवसाद जैसी समस्याएं पनपने लगती हैं।

वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने हालांकि वर्ष 1999 में एक राष्ट्रीय नीति बनाई थी तथा उससे पहले वर्ष 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण विधेयक भी संसद में पारित किया गया था, जिसमें माता-पिता के भरण-पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा का प्रावधान था लेकिन इसके बावजूद देशभर में वृद्धाश्रमों में बढ़ती संख्या इस तथ्य को इंगित करती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को उपेक्षित किया जा रहा है। कुछ समय पहले 96 देशों में कराए गए एक सर्वे के बाद 'ग्लोबल एज वॉच इंडेक्स' जारी किया गया था। उस सूचकांक के मुताबिक करीब 44 फीसदी बुजुर्गों का मानना था कि उनके साथ सार्वजनिक स्थानों पर दुर्व्यवहार किया जाता है जबकि 53 फीसदी बुजुर्गों का कहना था कि समाज उनके साथ भेदभाव करता है। भारतीय संस्कृति में जन्म देने वाली मां और पालन करने वाले पिता का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा माना गया है। सदियों से मान्यता रही है कि जिन घरों में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वे तीर्थस्थल से कम नहीं होते। ऐसे में वृद्धों के उत्पीड़न और उपेक्षा की घटनाएं बढ़ना गंभीर संकट का संकेत है। दरअसल वृद्धावस्था हर व्यक्ति के जीवन का एक पड़ाव है।

यदि आज हम अपने बुजुर्गों की उपेक्षा करते हैं तो आने वाले समय में हमें भी अपने बच्चों से कोई अच्छी उम्मीदें नहीं रखनी चाहिए। वृद्धावस्था में बुजुर्ग शारीरिक रूप से शिथिल भी हो जाएं तो परिजनों का कर्त्तव्य है कि पूरे सम्मान के साथ उनका ध्यान रखा जाए। वृद्धावस्था में शारीरिक स्थिति में बदलव आना सामान्य बात है। बुजुर्गों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, याद्दाश्त कमजोर पड़ने, भूलने जैसी समस्याएं आमतौर पर देखी जाती हैं लेकिन दवाओं के साथ-साथ परिजनों के अच्छे व्यवहार की मदद से ऐसी समस्याओं को कम करने में मदद मिल सकती है।

## विचार

# बदला हुआ भारत : क्रिकेट और आत्मसम्मान का नया अध्याय

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

एशिया कप 2025 का अंतिम मुकाबला केवल क्रिकेट का रोमांचक खेल नहीं था। यह खेल से कहीं अधिक एक कूटनीतिक और सांस्कृतिक संदेश बनकर उभरा। भारत ने पाकिस्तान को न सिर्फ़ मैदान पर हराया बल्कि मैच के बाद की औपचारिकताओं में भी ऐसा रुख़ अपनाया जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। भारतीय खिलाड़ियों ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष, जो पाकिस्तान से हैं, उनसे ट्रॉफी स्वीकार करने से साफ़ इनकार कर दिया। परिणाम यह हुआ कि पुरस्कार वितरण समारोह घंटों तक खिंचता रहा और अंततः अधूरा रह गया। यह घटना भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। सवाल इतना भर नहीं है कि ट्रॉफी किसने थामी, बल्कि यह कि भारत ने यह कदम क्यों उठाया और इसके परिणाम क्या हैं।

क्रिकेट को अक्सर जेंटलमैन का खेल कहा जाता है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के संदर्भ में यह खेल कभी केवल खेल नहीं रहा। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव, सांस्कृतिक टकराव और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक बन चुका है। जब भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेने से





इनकार किया, तो यह स्पष्ट संदेश था कि मैदान की जीत से आगे बढ़कर भारत अपने आत्मसम्मान को सर्वोपरि मानता है। एक तरह से यह खेल और कूटनीति का उल्टा रूप था। जहाँ खेल को आमतौर पर राजनीति को नरम करने का साधन माना जाता है, वहीं भारत ने खेल का मंच उपयोग करके राजनीतिक संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बार-बार यह दावा किया गया है कि भारत अब झुकता नहीं बल्कि अपनी शर्तें तय करता है।

इस संदर्भ में टीम इंडिया का रुख़ उसी मानसिकता का विस्तार माना जा रहा है। भारत के लिए ट्रॉफी लेना केवल औपचारिकता था लेकिन जब देने वाला वही देश हो जिससे लगातार आतंकवाद, घुसपैठ और सीमा पर तनाव चलता रहा है, तो उस औपचारिकता का महत्व बदल जाता है। यह नया भारत केवल आर्थिक और सैन्य शक्ति की भाषा में नहीं बोलता बल्कि खेल के मंच पर भी राजनीतिक संदेश देने में पीछे नहीं है। इसके साथ ही घरेलू राजनीति में भी इस घटना का गहरा असर पड़ा। समर्थक वर्ग इसे मोदी युग का साहसिक कदम बता रहा है, जबकि विपक्ष इसे खेल भावना पर चोट मानता है। हालांकि जनता में इसे व्यापक रूप से आत्मगौरव की जीत के रूप में देखा गया। हर साहसिक कदम के साथ आलोचना भी जुड़ती है। भारत के इस रुख़ को लेकर कई सवाल उठे। आलोचकों का कहना है कि क्रिकेट का मूल उद्देश्य देशों के बीच दोस्ती और सौहार्द बढ़ाना है। जब आप ट्रॉफी लेने से इनकार करते हैं, तो आप खेल की आत्मा पर चोट करते हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने इस घटना पर मिला-जुला रुख अपनाया। कुछ ने इसे भारत की दबदबा दिखाने की नीति÷ कहा, तो कुछ ने इसे अहंकार÷ बताया। सवाल यह है कि क्या इससे भारत की ÷नरम शक्ति÷ को नुकसान होगा। साथ ही यह भी बहस छिड़ी कि क्या खिलाड़ियों ने यह कदम अपनी इच्छा से उठाया या बोर्ड और सरकार के दबाव में? अगर खिलाड़ी राजनीतिक निर्णयों में केवल मोहरे बन जाएँ, तो उनकी स्वतंत्रता और खेल की पवित्रता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट में विवाद कोई

**इस संदर्भ में टीम इंडिया का रुख़ उसी मानसिकता का विस्तार माना जा रहा है। भारत के लिए ट्रॉफी लेना केवल औपचारिकता था लेकिन जब देने वाला वही देश हो जिससे लगातार आतंकवाद, घुसपैठ और सीमा पर तनाव चलता रहा है, तो उस औपचारिकता का महत्व बदल जाता है। यह नया भारत केवल आर्थिक और सैन्य शक्ति की भाषा में नहीं बोलता बल्कि खेल के मंच पर भी राजनीतिक संदेश देने में पीछे नहीं है। इसके साथ ही घरेलू राजनीति में भी इस घटना का गहरा असर पड़ा। समर्थक वर्ग इसे मोदी युग का साहसिक कदम बता रहा है, जबकि विपक्ष इसे खेल भावना पर चोट मानता है। हालांकि जनता में इसे व्यापक रूप से आत्मगौरव की जीत के रूप में देखा गया। हर साहसिक कदम के साथ आलोचना भी जुड़ती है। भारत के इस रुख को लेकर कई सवाल उठे।**

नई बात नहीं है। साल 1987 में जब पाकिस्तान के राष्ट्रपति जयपुर टेस्ट देखने आए थे, तब इसे ÷क्रिकेट कूटनीति÷ कहा गया। साल 1999 में कारगिल युद्ध से पहले चेन्नई टेस्ट में पाकिस्तान की जीत और उसके बाद की राजनीतिक हलचल को भी आज तक याद किया जाता है। साल 2008 में मुंबई हमलों के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला हमेशा के लिए रोक दी। साल 2023 में एशिया कप को लेकर स्थान विवाद खड़ा हुआ, जहाँ भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया और अंततः प्रतियोगिता संयुक्त रूप में आयोजित हुई। इन घटनाओं की पृष्ठभूमि में देखें तो साल 2025 की घटना कोई अलग घटना नहीं, बल्कि उसी लंबे सिलसिले का हिस्सा है।

इस घटना के दूरगामी परिणाम भी हो सकते हैं। एशियाई क्रिकेट परिषद का मुख्यालय भले दुबई में है लेकिन पाकिस्तान लंबे समय से इसमें प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करता रहा है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसकी सहमति के बिना कोई ढांचा नहीं चल सकता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद तटस्थता का दावा करती है लेकिन अगर बड़ी टीमों में से एक यानी भारत इस तरह के कदम उठाकर राजनीतिक संदेश देती है, तो परिषद को मजबूरी में अपना रुख़ तय करना होगा। बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान जैसी टीमें इस खींचतान के बीच कहाँ खड़ी होंगी, यह भी देखने वाली बात है। भारत का यह रुख़ निश्चित रूप से नए भारत का प्रतीक है।

## वैश्विक परिदृश्य में धमक बढ़ाता भारत

**सुरेश सिंह**

भारत आज विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभर रहा है। 2025 तक भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी बनने की दिशा में अग्रसर है, जिसके पीछे इसकी लगातार आर्थिक वृद्धि और युवा कार्यबल की भूमिका है। भारत की 28.2 वर्ष की माध्य आयु इसे नवाचार और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण लाभ देती है, जो वैश्विक प्रभाव बढ़ाने में मददगार है।

भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से भारत का महत्व अत्यधिक है। एशिया के संगम स्थल पर स्थित भारत, हिंद महासागर में प्रमुख समुद्री मार्गों पर नियंत्रण रखता है और क्वाड, शंघाई सहयोग संगठन, एससीओ, ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय मंचों में अपनी सक्रिय भागीदारी से वैश्विक शासन संरचना में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा, भारत के पास चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा सक्रिय सैन्य बल है, जो उसे रणनीतिक स्वायत्तता व सामरिक ताकत प्रदान करता है। वहीं भारत की वैश्विक पहचान उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, तीन करोड़ से अधिक प्रवासी भारतीयों की शक्ति और योग, फिल्म उद्योग जैसे सॉफ्ट पावर उपकरणों के माध्यम से भी मजबूत हो रही है। इसके साथ ही भारत तकनीकी नवाचार, डेटा गवर्नेंस और डिजिटल पब्लिक गुड्स जैसे क्षेत्रों में भी वैश्विक नेतृत्व करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। हालांकि भारत को रणनीतिक स्पष्टता और संस्थागत क्षमता बढ़ाने की चुनौतियों का सामना भी है, साथ ही विकास की असमानताएँ राष्ट्रीय एकता और वैश्विक भूमिका पर असर डालती हैं। फिर भी, भारत अमेरिका, रूस और चीन के साथ संतुलित साझेदारी तेरह करोड़ से अधिक प्रवासी भारतीयों की शक्ति और यांग,फिल्म उद्योग जैसे सॉफ्ट पावर उपकरणों के माध्यम से भी मजबूत हो रही है। इसके साथ ही भारत तकनीकी नवाचार, डेटा गवर्नेंस और डिजिटल पब्लिक गुड्स जैसे क्षेत्रों में भी वैश्विक नेतृत्व करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। हालांकि भारत को रणनीतिक स्पष्टता और संस्थागत क्षमता बढ़ाने की चुनौतियों का सामना भी है, साथ ही विकास की असमानताएँ राष्ट्रीय एकता और वैश्विक भूमिका पर असर डालती हैं। फिर भी, भारत अमेरिका, रूस और चीन के साथ संतुलित साझेदारी स्थापित कर अपनी वैश्विक महाशक्ति बनने की यात्रा पर लगातार अग्रसर है।

भारत की वैश्विक प्रभावशीलता तकनीकी प्रगति, कूटनीति और सांस्कृतिक शक्ति के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही है। इस प्रकार, भारत न केवल आर्थिक और सैन्य रूप से बल्कि कूटनीतिक, सांस्कृतिक और तकनीकी दृष्टिकोण से भी एक समेकित वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है, जो आने वाले दशकों में विश्व राजनीतिक एवं आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दे सकता है। भारत एक विशाल और विविधतापूर्ण देश होने के कारण कई सुरक्षा और सामरिक चुनौतियों का सामना करता है। प्रमुख चुनौतियाँ हैं।जैसे सीमा विवादः भारत के विभिन्न पड़ोसी देशों जैसे चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर विवाद और तनाव लगातार बना रहता है, जिससे सैन्य संघर्ष की संभावना रहती है। आतंकवाद और उग्रवादः जम्मू-कश्मीर, उत्तर-पूर्व, और मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में आतंकवादी और नक्सलवादी विद्रोह सक्रिय हैं, जो देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। साइबर सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयारी करनी होगी। तकनीकी विस्फोट के कारण साइबर हमलों में वृद्धि हुई है, जो सरकारी, सैन्य और नागरिक अवसंरचना को प्रभावित कर सकते हैं। वही संगठित अपराध और तस्करी अवैध हथियार, मादक पदार्थों की तस्करी, और द्वेषपूर्ण समूहों की गतिविधियाँ देश की समग्र सुरक्षा को चुनौतियाँ देती हैं। खुफिया और सुरक्षा एजेंसाओं की क्षमता और समन्वय के लिए और काम करने की जरूरत है।सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसाओं के बीच बेहतर समन्वय और आधुनिक तकनीक के उपयोग की आवश्यकता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए भारत को अत्याधुनिक हथियार, मिसाइल प्रणाली और निगरानी तकनीकों का विकास और तैनाती जरूरी है ताकि सीमा और आंतरिक खतरों से त्वरित और प्रभावी निपटारा हो सके। केंद्र और राज्यों के बीच सूचनाओं का तालमेल बढ़ाना और विशेषज्ञ तकनीकी खुफिया इकाइयों का गठन आवश्यक है।



## राशिफल

**मेषः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

**धनुः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

# समाज के सहयोग से संघ शताब्दी यात्रा सुगम बनी

**दत्तात्रेय होसबाले**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य को अभी सौ वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस सौ वर्ष की यात्रा में कई लोग सहयोगी और सहभागी रहे हैं। यह यात्रा परिश्रम पूर्ण और कुछ संकटों से अवश्य घिरी रही, परंतु सामान्य जनों का समर्थन उसका सुखद पक्ष रहा। आज जब शताब्दी वर्ष में सोचते हैं तो ऐसे कई प्रसंग और लोगों का स्मरण आता है, जिन्होंने इस यात्रा की सफलता के लिए स्वयं सब कुछ समर्पित कर दिया। प्रारंभिक काल के वे युवा कार्यकर्ता एक योद्धा की तरह देश प्रेम से ओत-प्रोत होकर संघ कार्य के लिए देशभर में निकल पड़े। अप्पाजी जोशी जैसे गृहस्थ कार्यकर्ता हों या प्रचारक स्वरूप में दादाराव परमार्थ, बालासाहब एवं भाऊराव देवरस बंधु, यादवराव जोशी, एकनाथ रानडे आदि लोग डॉक्टर हेडगेवार जी के सान्निध्य में आकर संघ कार्य को राष्ट्र सेवा का जीवनव्रत मानकर जीवन पर्यन्त चलते रहे।

संघ का कार्य लगातार समाज के समर्थन से ही आगे बढ़ता गया। संघ कार्य सामान्य जन की भावनाओं के अनुरूप होने के कारण शनैः शनैः इस कार्य की स्वीकार्यता समाज में बढ़ती चली गई।



स्वामी विवेकानंद से एक बार उनके विदेश प्रवास में यह पूछा गया कि आपके देश में तो अधिकतम लोग अनपढ़ हैं, अंग्रेज़ी तो जानते ही नहीं हैं, तो आपकी बड़ी-बड़ी बातें भारत के लोगों तक कैसे पहुंचेगी? उन्होंने कहा कि जैसे चीटियों को शक्कर का पता लगाने के लिए अंग्रेज़ी सीखने की ज़रूरत नहीं है, वैसे ही मेरे भारत के लोग अपने आध्यात्मिक ज्ञान के चलते किसी भी कोने में चल रहे सात्विक कार्य को तुरंत समझ जाते हैं व वहीं वो चुपचाप पहुंच जाते हैं। इसलिए वे मेरी बात समझ जाएंगे। यह बात सत्य सिद्ध हुई। वैसे ही संघ के इस सात्विक कार्य को सामान्य जन से स्वीकार्यता और समर्थन लगातार मिल रहा है।

संघ कार्य के प्रारंभ से ही संपर्कित व नये-नये सामान्य परिवारों द्वारा संघ कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद व आश्रय प्राप्त होता रहा। स्वयंसेवकों के परिवार ही संघ कार्य संचालन के केंद्र रहे। सभी माता-भगिनियों के सहयोग से ही संघ कार्य को पूर्णता प्राप्त हुई। दत्तोपंत ठेंगड़ी या यशवंतराव केलकर, बालासाहेब देशपांडे तथा एकनाथ रानडे, दीनदयाल उपाध्याय या दादासाहेब आपटे जैसे लोगों ने संघ प्रेरणा से समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में संगठनों को खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई। ये सभी संगठन वर्तमान समय में व्यापक विस्तार के साथ-साथ उन क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

समाज की बहनों के मध्य इसी राष्ट्र कार्य हेतु राष्ट्र सेविका समिति के माध्यम से मौसी जी केलकर से लेकर प्रमिलाताई मेढ़े जैसी मातृसमान हस्तियों की भूमिका इस यात्रा में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। संघ द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय हित के कई विषयों को उठाया गया। उन सभी को समाज के विभिन्न लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ, जिनमें कई बार सार्वजनिक रूप से विरोधी दिखने वाले लोग भी शामिल रहे। संघ का यह भी प्रयास रहा कि व्यापक हिंदू हित के मुद्दों पर सभी का सहयोग प्राप्त किया जाए। राष्ट्र की एकात्मता, सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द तथा लोकतंत्र एवं धर्म-संस्कृति की रक्षा के कार्य में असंख्य स्वयंसेवकों ने अवर्णनीय कष्ट का सामना किया और सैकड़ों का बलिदान भी हुआ। इन सबमें समाज के संबल का हाथ हमेशा रहा है। वर्ष 1981 में तमिलनाडु के मीनाक्षीपुरम में भ्रमित करते हुए कुछ हिंदुओं का मतांतरण करवाया गया। इस महत्वपूर्ण विषय पर हिंदू जागरण के क्रम में आयोजित लगभग पांच लाख की उपस्थिति वाले सम्मेलन की अध्यक्षता करने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. कर्णसिंह उपस्थित रहे।

1964 में विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना में प्रसिद्ध संन्यासी स्वामी चिन्मयानंद, मास्टर तारा सिंह व जैन मुनी सुशील कुमार जी, बौद्ध भिक्षु कुशोक बकुला व नामधारी सिख सद्गुरु जगजीत सिंह की प्रमुख सहभागिता रही। हिन्दू शास्त्रों में अस्पृश्यता का कोई स्थान नहीं है यह पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से श्री गुरुजी गोलवलकर की पहल पर उडुपी में आयोजित विश्व हिंदू सम्मेलन में पूज्य धर्माचार्यों सहित सभी संत-महंतों का आशीर्वाद व उपस्थिति रही। जैसे प्रयाग सम्मेलन में न हिंदुः पतितो भवेत् (कोई हिन्दू पतित नहीं हो सकता) का प्रस्ताव स्वीकार हुआ था वैसे ही इस सम्मेलन का उद्घोष था- हिंदवः सोदराः सर्वे अर्थात सभी हिन्दू भारत माता के पुत्र हैं। इन सभी में तथा गौहत्या बंदी का विषय हो या राम जन्मभूमि अभियान, संतों का आशीर्वाद संघ स्वयंसेवकों को हमेशा प्राप्त होता रहा है। स्वाधीनता के तुरंत पश्चात राजनीतिक कारणों से संघ कार्य पर तत्कालीन सरकार द्वारा जब प्रतिबंध लगाया गया, तब समाज के सामान्य जनों के साथ अत्यंत प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने विपरीत परिस्थितियों में भी संघ के पक्ष में खड़े होकर इस कार्य को संबल प्रदान किया। यही बात आपातकाल के संकट समय में भी अनुभव में आई। यही कारण है कि इतनी बाधाओं के बाद भी संघ कार्य अक्षुण्ण रूप से निरंतर आगे बढ़ रहा है। इन सभी परिस्थितियों में संघ कार्य एवं स्वयंसेवकों को संभालने का दायित्व हमारी माता-भगिनियों ने बड़ी कुशलता से निभाया। यह सभी बातें संघ कार्य के लिए सर्वदा प्रेरणास्रोत बन गयी हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### कोतवाली की कमान संभाली छात्रा आशी गुप्ता ने, सुनीं फरियाद, दिए समाधान के निर्देश



गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति-नारी सशक्तिकरण अभियान के तहत बेटियों को नेतृत्व व प्रशासनिक अनुभव प्रदान करने की पहल के क्रम में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा आशी गुप्ता, पुत्री श्री सत्येंद्र गुप्ता, निवासी सिनेमा रोड को एक दिन का कोतवाल बनाया गया। उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ कोतवाली की कमान संभालते हुए फरियादियों की शिकायतें सुनीं समाधान के निर्देश भी दिए। छात्रा आशी गुप्ता ने कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया और विभिन्न विभागीय कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने थाने में उपस्थित महिला हेल्प डेस्क, जन सुनवाई रजिस्टर, एफआईआर प्रक्रिया, सीसीटीएनएस प्रणाली तथा अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी लेते हुए पुलिस अधिकारियों से प्रश्न भी पूछे। ड्यूटी के दौरान आशी गुप्ता ने फरियादियों की शिकायतों में विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने महिला उत्पीड़न, घरेलू विवाद व साइबर अपराध जैसी शिकायतों को गंभीरता से लिया और संबंधित कर्मचारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान फरियादी भी एक दिन की कोतवाल के व्यवहार से संतुष्ट नजर आए।

### एसआरजीएमए में गूंजे जय श्रीराम के स्वर, रामकथा मंचन में दिखा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)। श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल अकादमी (एसआरजीएमए) में मंगलवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेने हेतु श्रीरामकथा मंचन का भव्य आयोजन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में रमन हाउस, अशोका हाउस, टैगोर हाउस और शिवाजी हाउस के छात्रों ने रामकथा के विभिन्न प्रसंगों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान मंच पर भगवान श्रीराम की लीलाओं को जीवंत करते छात्रों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों की प्रस्तुतियों पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर शिक्षक राजीव प्रकाश शर्मा ने श्रीराम के आदर्शों और उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन हमें सच्चाई, धर्म और कर्तव्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में उतारें। डायरेक्टर मोहित पुरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छाई चाहे जितनी भी कठिन राह पर हो, अंततः विजय उसी की होती है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संगम गुप्ता ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण, शिक्षिकाएं तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनता दर्शन में उमड़ा जनसैलाब, झंडी राजमहल में मिल रहा त्वरित न्याय

निघासन खीरी। झंडी राजमहल में जनता दर्शन का सिलसिला इन दिनों लगातार सुर्खियों में है। रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर यहां पहुंच रहे हैं। आमजन की फरियादें सुनने और उनका निस्तारण कराने के कारण राजमहल क्षेत्रीय जनता के लिए उम्मीद और भरोसे का केंद्र बन गया है।जनता दर्शन में उमड़ रही भीड़ इस बात का प्रमाण है कि लोगों को यहां न्याय की गारंटी महसूस होती है। बिजली, पानी, भूमि विवाद, राशन, स्वास्थ्य और विभागीय लापरवाही जैसी समस्याएं लेकर आए ग्रामीणों की बातें राजा राज राजेश्वर सिंह पूरे धैर्य के साथ सुनते हैं। खास बात यह है कि वे शिकायतों को केवल सुनते ही नहीं, बल्कि मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से संपर्क साधकर समाधान के निर्देश भी देते हैं। क्षेत्रीय जनता का कहना है कि राजमहल में हर बार उन्हें अपनी समस्याओं का त्वरित निस्तारण मिलता है।

# मिशन शक्तिः बेटियों ने संभाली पुलिस की कमान

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश सरकार की पहल मिशन शक्ति नारी सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत जिलेभर में छात्राओं को नेतृत्व व प्रशासनिक अनुभव प्रदान करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विभिन्न छात्राओं ने एक दिन के लिए थाना प्रभारी व क्षेत्राधिकारी (सीओ) की जिम्मेदारी संभाली और फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए समाधान के निर्देश दिए।

गोला गोकर्णनाथ में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा आशी गुप्ता ने एक दिन की कोतवाल बनकर थाने का संचालन किया। उन्होंने हेल्प डेस्क, एफआईआर प्रक्रिया, सीसीटीएनएस प्रणाली सहित थाने की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और फरियादियों की समस्याओं पर गंभीरता से कार्रवाई के निर्देश दिए। पलिया कोतवाली में तेज महिन्द्रा सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा साक्षी त्रिपाठी को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। उन्होंने महिला शक्ति केन्द्र व साइबर हेल्पलाइन कक्ष का निरीक्षण किया और महिला सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न आपातकालीन सेवाओं (112, 1090, 181, 108/102, 1098, 1930, 1076 आदि) की जानकारी दी। निघासन में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा कशिश गौतम एक दिन की सीओ बनीं। उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण की प्रक्रिया को समझा। कशिश ने कहा कि यह अनुभव उनके जीवन का अविस्मरणीय पल है और भविष्य में वे पुलिस अधिकारी बनकर सेवा करना चाहती हैं। मोहम्मदी कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गुरैला विद्यालय की छात्रा सुनैना देवी ने प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा व मिशन शक्ति पर संगोष्ठी हुई। पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिंह, तहसीलदार अरुण कुमार व कोतवाल उमेश चन्द्र चौरसिया सहित अन्य अधिकारियों ने छात्राओं को निडर व आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। इसके अलावा लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने महिला यात्रियों और छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान की जानकारी दी।



पुलिसकर्मियों ने हेल्पलाइन नंबर (1090, 112, 108, 1098, 102, 181, 1076) साझा करते हुए महिलाओं को किसी भी असामाजिक गतिविधि की स्थिति में तुरंत पुलिस से मदद लेने की अपील की। जिलेभर में हुए इन आयोजनों से बालिकाओं और महिलाओं में आत्मविश्वास जागा और नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।

### मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत काली फिल्म लगी गाड़ी पर पुलिस की कार्रवाई



धौरहरा, खीरी। मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत कोतवाली धौरहरा पुलिस ने मंगलवार को नगर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लखनऊ निवासी की कार (नंबर UP31L0464) पर अवैध रूप से काली फिल्म लगी पाई गई। टीम ने वाहन स्वामी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए चालान किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर के पर्यवेक्षण तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुबे के नेतृत्व में की गई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा व अपराध नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। नियम विरुद्ध काली फिल्म लगे वाहनों पर आगे भी सख्ती बरती जाएगी और लगातार चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

## मुख्य शीर्षक-शिक्षक संबद्धिकरण पर संग्रामः शासनादेश धरे रह गए, अधिकारियों की मनमानी हावी

- उप शीर्षक-महानिदेशक ने चार साल में 10 आदेश दिए, फिर भी चार शिक्षक संभाल रहे कई विद्यालयों का चार्ज
- बीईओ बोले-व्यवहारिकता देखनी पड़ती है, संगठन ने आरोप लगाया, चहेतों को मिल रहा लाभ

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में नियम विरुद्ध शिक्षकों के संबद्धिकरण का मुद्दा अब गरमाता जा रहा है। एक तरफ महानिदेशक शिक्षा द्वारा पिछले चार वर्षों में दस बार यह स्पष्ट आदेश दिए जा चुके हैं कि किसी भी प्रकार का अटैचमेंट या संबद्धिकरण नहीं किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर अधिकारी व्यावहारिकता के नाम पर इन आदेशों को दरकिनार करते नज़र आ रहे हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उ.प्र. ने बांकेगंज ब्लॉक का उदाहरण देते हुए आरोप लगाया है कि यहां चार शिक्षक ऐसे हैं जो न केवल अपने विद्यालय का चार्ज संभाल रहे हैं, बल्कि दो से तीन अन्य विद्यालयों का भी प्रभार लिए हुए हैं। संगठन का कहना है कि यह पूरी तरह नियमविरुद्ध है और इसका खामियाजा बच्चों की पढ़ाई और शिक्षकों के मनोबल को भुगतना पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मौर्य ने चेतावनी दी है कि यदि इन शिक्षकों को उनके मूल विद्यालय वापस नहीं भेजा गया तो इसकी लिखित शिकायत सीधे महानिदेशक को भेजी जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग होगी। मामले पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि ज्ञापन दिए जाने की जानकारी नहीं है अगर दिया गया होगा तो संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को भेजकर जांच कराई जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार कार्रवाई की जाएगी। लेकिन जब इस पर खंड शिक्षा अधिकारी बांकेगंज राकेश चौधरी से सवाल किया गया तो उन्होंने शिकायत को गलत ठहराया। चौधरी ने कहा- अब वे शिक्षक ए.आर.पी. नहीं बल्कि सामान्य शिक्षक हैं। कई बार ऐसी कंडीशनल परिस्थितियां आ जाती हैं जब मुझे विद्यालय चलाने के लिए प्रभार किसी और को देना पड़ता है। यदि कोई शिक्षक चार्ज वापस मांगता है तो मैं उसे देने को भी तैयार हूं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि नियम अपनी जगह हैं लेकिन व्यवहारिक पक्ष भी देखना पड़ता है। ÷यदि किसी विद्यालय का एक शिक्षक निलंबित हो जाए और दूसरी महिला शिक्षक मातृत्व अवकाश पर चली जाए, तो विद्यालय बंद न हो, इसके लिए मैं अपने प्रशासनिक स्तर पर ही व्यवस्था करता हूं। विद्यालय का संचालन कराना मेरी जिम्मेदारी है। यहीं पर अब सवाल उठ रहे हैं। एक ओर शासनादेश सख्ती से संबद्धिकरण पर रोक लगाते हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी नियमों के बजाय अपनी विवशताओं का हवाला देते हैं। संगठन का आरोप है कि इस प्रक्रिया में कई बार अधिकारियों द्वारा अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की स्थिति भी बन जाती है। यही कारण है कि शिक्षकों और अभिभावकों में संदेह गहराता जा रहा है कि आखिर नियमों के रहते मनमानी क्यों हो रही है। अब देखना यह होगा कि जांच के बाद जिला प्रशासन शासनादेश की कसौटी पर खरा उतरता है या फिर व्यावहारिकता के नाम पर नियमों को लचीला बनाकर अधिकारियों की कार्यशैली को ही सही ठहराता है।



### पत्नी व ससुराल पक्ष के उकसावे और तानों से युवक ने पी जहरीली दवा, मौत

ईसानगर, खीरी। खमरिया थाना क्षेत्र के राजापुर बाजार में पारिवारिक कलह ने एक परिवार को झकझोर दिया। पत्नी और ससुराल पक्ष के ताने और लगातार इंकार से आहत युवक ने जहरीली दवा पीकर जान दे दी।
राजापुर बाजार निवासी रामखेलावन ने खमरिया थाने में तहरीर दी कि उनके बेटे हीरालाल की शादी करीब 12 साल पहले गांव के ही स्व. शिवनारायण की पुत्री वर्षारानी से हुई थी। दंपति के दो बेटे हैं। सितंबर में वर्षा मायके चली गई थी। इसके बाद हीरालाल पत्नी को लेने कई बार गया, लेकिन हर बार ससुराल पक्ष ने डांटकर भगा दिया और पत्नी ने भी मुंह देखने से इनकार कर दिया।
29 सितम्बर की सुबह करीब 8:30 बजे जब पिता रामखेलावन बहू को लेने ससुराल गए, तो वर्षा व उसके परिजनों ने साफ मना कर दिया।

### युवक पांच दिन से लापता, तलाश जारी, शारदा नदी पुल पर मिली थीं चप्पलें

बिजुआ खीरी। भीरा थाना क्षेत्र के जगनपुरवा निवासी एक युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। शुक्रवार को घर से गांव जाने की बात कहकर निकले रमेश यादव (35) का पांच दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों की हालत बदहवास है और पुलिस लगातार खोजबीन में जुटी हुई है।

लापता होने के अगले ही दिन शनिवार को रमेश की चप्पलें शारदा नदी के पुल पर मिली थीं, जिसके बाद आशंका जताई जा रही है कि वह नदी की ओर गए होंगे। बाढ़ राहत दल की पीएसी बटालियन लगातार मोटरबोट से नदी में तलाश कर रही है। खोज अभियान में हेड कांस्टेबल विजेंद्र दुबे, कांस्टेबल वर्मा, दिनेश कुमार, अमित सोलंकी, अनिल कुमार, रमन सिंह और दुर्जन सिंह शाक्य शामिल हैं। भीरा थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है और परिजनों से लगातार संपर्क बनाए हुए है। रमेश की पत्नी सरला का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चों हर्षित (10) और रिया की आंखें अपने पिता की राह तकते-तकते थक चुकी हैं। परिवारजन और ग्रामीण स्वयं भी खोजबीन में जुटे हुए हैं।



## हफीजपुर में मुंडन कार्यक्रम के दौरान दबंगों का कहर, तीन घायल

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र के ग्राम हफीजपुर भुसौरिया में मुंडन कार्यक्रम के दौरान कुछ दबंग युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, बीते 29 और 30 सितंबर की रात को ग्राम निवासी बरसाती लाल के घर उसकी बेटी के मुंडन संस्कार का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान गांव के ही सोनू उर्फ टिंका, मोहित उर्फ फुलारा और दुर्लभ नामक युवक बाइक से आए और घर की महिलाओं की ओर अश्लील इशारे करने लगे। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए और शराब के नशे में कुर्सियों पर बैठकर अभद्रता करने लगे। पीड़ित बरसाती जब शिकायत करने चौकी की ओर निकले तो रास्ते में ही सरकारी स्कूल भुसौरिया के पास आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बरसाती का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। इसी बीच आरोपियों ने बरसाती के चचेरे भाई हरिओम और शांतनू के घर में भी घुसकर मारपीट की। दोनों के सिर फटने के साथ शरीर पर गंभीर चोटें आईं। घायलों ने स्थानीय पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मेडिकल परीक्षण की मांग की है। गांव वालों के अनुसार आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और अवैध कच्ची शराब के कारोबार में भी संलिप्त हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी थाना क्षेत्र के मोहल्ला शंकरपुर छावनी में उस समय सनसनी फैल गई जब 35 वर्षीय रामजीत की संदिग्ध हालात में घर के अंदर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मोहम्मदी कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई। सूचना मिलने पर मोहम्मदी चौकी इंचार्ज तुरंत मौके पर पहुँचे और आवश्यक जांच-पड़ताल की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मोहम्मदी क्षेत्राधिकारी (स्पेक्टर) ने बताया कि मृतक की मौत घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। अभी तक कोतवाली में परिजनों द्वारा किसी भी प्रकार की तहरीर नहीं दी गई है। थाना प्रभारी उमेश चंद्र चौरसिया ने भी पुष्टि करते हुए कहा, फिलहाल मृतक के परिजनों से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।


## त्योहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025

पहले से ही घोषित अनेक त्योहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्योहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय-सारणी निम्नानुसार होगी:-

**09309/09310 इंदौर जं. - हज़रत निज़ामुद्दीन - इंदौर जं. सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (सप्ताह में दो दिन)** — 36 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09309 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09310 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:00 | इंदौर जं. | 21:00 | --- |
| 05:00 | --- | हजरत निजामुद्दीन | --- | 08:20 |

**चलने के दिनः 09309 इंदौर जं. से** दिनांक 03.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को) और **09310 हजरत निजामुद्दीन से** दिनांक 04.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को)।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
**ठहरावः** देवास जं., उज्जैन जं., नागदा जं., रामगंज मंडी जं., कोटा जं., सवाईमाधोपुर जं., गंगापुर सिटी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**09095/09096 बान्द्रा (टर्मि.) - अयोध्या कैंट - बान्द्रा (टर्मि.) विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09095 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09096 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:00 | बान्द्रा (टर्मि.) | 06:00 | --- |
| 17:30 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 21:00 |

**चलने के दिनः 09095 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 01.10.2025 से 19.11.2025 तक (प्रत्येक बुधवार को) और **09096 अयोध्या कैंट से** दिनांक 02.10.2025 से 20.11.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को)।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., दाहोद, मेघनगर, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ एवं बाराबंकी स्टेशन।

**09097/09098 बान्द्रा (टर्मि.)-लुधियाना जं.-बान्द्रा (टर्मि.) सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09097 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09098 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:50 | बान्द्रा (टर्मि.) | 10:20 | --- |
| 00:30 | --- | लुधियाना जं. | --- | 04:00 |

**चलने के दिनः 09097 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 05.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक रविवार को) और **09098 लुधियाना जं. से** दिनांक 07.10.2025 से 02.12.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार को)।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी।
**ठहरावः** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., कोटा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, मथुरा जं., नई दिल्ली, पानीपत एवं अंबाला कैंट स्टेशन।

**07095/07096 चर्लपल्ली - हजरत निजामुद्दीन - चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन** — 4 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07095 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07096 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 07:40 | चर्लपल्ली | 04:00 | -- |
| 16:00 | | हजरत निजामुद्दीन | -- | 19:00 |

**चलने के दिनः 07095 चर्लपल्ली** से दिनांक 07.10.2025 एवं 16.10.2025 (मंगलवार एवं गुरूवार) को और **07096 हजरत निजामुद्दीन** से दिनांक 08.10.2025 एवं 17.10.2025 (बुधवार एवं शुक्रवार) को।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** जनगांव, काजीपेट, पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, सेवाग्राम जं., नागपुर जं., आमला जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
3023/25
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### मितौली क्षेत्र में कच्ची शराब की सुलग रहीं भट्ठियां, महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी

मितौली खीरी। थाना क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने का कारोबार कुटीर उद्योग की तरह फल-फूल रहा है। कस्बे के इस्लामनगर के कई वार्डों सहित गंगारामपुरवा, रानी बेहड़, भण्डरवा, जमुनहिया, रतहरी, मैनहन, रायपुर, खुटेहना, मौसमपुर, कचियानी, टेंभरा और पलिया माफी समेत दर्जनों गांवों में शराब की भट्ठियां धड़ल्ले से सुलग रही हैं। पुलिस व आबकारी विभाग अभियान चलाते हैं, लेकिन कार्रवाई थमते ही कारोबार फिर शुरू हो जाता है। नहर और नदी किनारे खेतों व घरों में सुबह से ही शराब बनाने का काम होता है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार इस धंधे में बड़ी संख्या में महिलाएं भी पुरुषों के साथ सक्रिय हैं। शराब पीकर लौटने वाले लोग कई बार विवाद और झगड़े का कारण बनते हैं।

## रेगावां में मां दुर्गा प्रतिमा की आंख पट्टी खुलते ही गूंजे जयकारे

उतरौला( बलरामपुर)। उतरौला स्थित रेगावां ग्राम में सोमवार रात मां दुर्गा प्रतिमा की आंख की पट्टी खोली गई। यह आयोजन दुर्गा पूजा नवरात्र की सप्तमी के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। पंडित राकेश पाठक ने यह प्रक्रिया पूरी कराई। पट्टी खुलते ही पूरा पंडाल मां के जयकारों से गूंज उठा। इस वर्ष के यजमान जोगेंद्र मौर्य और उनके परिवारजनों ने प्रतिमा की आंख की पट्टी खोली। इस दौरान भक्तों ने आतिशबाजी भी की, जिसके बाद बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने महाआरती में भाग लिया। रेगावां में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने की यह परंपरा लगभग 14 साल पुरानी है। यह पर्व हर साल बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन रेगावा मित्र मंडल कमेटी द्वारा किया गया। इसमें पुनीत मौर्य को अध्यक्ष, सुभाष मौर्य को उपाध्यक्ष और अनीस वर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। सुरेश मौर्य और राजू मौर्य,रंजीत यादव, संचालक रहे, जबकि पिंटू मौर्य, साजन वर्मा, संतोष वर्मा, आकाश यादव, नंदलाल मौर्या और अजय मौर्या सहित अन्य सदस्य कार्यकर्ता के रूप में मौजूद रहे।



## सप्तमी पर सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में भव्य महाआरती, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।

सादुल्लानगर सप्तमी के पावन अवसर पर श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य महाआरती का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से आए महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। महा आरती का शुभारंभ यजमान प्रदीप गुप्ता द्वारा किया गया। पूज्य पुरोहित ओम नारायण मिश्र शास्त्री (दद्दन महाराज) एवं शुभम पांडेय के मंगल मंत्रों और शंखनाद के बीच भगवान का पांच आरतियों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर प्रांगण हर हर महादेव और जय सिद्धेश्वर नाथ के जयकारों से गूंज उठा। समिति की ओर से श्रद्धालुओं को पंचामृत और फलों का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे भक्तों ने आस्था पूर्वक ग्रहण किया। क्षेत्र में फैलाई गई अफवाहों और चोरी जैसी चर्चाओं के बावजूद भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने उत्साहपूर्वक महाआरती में शामिल होकर यह संदेश दिया कि आस्था से बड़ा कोई बल नहीं होता। अंत में श्री सिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने सभी भक्तजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं के सहयोग और सहभागिता से ही ऐसे धार्मिक आयोजनों की भव्यता बनी रहती है।



# श्री दुःख हरण नाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र पर भक्ति और परंपरा का संगम

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।

उतरौला कस्बे के हृदय स्थल पर स्थित श्री दुःख हरण नाथ मंदिर अपनी प्राचीनता, भव्यता और भक्तों की अटूट आस्था के लिए विख्यात है। वर्षभर यहां अनगिनत धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं, लेकिन शारदीय नवरात्र और चैत्र नवरात्र में आयोजित नवदिवसीय नवरात्रि पर्व का महत्व सर्वाधिक है। इन नौ दिनों के दौरान मंदिर परिसर में अलौकिक आध्यात्मिक वातावरण बनता है, जहां दूर-दराज़ से आने वाले श्रद्धालु माता बाला सुंदरी महारानी के दरबार में अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं।

मंदिर के गर्भगृह में पिंडी रूप में विराजमान मां बाला सुंदरी महारानी की पूजा नवरात्र के नौ दिनों तक वैदिक विधि-विधान से होती है। रोज़ सुबह और शाम भक्तजन माता के दर्शन कर अखंड ज्योति प्रज्वलित करते हैं। स्थानीय लोग मानते हैं कि यहां श्रद्धा से माथा टेकने वाला हर भक्त जीवन की कठिनाइयों से मुक्ति पाता है और उसके घर-आंगन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। पूरे नवरात्र में अष्टमी और नवमी तिथि का महत्व अत्यधिक है। अष्टमी के दिन मंदिर प्रांगण में विशेष यज्ञ का आयोजन किया जाता है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि में आहुतियां दी जाती हैं और हजारों श्रद्धालु इस पावन यज्ञ के साक्षी बनते हैं। वहीं नवमी की मध्य रात्रि को विशेष पूजन होता है। इस अवसर पर उतरौला नगर के अलावा आसपास के गांवों-गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर और यहां तक कि पड़ोसी जनपदों से भी भक्त बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। रात्रि भर चलने वाली इस पूजा में माता को कड़ाह प्रसाद का भोग लगाया जाता है। मान्यता है कि इस भोग का प्रसाद ग्रहण करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में धन-धान्य की कमी नहीं रहती। नवरात्रि के दौरान मंदिर प्रांगण और आसपास का इलाका भक्ति-संगीत और देवी-भजन से गूंजता रहता है। दिन में श्रद्धालु कलश स्थापना, दुर्गा सप्तशती पाठ और देवी जागरण में शामिल होते हैं, जबकि रात को अखंड भजन मंडलियों की मधुर स्वर लहरियां माहौल को आध्यात्मिक बनाती हैं। दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए जाते हैं। सुरक्षा और स्वच्छता पर भी खास ध्यान दिया जाता है।



मंदिर के महंत मयंक गिरी ने नवरात्रि पर्व की तैयारियों के बारे में बताया,श्री दुःख हरण नाथ मंदिर की नवरात्रि परंपरा सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है। मां बाला सुंदरी महारानी की कृपा से यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होती है। अष्टमी यज्ञ और नवमी के मध्य रात्रि पूजन का महत्व पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों में आस्था का केंद्र रहा है। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि यह मंदिर न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक धरोहर भी है। यहां परंपरागत रूप से कई पीढ़ियों से नवरात्रि अनुष्ठान किए जाते रहे हैं। नगर के व्यापारी और आमजन मंदिर की सेवा और आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। महिलाएं पारंपरिक परिधान में माता की आरती और कन्या पूजन में भाग लेकर नारी शक्ति का सम्मान करती हैं।उत्तर प्रदेश ही नहीं, पड़ोसी राज्यों से भी यहां श्रद्धालु पहुंचते हैं। बलरामपुर के अलावा गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती और नेपाल के तराई क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में भक्त यहां आते हैं। कई श्रद्धालु वर्षों से यहां नियमित रूप से माता का दर्शन कर रहे हैं। उनका मानना है कि यहां की सकारात्मक ऊर्जा जीवन में नई दिशा प्रदान करती है। श्री दुःख हरण नाथ मंदिर का शारदीय नवरात्र पर्व सिर्फ धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आस्था, संस्कृति और लोक परंपरा का अद्भुत संगम है। नौ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में हर आयु वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। महंत मयंक गिरी के शब्दों में, यह मंदिर उतरौला की आत्मा है, और मां बाला सुंदरी की कृपा से यह उत्सव आने वाली पीढ़ियों तक इसी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता रहेगा।इस प्रकार, उतरौला का यह नवरात्र पर्व पूरे क्षेत्र में आस्था का दीप जलाता है, जो भक्तों को धर्म, भक्ति और संस्कार की अनमोल धरोहर से जोड़ता है।

# कपड़े की दुकान में साड़ियां चुराते धरी गईं महिलाएं

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा में मंगलवार की दोपहर बाद कपड़े की दुकान पर पहुंची लगभग आधा दर्जन महिलाओं ने साड़ियां चोरी कर ली। दुकान दार के विरोध करने पर महिलाओं ने मारपीट शुरू कर दी। मालिक के शोर मचाने पर व्यापारियों व ग्राहकों ने पांच महिलाओं को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। दिन दहाड़े हुई इस घटना से व्यापारी भयभीत हैं।



कस्बा में मुख्य बाजार वाली सर्राफा गली में नवीन वस्त्र भंडार है। दोपहर लगभग दो बजे राजस्थानी वेश भूषा में 5 महिलाएं दुकान के अंदर पहुँची और साड़ियां दिखाने को कहा। दुकान मालिक युवक नितिन व उसके पिता राजेश कुमार अग्रवाल डम्मू साड़ियां दिखाने लगे। काफी देर तक दुकान मालिक को उलझाए रखने के बाद महिलाएं साड़ी लेने से मना करते हुए दुकान से जाने लगीं। दुकान मालिक नितिन अग्रवाल ने बताया कि दिखाने के बाद उन्होंने देखा कि कई साड़ियां गायब हैं। उसने महिलाओं को रोकते हुए गायब साड़ियां मांगी।इसी बात पर महिलाओं ने दुकान मालिक पर अपने नाखूनों से नोचते हुए भागने का प्रयास किया। दुकान मालिक ने शोर मचा दिया। देखते ही देखते सैकड़ों व्यापारियों व ग्राहकों की भीड़ एकत्रित हो गई और लोगों ने पांच महिलाओं को पकड़ लिया। जबकि पहले से ही दुकान के बाहर मौजूद दो महिलाएं भाग निकलने में सफल रही। पकड़े जाने के बाद महिलाओं ने अपने शरीर में छिपाकर रखी साड़ियां वापस देते हुए माफी मांगने लगी। इसी समय सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को हिरासत में लेकर थाने लाकर पूंछताछ शुरू कर दी है।

**घटना को अंजाम देते समय अलग-अलग बैठी हुईं थीं महिलाएं**

बताते हैं कि लगभग 2:00 बजे सड़क पर बोलोरो गाड़ी से सात महिलाएं दो बच्चे और एक पुरुष उतरे थे और नवीन वस्त्र भंडार पर घटना को अंजाम देने के पहले इसी गली में स्थित अमित ज्वेलर्स की दुकान पर यही पांच महिलाएं पहुंची थी और पायल दिखाने की बात कही थी।

महिलाओं की गतिविधियां संदिग्ध देखते हुए व्यापारी के सजग हो जाने के कारण उक्त महिलाएं आगे बढ़ गई थी यही नहीं वस्त्र भंडार में जाने के पहले उन्होंने बाजार के चक्कर लगाए और फिर दुकानदार नितिन अग्रवाल के बूढ़े पिता को दुकान में अकेला देखकर साड़ी खरीदने के बहाने अंदर आ गई। घटना को अंजाम देते समय पांचो महिलाएं अलग-अलग बैठी हुई थी। और चोरी को अंजाम देने के बाद जल्दी-जल्दी जाने लगी थी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के रायपुर मजरे पोखरा गांव में सोमवार की रात एक विवाहिता की मौत हो गई।मायका पक्ष ने ससुरालियो पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जाँच पड़ताल कर रही है। थाना सुबेहा के गुलामाबाद गांव निवासी रिंकू बाजपेई ने बताया कि चार वर्ष पहले 1 जुलाई 2021 को उसने अपनी बहन मोहिनी का विवाह हैदरगढ़ के रायपुर मजरे पोखरा गांव निवासी अरविंद द्विवेदी पुत्र अनूप द्विवेदी के साथ किया था। बताया कि सास.ससुर व ननद उसकी बहन को दहेज के लिए आए दिन प्रताड़ित करते रहते थे।पति अरविंद मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण पत्नी के उत्पीड़न का विरोध नहीं करता था। बताया कि सोमवार की रात उसको सूचना मिली कि उसकी बहन की मौत हो गई है। मायके वाले रायपुर गांव पहुंचे तो देखा कि मोहिनी जमीन पर मरी पड़ी है। आरोप लगाया कि सास.ससुर व ननद मायके वालों को ही धमकाने लगी। मृतका के भाई ने बताया कि तीन दिन पहले उसकी बहन की बेरहमी से पिटाई की गई थी।उसका इलाज भी नहीं कराया गया।आरोप लगाया कि सास.ससुर व ननद ने उसकी बहन की हत्या कर दी है।कोतवाल अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजकर जांच की जा रही है।

## किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय हाईस्कूल चौबीसी में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन डॉ विजयशंकर पांडे अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देवी प्रसाद यादव द्वारा किशोरियों का वजन व लंबाई हीमोग्लोबिन टेस्ट, मेहदी प्रतियोगिता व रोल प्ले के माध्यम से पोषण में सुधार, माहवारी स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता यौन प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार शादी की सही उम्र क्या है एवं नशा वृद्धि पर रोकथाम परपर प्रकाश डाला गया।

## अनाधिकृत संचालन करते मिलने पर 5 ऑटो सीज दस का कटा चालान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** परमिट शर्तो का उल्लंघन करने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन एंव यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष चेकिंग आपरेशन चलाया। इस दौरान परमिट एंव अन्य आवश्यक दस्तावेजों के बिना अनाधिकृत रूप से संचालन करने वाले ऑटो के खिलाफ कार्यवाही कर वाहनों को जब्त तथा जुर्माना भी लगाया गया। आज फतेहपुर देवा मार्ग पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने अनाधिकृत संचालन करते हुये मिलने पर 5 ऑटो को थानो मे निरुद्ध किया। तथा अन्य अभियोगो मे 10 वाहनो के चालान किये।

# बाइक की दिग्गी से एक लाख की रकम चोरी, सीसीटीवी कैमरे से पकड़ा गया चोर

**मसौली बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को सफ्दरगंज थाने से महज 2 सौ मीटर की दूरी पर स्थित केनरा बैंक के सामने खड़ी बाइक की डिग्गी से एक युवक ने एक लाख की नगदी चोरी कर ली बैंक के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मे आये चोर की तलाश मे सफ्दरगंज पुलिस लगी हुई है। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम उधौली निवासी अंशुल गुप्ता की गिट्टी मौरंग की दुकान पर विगत 10 वर्षो से काम करने वाले संदीप कुमार पुत्र रामसागर मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे कस्बा सफ्दरगंज स्थित केनरा बैंक के सामने बाईक को खड़ी कर बैंक के अंदर आरटीजीएस करने के लिए बैंक के अंदर फार्म लेने चला गया



तभी थाने की ओर से पैदल आये एक कम उम्र के युवक ने बाईक मे लगे थैले मे रखे बैग को निकाल कर कस्बे की ओर पैदल चला गया जो बैंक के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मे कैद हो गया है। बैंक मे पैसा जमा करने आये युवक संदीप कुमार पुत्र राम सागर ने बताया कि आरटीजीएस करने के लिए दुकान से पैसा लेकर आया था तथा फार्म लेने के लिए बैंक के अंदर गया और जब बाहर निकला तो बाईक मे बंधे थैला खुला हुआ था और थैले मे रखा बैग गायब था जिसमे एक लाख रुपये की नगदी थी। पीड़ित ने तुरंत थाना सफ्दरगंज एव शाखा प्रबंधक को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो एक कम उम्र का युवक बाईक खड़ी करने के बाद कुछ सेकंडो मे बैग निकालते हुए दिखाई दे रहा है।

थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि बैंक सामने खड़ी बाईक से चोरी करते हुए एक नाबालिग बच्चे का फूटेज मिला है जिसके आधार पर आसपास के अन्य सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे है तथा युवक की पहचान कराई जा रही हैं जिसका जल्द से जल्द खुलासा कर लिया जायेगा।

# रामलीला में लंका दहन व फौज रवानगी का हुआ मंचन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

रामरसामृत सागर नाटक के आधार पर पिछले 200 वर्षो से रामलीला कोठी के मैदान में होते आ रहे रामलीला मंचन के दसवें दिन राम हनुमान के मिलन से लेकर लंका दहन व फौज रवानगी तक की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान अयोध्या से आए कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा किए गए भावपूर्ण अभिनय से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

शबरी के बताएं मार्ग पर चलते हुए भगवान राम लक्ष्मण के साथ ऋष्यमूक पर्वत की ओर प्रस्थान करते हैं। प्रभु राम और लक्ष्मण को पर्वत की ओर आता देख उनका भेद लेने के लिए सुग्रीव हनुमान को उनके पास भेजते हैं। विप्र रूप में पहुंचे हनुमान का मिलन भगवान राम से होता है।

**स्थानीय कलाकार लालपुर के गंगा शंकर पांडेय द्वारा सजीव अभिनय किया जाता है**



जिसके बाद हनुमान जी की सहायता से आत्मा रूपी सुग्रीव की परमात्मा रूपी राम से मित्रता होती है। इसके उपरांत बाली और सुग्रीव का युद्ध होता है जिसमें प्रभु राम बाली का वध कर देते हैं। सुग्रीव का राज्याभिषेक होने के बाद वानरी सेना को माता सीता की खोज के लिए रवाना कर दिया जाता है। यह सेना माता सीता का पता लगाते लगाते समुद्र के किनारे पहुंच जाती है। जटायु के भाई सम्पाति की सहायता से माता सीता का पता लग जाता है और जामवंत द्वारा बल और शक्ति की याद दिलाने पर हनुमान जी छलांग लगाकर लंका के लिए प्रस्थान कर जाते हैं। देवों के कहने पर रास्ते में मिली सुरसा को अपने बुद्धि कौशल से प्रसन्न करने के बाद हनुमान जी लंका पहुंचते हैं और विभीषण के सहयोग से अशोक वाटिका में पहुंचकर मुद्रिका देते हुए माता सीता से भेंट करते हैं। इसके बाद लंका दहन की लीला का मंचन होता है इसमें स्थानीय कलाकार लालपुर के गंगा शंकर पांडे द्वारा सजीव अभिनय किया जाता है।

जिसे देख कर रामलीला मैदान जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठता है। हनुमान जी वापस लौटते हैं और भगवान राम को शुभ समाचार सुनाते हैं। इसके बाद लंका पर चढ़ाई के लिए फौजी रवाना हो जाती। प्रबन्धक पुरूषोत्तम नारायण अग्रवाल, व्यवस्थापक राजेश अग्रवाल, रमेश चंद्र, कृष्ण कुमार द्विवेदी, महेश अग्रवाल, उदय अग्रवाल, मुकेश गोयल, शिवनारायण अग्रवाल आदि कार्यक्रम की देखरेख में लगे रहे।

## खबरें एक नजर में

### वक्फ निरीक्षक रामसुमेर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**इटावा।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के वक्फनिरीक्षक राम सुमेर को कानपुर एंटी करप्शन टीम ने दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। वक्फनिरीक्षक पर आरोप है कि एक वक्फके मकान पर कोठरी निर्माण पर मिशन के लिए दस हजार रुपए की मांग की गई थी। पीड़ित ने आज विकास भवन में स्थित कैंटीन पर जाकर जैसे ही दस हजार की रिश्वत वक्फ निरीक्षक रामसुमेर को दी वैसे कानपुर एंटी करप्शन टीम ने निरीक्षक को धर दबोचा। एंटी करप्शन टीम आरोपी रामसुमेर को थाना सिविल लाइन ले गई, जहां विधिक कार्रवाई हो रही है। पीड़ित कल्लू ने बताया कि मेरे ससुर वक्फके मकान में रहते थे, जिसकी छत टूटी थी, उसी कोठरी के ऊपर लेंटर पड़ना था उसी निर्माण कार्य के लिए परमिशन मांगी गई थी, जिसके एवज में यह रिश्वत मांगी गई थी।

### सर्पदंश की शिकार महिला अस्पताल में भर्ती

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** एक महिला सफाई मित्र को कचरा प्रबंधन करते समय सांप ने काट लिया। यह घटना मंगलवार सुबह रामपुर भवानीपुर गांव के बाहर स्थित आर आर सी सेंटर पर हुई। 50 वर्षीय जमीना देवी वाल्मीकि पत्नी जुम्मन कचरे से प्लास्टिक और लोहा अलग कर रही थीं। इसी दौरान कचरे के ढेर में छिपे एक सांप ने उनके हाथ में काट लिया। सांप काटने के बाद महिला ने हाथ झटका जिससे सांप दूर जा गिरा और भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नियाज अंसारी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल महिला को अपनी गाड़ी से सिरौली गौसपुर के संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया जहाँ उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर सहायक विकास अधिकारी ने महिला के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।इमरजेंसी में उपचार कर रहे डॉक्टर संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि महिला की हालत में सुधार है और वह खतरे से बाहर हैं।

### मनचले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग स्थित नारायण तिराहे के पास महिलाओं पर छींटाकशी कर रहे एक युवक को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी अंकित त्रिपाठी को सूचना मिली कि नारायण तिराहे के निकट से गुजर रही महिलाओं पर एक युवक अशोभनीय हरकत कर रहा है। इस पर उन्होंने एसआई ललित सिंह को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। पुलिस कर्मियों को देखकर आरोपी भागने लगाए लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक की पहचान आलागनी का पुरवा निवासी रामजस के रूप में हुई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया।

### डीसीएम कंटेनर की हुई जोरदार टक्कर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** अमेठी जिले से राजेश मसाला लादकर बाराबंकी जा रहे डीसीएम में कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे डीसीएम डिवाइडर पर चढ़ गई। गनीमत रही कि जिस समय हादसा हुआ भोर का समय था नहीं तो गम्भीर हादसा हो सकता था। डीसीएम चालक दिलशाद ने बताया कि वह बीती रात अमेठी से राजेश मसाला इलाज कर बाराबंकी हुआ सिधौली जा रहा था जब उसकी गाड़ी लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर संकट मोचन हनुमान मंदिर से पहले स्थित बाजपेई आयरन भंडार के निकट पहुंची तभी पीछे से आए कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। सुबह लगभग 5:00 हुए इस हादसे के समय दुकान बंद थी नहीं तो गंभीर हादसा हो सकता था।

### मन्दिर दर्शन का समय बदला

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील मुख्यालय से छह किलोमीटर दूर गोमती नदी के तट पर स्थित अति प्राचीन अवसानेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शनों का समय बुधवार से बदल जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी से जुड़े संजय गिरी ने बताया कि 1 अक्टूबर से मन्दिर में दर्शन का समय प्रातः साढ़े पांच बजे से शांय साढ़े सात बजे तक हो जायेगा। उन्होंने भक्तों से परिवर्तित समय के अनुरूप दर्शन पूजा करने की अपील की हैं।

# रामसनेहीघाट को मिलेगी पेयजल की सौगात,भेजा प्रस्ताव

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र की पेयजल समस्या अब इतिहास बनने जा रही है। खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा की पहल पर शासन ने नगर पंचायत के सभी 14 वार्डों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करीब 45 करोड़ रुपए की लागत वाली विशाल योजना को हरी झंडी दी है। इस प्रस्ताव पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव ने प्रसन्नता जताते हुए मंगलवार को शासन को अंतिम स्वीकृति के लिए भेज दिया।

राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कुछ माह पूर्व नगर पंचायत क्षेत्र की पेयजल समस्या को गंभीरता से उठाते हुए शासन को पत्र लिखा था। मंत्री के प्रयासों को संज्ञान में लेते हुए शासन ने नगर पंचायत का सर्वे कराया। अयोध्या मंडल नगरीय जल निगम के अधिशासी अभियंता संजय शुक्ला ने रिपोर्ट में नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में तीन नई पानी की टंकियों की आवश्यकता बताई। इनमें से धरौली गांव में पहले से बनी 350 किलोलीटर क्षमता की टंकी के अलावा तीन नई पानी की टंकियों का निर्माण किया जाएगा। इसमें एक 800 केएल दूसरी 1050 केएल और तीसरी 1450 केएल क्षमता की होगी। योजना के तहत टंकियों से पेयजल को सीधे घर-घर तक पहुँचाने के लिए 74,272 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। जल निगम द्वारा तैयार किए गए अनुमान के मुताबिक टंकियों और पाइपलाइन निर्माण पर करीब 40 करोड़ रुपए खर्च होंगे जबकि आगामी पाँच वर्षों तक रखरखाव के लिए जल निगम को अतिरिक्त 5 करोड़ रुपए उपलब्ध कराए जाएंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव व अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार चौधरी ने जल निगम से प्राप्त पत्र पर मंगलवार को प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया। डॉण् यादव ने बताया कि यह योजना नगर की दशकों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान साबित होगी। अधिशासी अधिकारी श्री चौधरी ने कहा कि जैसे ही शासन से स्वीकृति मिलेगी जल निगम निर्माण कार्य शुरू कर देगा। मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि शासन की मोहर लगते ही कार्य शुरू हो जाएगा। इस बड़ी सौगात की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से खराब पेयजल व्यवस्था से जूझते नगर को अब नल से शुद्ध जल मिलने की उम्मीद जगी है।

# व्हीकल असेबली ऑपरेटर कोर्स का बैजनाथ रावत ने किया शुभारंभ

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ागांव नवाबगंज मे संचालित टाटा टेक्नॉलॉजी लिमिटेड मे इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल असेबली आपरेटर शार्ट टर्म कोर्स का शुभारंभ अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने किया। आईटीआई कालेज मे कोर्स का शुभारंभ करते हुए बैजनाथ रावत ने कहा कि जीवन में तकनीकी ज्ञान बहुत ही जरूरी है। अगर विद्यार्थी तकनीकी ज्ञान रखता है तो वह अपनी मंजिल को आसानी से प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि जरूरत व समय के अनुसार तकनीकी की ज्ञान की जरूरत भी बढ़ती जा रही है। इस प्रकार के रोजगार परक कोर्स युवाओं को तकनीकी कौशल प्रदान कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने मे सहायक सिद्ध होंगे। प्रशिक्षर्थियों यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर देश की प्रगति मे अपना योगदान दे तथा इस ट्रेनिंग को सुचारु रूप से करे सरकार युवाओं के कौशल विकास हेतु निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है जिनका लाभ युवाओं को मिल रहा है।



आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि कौसलम केंद्र द्वारा संचालित शार्ट टर्म कोर्सेज युवाओं को नये रोजगार अवसर उपलब्ध करा रहे है यह पहल मुख्यमंत्री के विजन 2047 को साकार करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राजकीय आईटीआई बड़ागांव के प्रधानाचार्य महेश्चंद्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संस्था के बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने का संकल्प लिया उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल असेंबली आपरेटर कोर्स मे समललित सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तकनीकी ज्ञान के लिए पूरी सुविधाओं के साथ शिक्षा दी जा रही है।

# शारदा नहर से अज्ञात का शव बरामद, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शारदा सहायक नहर में मंगलवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव दिखाई दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने बदोसरांय पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र, सालिक राय व हमराही रवि सरोज, रोहित शर्मा, प्रहलाद यादव, आशीष सिंह आदि के साथ शारदा सहायक समान्तर नहर कसरैला झाल पर पहुंचकर ग्रामीणों और गोताखोर की मदद से शव को बाहर निकलवा कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन काफी देर तक शव की शिनाख्त न हो पाने पर शव का पंचायतनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पर भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बदोसरांय अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया है कि एक करीब 35 वर्षीय युवक का शव शारदा सहायक समान्तर नहर में होने की सूचना ग्रामीणों ने दी थी। मौके पर पहुंचकर गोता खोर व ग्रामीणों की मदद से शव नहर से निकलवा कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया शिनाख्त न हो पाने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पर भेज दिया गया है।

# सरवर अली रिज़वी को यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फबोर्ड ने वक्फ सम्पत्तियों के डिजिटलीकरण और पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए उम्मीद पोर्टल 2025 पर सम्पत्तियों का विवरण अपलोड कराने के लिए जनपद.वार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। इस निर्णय के तहत बाराबंकी जनपद के लिए वक्फ नवाब अमजद अली ख़ां, शाही मस्जिद, बेगमगंज से जुड़े सरवर अली रिज़वी को नोडल नियुक्त किया गया है। इस सम्बंध में यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीशान रिजवी ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया गया।

**नोडल अधिकारी की प्रमुख जिम्मेदारियां:** जनपद बाराबंकी में स्थित सभी मुतवल्लियों प्रशासकों का उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित कराना। प्रत्येक वक्फ सम्पत्ति का संपूर्ण विवरण और उससे संबंधित दस्तावेज़ पोर्टल पर अपलोड कराना। जनपद स्तर पर उत्पन्न होने वाली किसी भी तकनीकी या प्रशासनिक समस्या का समाधान कराने हेतु संबंधित अधिकारियों से तालमेल करना। यह जिम्मेदारियां सरवर रिजवी को दी गई हैं। सुनिश्चित करना कि कार्य को 30 नवंबर 2025 तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए।

> एक ईमानदार नेक और जिम्मेदार इंसान को यह जिम्मेदारी सौंपकर वक्फबोर्ड ने सही फैसला लिया है। अब बाराबंकी में वक्फ सम्पत्तियों का संरक्षण और प्रबंधन और भी मज़बूत होगा।
>
> मौलाना इफ्तिखार हुसैन इंकलाबी
> सेव वक्फइंडिया के अयोध्या मंडल प्रवक्ता

**मुख्य कार्यपालक अधिकारी का बयान:** शिया सेंट्रल वक्फबोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीशान रिज़वी ने आदेश जारी करते हुए कहा कि वक्फ सम्पत्तियों का डिजिटलीकरण समय की मांग है। उम्मीद पोर्टल के माध्यम से सभी विवरण ऑनलाइन होने से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि सम्पत्तियों के बेहतर संरक्षण और विकास की राह भी खुलेगी। यह कार्य 30 नवंबर 2025 तक पूर्ण कराना अत्यंत आवश्यक है।

**बाराबंकी में गूँजी खुशी:** बाराबंकी जिले की कई अंजुमनों के पदाधिकारियों और सामाजिक संगठनों ने सरवर अली रिज़वी को नोडल नियुक्त किए जाने पर खुशी व्यक्त की।

## जननी जनक महोत्सव आज, पूजे जाएंगे 151 वरिष्ठ नागरिक

**बाराबंकी।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस 01 अक्टूबर 2025 को स्वयं सेवी संस्था बिरजू संस्थान द्वारा चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल ग्राम छंदवल, विकास खंड बनीकोडर ;निकट टोल प्लाजा अहमदपुर बाराबंकी में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारो,जननी जनक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बताया है कि यह महोत्सव दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। इस कार्यक्रम में 151 वरिष्ठ नागरिकों की पूजा अर्चना के साथ उनका सम्मान होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड फेयर में छाई बासमती चावल की खुशबू

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

ग्रेटर नोएडा की इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में जनपद की गिरीश एग्रो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर व भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने भाग लेकर जनपद के बासमती चावल की खुशबू को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिखरने में महत्वपूर्ण उपलब्धि पाई है। 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित ट्रेड शो में 85 देशों से 525 खरीददार पहुंचे। इस आयोजन में बीटूबी 31650 बैठकें हुई, वहीं 2680 करोड रुपए के एमओयू साइन किए गए गए। इस आयोजन में 5 लाख से भी अधिक दर्शक पहुंचे।



ट्रेड शो से भाग लेकर लौटे श्री गुप्ता ने बताया कि उक्त ट्रेड शो में हमारी कई देशों के खरीददारों से सार्थक बातें हुई हैं और उम्मीद है शीघ्र ही विदेशी व्यापार भी प्रारंभ हो जाएगा। ट्रेड फेयर में आस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, फ्रांस,जर्मनी, इटली, जापान, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, यूएई, नेपाल, भूटान, लंका, केन्या और युगांडा आदि से लोग पहुंचे थे। वही एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पिछले दो वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष का ट्रेड शो काफी भव्य और विशाल रहा है। इसमें पुरानी कमियों को दूर कर करने की पूरी कोशिश की गई है। ट्रेड शो में भाग लेने युवराज गुप्ता के साथ प्रतिष्ठान के कुछ कर्मचारी गण भी शामिल रहे।

# अभियुक्तों से मोबाइल व अंगूठी-चैन बरामद

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले 3 अभियुक्तो को पुलिस ने किया गिरफ्तार। कब्जे से 7 किग्रा गांजा कीमत 1 लाख 58 हजार रुपये, 2 मोबाइल, 12 अंगूठी, चैन किया बरामद। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। 29 सितम्बर की रात्रि को थाना कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान थाना जीआरपी की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये 3 व्यक्तियों को बाइस ख्वाजा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। बरामदगी के संबंध मे थाना कोतवाली



परएनडीपीएस एक्ट पर मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम अली हैदर उर्फ रजा पुत्र इनायत अली निवासी जावरा हुसैन टेकरी थाना जावरा जिला रतलाम, अब्बास अली पुत्र इस्लाम हुसैन निवासी जावरा हुसैन टेकरी थाना जावरा जिला रतलाम, मुस्लिम अली पुत्र इस्लाम हुसैन निवासी जावरा हुसैन टेकरी थाना जावरा जिला रतलाम बताये।

# विधायिका ने किया सरस मेले का उद्घाटन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति के तहत कन्या पूजन व सरस मेले का उद्घाटन राजकीय इंटर कॉलेज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्य अतिथि सदर विधायिका सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में किया गया। सरस मेले में सभी विभागों के स्टाल लगाए गए जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अन्नप्राशन एवं गोद भराई की रस्म की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां शारदा को पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायिका ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मां भगवती की आराधना विभिन्न रूपों में



की जाती है विद्या के क्षेत्र में जाते हैं तो मां सरस्वती की आराधना करते हैं। मातृशक्ति किसी भी पद पर कार्य करती है वह पूर्ण मनोयोग से करती है। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि मातृ शक्ति पूजन एवं मातृशक्ति को जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है मातृशक्ति को प्रणाम किया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा महिला शक्तियों को पहचान देने के लिए प्रयास करते हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत प्रिया शाक्य ने कराया कन्या भोज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने अपने कैंप कार्यालय नगला लक्षीराम में कन्या भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने बालिकाओं को भोज कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बालिकाओं को उपहार भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया और मिशन शक्ति के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में शुरू किए गए मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा मिशन शक्ति 5.0 नारी शक्ति और नौनिहालों की सुरक्षा का प्रतीक है। यह अभियान न केवल महिलाओं को सशक्त बनाता है, बल्कि समाज में समानता और आत्मनिर्भरता की नींव रखता है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में यह जनआंदोलन बन चुका है, जहां नारी और नौनिहाल सुरक्षित, तो प्रदेश की प्रगति निश्चित का संदेश हर घर तक पहुंच रहा है। हमारा लक्ष्य बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करना है। कन्या सुमंगला योजना से लाखों बेटियां लाभान्वित हो रही हैं, जो कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करेगी। आज हम कन्या भोज के माध्यम से इन देवियों का सम्मान कर रहे हैं, ताकि वे भविष्य की योद्धा बनें। महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 181, 112 और 1930 की जानकारी दी जा रही है, ताकि वे किसी भी संकट में तुरंत मदद पा सकें।

साइबर अपराध, घरेलू हिंसा और मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। आइए, हम सब मिलकर बेटियों को आत्मरक्षा सिखाएं और उन्हें वित्तीय साक्षरता प्रदान करें। यह अभियान उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्रिया शाक्य ने कहा कि जिले में मिशन शक्ति के तहत स्कूलों, बाजारों और गांवों में जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे।

## डंपर ने बाइक सवार शिक्षक को कुचला, हालत गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम करमुल्लापुर चौराहे से 500 मीटर दूर राजा भट्ठा के सामने एक अनियंत्रित डंपर बाइक सवार हेड मास्टर को टक्कर मारकर उनके हाथ को कुचलता हुआ निकल गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर घायल को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। ग्राम रतनपुर निवासी निलेश पुत्र रामाधार ग्राम कसियापुर के स्कूल में हेडमास्टर के पद पर तैनात हैं। मंगलवार को वह रोज की भांति अपने घर से स्कूल बाइक से जा रहे थे। ग्राम करमुल्लापुर चौराहा के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार कर सड़क पर गिरा दिया और उनके हाथ को कुचलता हुआ निकल गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने डंपर को रोक लिया, लेकिन चालक और परिचालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची सिकंदरपुर चौकी पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया और घायल निलेश को निजी वाहन से सौ शैया अस्पताल भिजवाया।

# छात्राओं ने निभाई शिक्षक और प्रधानाचार्य की भूमिका

**मिशन शक्ति 5.0 के तहत हुआ आयोजन**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल किड्जी स्कूल में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने प्रधानाचार्य, शिक्षक और शिक्षिका की भूमिका निभाकर अपनी नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप निरीक्षक अंकिता तिवारी ने छात्राओं को महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने आपातकालीन सेवाओं जैसे 112, विमेन पावर लाइन 1090 और एंबुलेंस सेवा 108 के बारे में बताया, जिससे छात्राओं में जागरूकता बढ़ी। नवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में मां सरस्वती के पूजन के साथ गरबा और डांडिया का आयोजन हुआ। छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों, प्रधानाचार्य श्रीमती बरखा अवस्थी और उपप्रधानाचार्य श्रीमती प्रीतिमा शुक्ला ने भी गरबा में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे माहौल उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी, कोऑर्डिनेटर शुभम कमल और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि महिला सशक्तिकरण के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश भी दे गया।

## आज निकलेगी मां दुर्गा की भव्य शोभा यात्रा 101 होंगी झांकियां



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में पीपल चौराहा पर नवदुर्गा समिति के अध्यक्ष राजीव दुबे के प्रतिष्ठान पर बैठक हुई बैठक में बताया गया कि 1 अक्तूबर बुधवार को मां दुर्गा की शोभा यात्रा में 101 झांकियां निकाली जाएगी। अध्यक्ष राजीव दुबे ने बताया इस बार जीवंत झांकियां की संख्या अधिक होगी। अबकी बार की खास बात देवी मां के 9 रूप व भगवान विष्णु के 10 स्वरूप भी झांकियां में देखने को मिलेंगे। इसके साथ साथ नगर की 3 जीवंत झांकियां भी होंगी। सुरक्षा के लिए प्रशासन की तरफ से खास व्यवस्था की गई है ताकि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मां दुर्गा की शोभा यात्रा शाम 6 बजे कनक गेस्ट हाउस से प्रारंभ होकर नगर के बीचो-बीच से गुजरते हुए कालका मंदिर पर समाप्त होगी। बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। इस दौरान महामंत्री रामानंद वर्मा, दिलीप गुप्ता, नरेश वर्मा, कोषाध्यक्ष नेमीचंद राठौर, दिलीप गुप्ता, मोनू चौहान, वरुणप्रताप सिंह राठौर, राजू दुबे सत्यम त्रिपाठी, हिमांशु दुबे, मयंक गुप्ता, अखिलेश सक्सेना, लल्ला दीक्षित, विकास त्रिपाठी, नन्नू दुबे आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाएं हो रही सशक्त व जागरूक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं सशक्त और जागरूक किया जा रहा है। जिले के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दलों द्वारा लगातार महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त और जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सदर कोतवाली की मिशन शक्ति/ एंटी रोमियो टीम ने दुर्गा पांडाल में महिलाओं को एकत्र कर महिला सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, कानूनी प्रावधानों व जरूरी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने उपस्थित बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा एवं साइबर अपराधों के बारे में भी अवगत कराया। पंपलेट वितरित कर महिलाओं को जागरूक किया और उन्हें किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/ एंटी रोमियो टीमें लगातार अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय रहते हुए विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाज़ारों, मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में जाकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व महिला स्वावलंबन के लिए अभियान चलाकर ग्राम चौपालों, स्कूल- कॉलेजों, बाजारों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, कानूनी सहायता एवं सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।



पम्पलेट वितरण कर जागरूक करती पुलिस टीम

**अभियान चलाकर महिलाओं को किया जा रहा जागरूक**

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि जनपद में मिशन शक्ति अभियान को पूरी गंभीरता के साथ संचालित किया जा रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है।



## पूर्णागिरि धाम से लौटी साइकिल रथ यात्रा का हुआ भव्य समापन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में 23 सितंबर, मंगलवार को मां कालका देवी मंदिर से शुरू हुई 28वीं साइकिल रथ यात्रा का समापन 30 सितंबर को उसी मंदिर पर हुआ। यह यात्रा पूर्णागिरि धाम के लिए रवाना हुई थी, जिसमें 31 साइकिलों पर 55 भक्तों ने हिस्सा लिया। हर वर्ष की भांति इस बार भी यह यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। यात्रा के दौरान भक्तों ने मां कालका देवी और पूर्णागिरि माता के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। यात्रा के समापन पर मां कालका देवी मंदिर में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर यात्रा के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, पूर्व सभासद प्रदीप चौहान, सभासद संदीप ठाकुर, रिंकू शर्मा, अमित गुप्ता सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे। लोगों का कहना है कि यह आयोजन छिबरामऊ के लिए गौरव का विषय है, जो हर साल भक्तों के बीच एकता और आध्यात्मिकता का संदेश देता है।

# नवरात्रि पर वन स्टॉप सेंटर में हुआ कन्या पूजन




**बालिकाओं को जागरूक कर जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें प्रसाद व उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने कहा कि एक स्वस्थ और शिक्षित नारी ही सशक्त समाज की नींव रखती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार नारी सशक्तिकरण को लेकर गंभीर है और इसी उद्देश्य से मिशन शक्ति जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। इस मौके पर उपस्थित बालिकाओं व महिलाओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। छात्रवृत्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, पोषण अभियान, सुरक्षा व स्वरोजगार जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराधों और संबंधित कानूनी अधिकारों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आए ग्रामीण की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम बिरियन नगला में सोमवार की देर रात गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आए एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई।



घटना से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम बिरियन नगला में सोमवार रात्रि आकाशीय बिजली गिरने से 50 वर्षीय वीरेंद्र कुमार पुत्र रामस्वरूप की मौत हो गई। वीरेंद्र मेहनत-मजदूरी कर अपनी माता विटोली देवी, पत्नी ध्रुवश्री, तीन बेटों सत्यपाल, अमरकेश, गुरवेश और बेटी रीना का भरण-पोषण करते थे। बताया जा रहा है कि घटना के समय वीरेंद्र बारिश के दौरान घर के पास पेड़ के नीचे खड़े थे, तभी अचानक गिरी बिजली की चपेट में आने से उनकी हालात बिगड़ गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल ले गए, यहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। इस हादसे से परिवार में गहरा शोक छा गया है। ग्रामीणों और परिजनों के बीच वीरेंद्र की अचानक मौत से दुख का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# छात्रा चित्रांशी बनीं एक दिन की प्रिंसिपल




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत मोहल्ला इंदिरा नगर स्थित आरबी पब्लिक स्कूल में छात्रा चित्रांशी चतुर्वेदी को एक दिन के लिए प्रिंसिपल बनाया गया। चित्रांशी, जो सुमित चतुर्वेदी की पुत्री हैं, ने अपने दायित्व को बखूबी निभाया। उन्होंने स्कूल की गतिविधियों का निरीक्षण किया, शिक्षकों के साथ चर्चा की और छात्रों को प्रेरित किया। इस अनूठे अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल माधवी सिंह ने कहा चित्रांशी ने अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाया। मिशन शक्ति के तहत यह पहल छात्राओं को नेतृत्व और आत्मविश्वास प्रदान करने का एक शानदार प्रयास है। इससे अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान शिक्षक आरिफ खान, मोनिका श्रीवास्तव, निवेदिता सविता, सपना पाल, सायमा, सुनीता पाल और प्रबंधक राजीव शुक्ला उपस्थित रहे।

## बार एसोसिएशन ने किया नई तहसील के गठन का विरोध

**छिबरामऊ कन्नौज।** यहां की बार एसोसिएशन ने हसेरन में नई तहसील बनाने का विरोध करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया। बार एसो. के अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर एवं महामंत्री ललित प्रताप सिंह के साथ कई अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए इस ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद कन्नौज में एक नई तहसील हसेरन के गठित करने की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है जिससे जनमानस एवं अधिवक्ता समाज में रोष व्याप्त है क्योंकि इस छोटे से जनपद में पहले से ही तीन तहसीलें, जो मानक के अनुसार हैं, चल रही हैं। ऐसी स्थिति में एक नई तहसील के लिए, नयें संसाधनों को जुटाना असंभव है। यातायात एवं सुरक्षा की दृष्टिकोण से भी उक्त क्षेत्र नई तहसील गठन के लिये बिल्कुल उपयुक्त नहीं है। ऐसे में इस नवीन तहसील का गठन मात्र धन का दुरूपयोग ही होगा एवं क्षेत्रीय जनता को परेशानियों के अलावा और कुछ लाभ नहीं मिलेगा। अतः जनमानस एवं अधिवक्ताओं की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये प्रदेश सरकार को निर्देशित किया जावे कि जनपद कन्नौज में नवसृजित तहसील हसेरन का गठन नहीं किया जाए।

## तीन अक्टूबर को छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में बंद रहेगी बिजली

**छिबरामऊ, कन्नौज।** 220 केवी उप केंद्र पर अनुरक्षण कार्य होने के कारण 3 अक्टूबर को छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी। 220 केवी उपकेंद्र के जेई अनिल कुमार ने बताया कि 3 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे तक 220 केवी उपकेंद्र पर 132 केवी मेंन बस के अनुरक्षण कार्य हेतु बस बंद रहेगी जिसके कारण छिबरामऊ से निर्गत समस्त 33 केवी के फीडर गुरसहायगंज, सौरिख, बहवलपुर, छिबरामऊ शहर व ग्रामीण, सिकंदरपुर, मिघौली फीडर की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। साथ ही 132 केवी टीएसएस छिबरामऊ व खुदागंज की रेल वे भी बंद रहेगी।

# इंटरनेट मीडिया पर प्रचलित हुआ स्टंट वीडियो, बाइक सीज

**संज्ञान में आते ही यातायात उपनिरीक्षक ने की त्वरित कार्रवाई**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

यातायात पुलिस जनपद में यातायात नियमों का पालन करने के लिए लगातार अभियान चलाकर जागरुक कर रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार नियमों को ताक पर रखकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है। एक युवक खतरनाक ढंग से बाइक पर स्टंट करते हुए। जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रचलित हो गया। संज्ञान में आते ही यातायात उपनिरीक्षक आफाक खां ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बाइक को सीज कर दिया। इंटरनेट मीडिया पर बाइक सवार एक युवक का खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो प्रचलित हुआ। वीडियो में युवक तेज रफ्तार बाइक पर बिना किसी सुरक्षा के खतरनाक करतब करते हुए नजर आया। मामला संज्ञान में आते ही यातायात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइक को सीज कर दिया है। प्रचलित वीडियो में युवक सार्वजनिक मार्ग पर तेज गति से बाइक चलाते हुए स्टंट कर रहा था। वीडियो को देखकर इस तरह का स्टंट न केवल उसकी जान के लिए खतरा था, बल्कि राहगीरों की सुरक्षा भी खतरे में डाल रहा था। वीडियो प्रचलित होते ही यातायात पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और युवक की पहचान कर बाइक को सीज कर लिया।



यातायात उपनिरीक्षक आफाक खां

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार के स्टंट किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। यातायात उपनिरीक्षक आफाक खां ने बताया कि बाइक को सीज कर युवक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। और 3 महीने के लिए आरसी को सस्पेंस के लिए भेज दिया है।

## लोडर की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा घायल

**जालौन,उरई।** लोडर में टक्कर लगने से घायल हुए दो युवकों में एक युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक के चाचा ने कोतवाली में आरोपी लोडर व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी शमशाद अली ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उनका भतीजा साजिद अपने मित्र रियाज के साथ बाइक से उरई गया था। दोपहर में वहां से वापस लौटते समय सातमील के पास उल्टी दिशा से आ रहे लोडर के चालक ने अनियंत्रित होकर भतीजे की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उनका भतीजा और उसका मित्र गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया।

# मंदबुद्धि को ट्रक चालक ने टक्कर मारकर किया मरणासन्न

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकला ट्रक चालक**

मंदिर से निकलकर आ रहे मानसिक रूप से कमजोर युवक को सड़क पार करते समय ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान रेफर किया गया है। वहीं, युवक को टक्कर मारकर ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशियाना निवासी राहुल (30) पुत्र वीरेंद्र कुमार मानसिक रूप से कमजोर है। वह अक्सर सड़क पर घूमता रहता है। मंगलवार की दोपहर वह उरई मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप वाले हनुमानजी के मंदिर से निकल कर सड़क पार करके एलआईसी की ओर जा रहा था। इसी दौरान उरई की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में सड़क पर पड़े देखकर राहगीरों ने उसे डिवाइटर पर बैठाया और यूपी 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे उच्च संस्थान रेफर कर दिया।

## भाकपा के ब्रांच मंत्री चुने गये मोहम्मद अनीस

**जालौन,उरई।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्रांच जालौन के चुनाव में कामरेड मोहम्मद अनीस को सर्वसम्मति से ब्रांच मंत्री चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी का भी गठन हुआ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का चुनाव कार्यक्रम जिला मंत्री डॉ. रामकिशोर गुप्ता की अध्यक्षता में कामरेड आनंद के आवास पर संपन्न हुआ। जिसमें पूर्व ब्रांच मंत्री कामरेड मधु टेलर ने वार्षिक आय व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद आयोजित हुए चुनाव कार्यक्रम में ब्रांच मंत्री पद पर कामरेड मोहम्मद अनीस के नाम का प्रस्ताव कामरेड इलाही ने रखा। जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने समर्थन किया और मोहम्मद अनीस का ब्रांच मंत्री के पद पर चुन लिया गया। इसके बाद कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

# ड्रोन कैमरों से होगी मूर्ति विसर्जन स्थलों की निगरानी

**डीएम-एसपी ने चिल्ली गांव के तालाब का किया निरीक्षण**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



दशहरा पर्व एवं मूर्ति विसर्जन को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने आज ब्लाक डकोर ग्राम चिल्ली तालाब उरई तथा धनु तालाब मैदान, कोंच का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा इंतजामों की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि विसर्जन स्थलों पर गोताखोर तैनात रहें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है, इसलिए सभी विभाग समयबद्ध तरीके से अपनी तैयारियाँ पूर्ण करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि दशहरा पर्व और मूर्ति विसर्जन को लेकर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा ड्रोन कैमरों से लगातार निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना की संभावना न रहे। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, उप जिलाधिकारी कोंच ज्योति सिंह, सीओ परमेश्वर प्रसाद, अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवें दिन भक्तों ने महागौरी की पूजा कर कराया कन्या भोज

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र के नवें दिन मंदिरों व दुर्गा पंडाल में भक्तों की भीड़ उमड़ी। देवी भक्तों ने माता के आठवें रूप महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना के उनका पूजन किया और कन्या भोज कर मां को प्रसन्न करने का प्रयास किया। घरों में बोये गये जवारे माता को अर्पित किए गए। साध्वी हर्षिता किशोरी बताती हैं कि नवरात्र केवल व्रत और उपवास का पर्व नहीं है। यह नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। नवरात्रि के दौरान अष्टमी पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी रूप का पूजन किया जाता है। सुंदर, अति गौर वर्ण होने के कारण इन्हें महागौरी कहा जाता है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में आज महागौरी की पूजा अर्चना देवी भक्तों द्वारा की गई मंदिरों में हर गली मुहल्लों में जयमता दी के जयकारे सुनाई दे रहे थे। देवी भक्तों ने चावल, रोरी, हल्दी, पुष्प, पान आदि से महागौरी की पूजा अर्चना की। पं. अरविंद बाजपेयी बताते हैं कि माता जब आठ वर्ष की बालिका थीं, तब देव मुनि नारद ने इन्हें इनके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराया। फिर माता ने शिवजी को पति के रूप में पाने के लिए तपस्या की।

# क्षेत्रीय विधायक व पालिकाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

अमृत 2.0 कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा पेयजल योजना का भूमि पूजन मंगलवार को हाटा स्थित शंकर जी मंदिर पर क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन और पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने किया इस दौरान भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय हो कि 3498.71 लाख की लागत वाली इस परियोजना से नगर के सभी 25 वार्डों को लाभ मिलेगा। योजना में 2 शिरोपरि जलाशय 2 सीडब्ल्यूआर 12 ट्यूबवेल 12 पम्प हाउस 132.98 किमी वितरण प्रणाली 11.79 किमी राइजिंग मेन व 10,374 गृह संयोजन शामिल हैं।



कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) उरई है भूमि पूजन के बाद विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने कहा कि भाजपा सरकार हर जगह विकास हो इसके भाजपा हर क्षेत्र में काम करने में लगी हुई है। आयोजित कार्यक्रम में ईओ मोनिका उमराव, मयंक मोहन गुप्ता सहित सभासद अनिल वर्मा, रवि कुशवाहा बादाम कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, विनोद सोनी व जल निगम अधिकारी सहायक अभियंता नीरज करपात्री, प्रोजेक्ट मैनेजर ऋषभ, अमित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# दबंगों ने उखाड़े सीमेंट के पोल, विरोध पर की पिटाई

▸ पीड़ितों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम से की शिकायत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव रमापुर दबीर निवासी अनूप पुत्र ऊजवीर सिंह, नारद, दिनेश, लाल सिंह, सियाराम सहित आदि पट्टाधारकों ने तहसील परिसर में पहुँचकर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उन्हें पूर्व में गाटा संख्या 219 मि0 आवंटित हुआ था। जिसके क्रम में तहसीलदार विक्रम सिंह के आदेशानुसार राजस्व टीम व पुलिस टीम की मौजूदगी में दिनांक 25.09.2025 को पक्की पैमाइश की गई। जिसमें सीमेन्ट के पोल व मेड़बन्दी कराई गई थी। बीती 29 सितंबर को समय लगभग 7.30 बजे सुबह को सहवीर पुत्र प्यारेलाल, राजपाल उर्फ प्यारेलाल पुत्र रामनिवास, धर्मपाल पुत्र रामनिवास,


लाठी-डंडों से मारपीट करते दबंग

कुलदीप पुत्र वीरेन्द्र, वीरेन्द्र पुत्र जगराम, पुष्पेन्द्र पुत्र चहीतेलाल, उपेन्द्र पुत्र चहीतेलाल, अवरीश पुत्र सहवीर के साथ लगभग 20 लोग अन्य निवासी रमापुर दबीर हाथों में फावड़ा, लाठी-डन्डा व तमंचा लेकर आये और


तहसील में शिकायत करने पहुंचे पीड़ित पट्टाधारक

आते ही भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए हमारे नपे हुए पट्टों के पोल उखाड़ने लगे। जिसका मेरे द्वारा विरोध करने पर सभी लोग जान ले मारने की धमकी देते हुए हमला करने लगे और मेरी तरफ दौड़े। तब हम लोग वहाँ से जान बचाकर भाग आये। जिसकी सूचना मेरे द्वारा डायल 112 पुलिस व चौकी इन्चार्ज अचरा को दी गई। इसके बाद उपजिलाधिकारी से शिकायत की। एसडीएम कार्यवाही करने की बात कही।

# महागौरी की पूजा के साथ मंदिरों में हुए हवन यज्ञ

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के आठवें स्वरुप महागौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना की और हवन यज्ञ में आहूतियां दीं।


मंगलवार को मां दुर्गा के अष्टम स्वरुप महागौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किये गये। नगर के ऐतिहासिक मंदिर गुरगांव देवी, बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर, रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर, भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मन्दिर, खतराना स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर सर्व मंगल की कामना की। ऐतिहासिक गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर लगे मेले में भक्तों ने


गुरगांव देवी मंदिर में हवन करते भक्तगण

जमकर खरीददारी की। इसके अलावा बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में मां की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से गया। लोगों का मानना है कि माता के दर्शन से हर इच्छा पूरी होती है। यहां पर भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं तथा युवतियों ने भोर होते ही मंदिर में पहुंचकर मां महागौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना की। अष्टमी पर यहां हवन का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने आहूतियां डालीं। इसके अलावा भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ दर्ज की गयी। घरों में भी व्रती महिलाओं ने मां महागौरी की पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किये और शाम के समय महिलाओं ने देवी जागरण का आयोजन किया।

## नगर में निकली मां नव दुर्गा के नौ रूपों की शोभायात्रा

▸ भक्तों ने जय माता रानी के लगाये जयकारे


मां दुर्गा की झांकी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में दुर्गा मंदिर की तरफसे अष्टमी पर नवदुर्गा नौ रूपों की शोभा यात्रा निकाली गई। जो नगर के मुख्य मार्गों पर घूमती हुई दुर्गा मंदिर पर आकर समाप्त हुई। बीते आठ दिनों से काली माता मंदिर पर हलवा, खीर, पूरी का भंडारा चल रहा था एवं दुर्गा मंदिर पर भी भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कमालगंज नगर के आसपास के गांव एवं नगर के निवासियों ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया एवं माता रानी के दर्शन किये। शोभायात्रा में सर्वप्रथम श्री गणेश की झांकी रखी गई। उसके बाद ब्रह्मा, विष्णु, महेश एवं श्री कृष्णा-राधिका की झांकी को देखकर लोगों का मन भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में माता-बहनों के अलावा युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और माता रानी के जयकारे लगाये। जगह-जगह फूल वर्षा कर मां के नौ स्वरुपों का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में डॉन पंडित लक्ष्मीकांत दुबे, बल्लू पंडित, दीपक, सुंदर, मनोज गुप्ता, मयंक गुप्ता, अक्कू दुबे, अवध प्रताप सिंह इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कर शोभायात्रा को सफल बनाया।

# मौसमी बुखार से पीड़ित ग्राम बिहार निवासी, टीम ने पहुंचकर वितरित की दवाएं

▸ जांच में कोई डेंगू का मरीज नहीं मिला, एक माह में करीब दस की हो चुकी हैं मौतें

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम बिहार में फैली बुखार की बीमारी के संबंध में डीएम को प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर डीएम के आदेश पर स्वास्थ्य टीम ने पहुंचकर जांच की तथा मरीजों को दवायें वितरित कीं। इसके साथ ही एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया गया।

ब्लॉक मोहम्मदाबाद के ग्राम बिहार निवासी एडवोकेट राहुल परिहार ने मंगलवार सुबह जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया की ग्राम में बुखार से संक्रमित 10 लोगों की मौत एक महीने में हुई है तथा 50 से अधिक लोग बुखार से संक्रमित हैं तथा ग्राम में मवेशी भी बीमार है। प्रार्थना पत्र में जिलाधिकारी से ग्राम बिहार में डॉक्टर की एक गठित टीम को भेजकर दवाइयों का वितरण व मरीजों की जांच हेतु कहा गया।

प्रार्थना पत्र मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। नोडल अधिकारी की टीम गठित कर चिकित्सा प्रभारी के साथ डॉक्टर की टीम ग्राम बिहार में पहुंची तथा घर-घर कैंपिंग कर कैंप लगाकर दवाइयां वितरित की तथा समस्त जांच की गईं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम बिहार में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ दीपक कटारिया, ,आरसी माथुर के


कैंप में दवा लेते मरीज

साथ मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर गौरव यादव, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर जितेंद्र यादव, लैब टेक्नीशियन महेश कुमार, फार्मासिस्ट मनोज यादव के साथ आशा व संगिनी गांव में पहुंचकर कैंप लगाया तथा घर-घर जाकर लोगों को बुलाकर उनकी जांच कर व दवाइयां दी गई। डॉ. गौरव यादव ने बताया की ग्राम में लगभग 103 मरीज देखे गए। सभी प्रकार की जांच कराई गईं। जिसमें किसी भी प्रकार का कोई डेंगू का मरीज नहीं मिला।

संभावित मौसम बदलने के कारण वायरल बुखार चल रहा है जिसकी दवाइयां दे दी गई हैं। नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ दीपक कटारिया तथा डिप्टी सीएमओ आरसी माथुर ने मृतक प्रियंका पत्नी मिथुन कुमार के परिजनों से बातचीत की तथा उनकी दवाइयां व जांच की रिपोर्ट देखी।

मिथुन ने अपनी पत्नी प्रियंका की जांच निजी संस्थान से कराई थी जो की टाइफाइड पॉजिटिव थी तथा निजी अस्पताल में ही उनका इलाज कराया था। जिसके कारण प्रियंका की मृत्यु हो गई थी।

## बिजली गिरने से कोल्ड स्टोरेज के जनरेटर का अल्टीनेटर व चार-पांच पंखे फुंके

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव मंझना स्थित एके कोल्ड स्टोरेज में मंगलवार रोज की तरह तेज उमस भरी गर्मी से परेशान लोग अपने-अपने कार्यों में लगे हुए थे, तभी लगभग 12 बजे अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बरसात होने लगी, तभी कोल्ड स्टोरेज में रखे जनरेटर पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गयी। आकाशीय बिजली गिरने से कई लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। बिजली गिरने से जनरेटर का अल्टीनेटर व कोल्ड में चल रहे लगभग चार पांच पंखे फुंक गए।

# मरीज की हुई मौत, चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक्सीडेंटल मरीज की उपचार के दौरान मौत हो गयी। वहीं परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार मैनपुरी के ग्राम कुसमरा निवासी सुभाष चंद्र ने थाना कादरीगेट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके बेटे गोलू सक्सेना की माधव मैक्स हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही और गलत इलाज के कारण यह घटना हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सुभाष चंद्र के अनुसार 28 सितंबर 2025 को उनके बेटे गोलू सक्सेना का थाना मेरापुर से पहले मोटरसाइकिल एक्सीडेंट हो गया था। घायल गोलू को शाम करीब 5 बजे आवास विकास स्थित माधव मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल के डॉ. अविनाश पांडे ने पैर के ऑपरेशन के लिए 93,000/- रुपये मांगे। जब परिजनों ने इतनी राशि देने में


मृतक का फाइल फोटो

असमर्थता जताई और कहीं और इलाज कराने की बात कही, तो डॉक्टर ने रात के इलाज के लिए 28,700 रुपये जमा करने का दबाव बनाया। परिजनों का कहना है कि डॉक्टर ने उन्हें मरीज की गंभीर स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। आरोप है कि रात 3 से 4 बजे के बीच ड्यूटी कर्मचारियों ने गोलू को इंजेक्शन लगाया। जिसके बाद मंगलवार सुबह तक उसकी मौत हो गई। सुभाष चंद्र ने यह भी आरोप लगाया है कि डॉ. अविनाश पांडे ने उनके परिवार के सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार किया। थाना कादरीगेट के कार्यवाहक थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने मंगलवार को बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवक के शव के पोस्टमार्टम के लिए पंचायतनामा की कार्यवाही चल रही है और आगे की जांच के बाद उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वहीं माधव मैक्स हॉस्पिटल के डॉ0 अविनाश पांडे ने आरोपों को निराधार बताया है।

# गैंगेस्टर में दो अभियुक्तों को छह-छह वर्ष का कारावास

▸ दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने रामऔतार पुत्र धारा सिंह निवासी ग्राम ब्राहिमपुर, राकेश पुत्र उजागर निवासी हिरनखुदा थाना मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत मे लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

बीते 23 वर्ष पूर्व थाना मेरापुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष मुकेश कुमार त्यागी ने रामऔतार, राकेश के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण




अधिनियम वर्ष 1986 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि उपरोक्त अपराधी समाज में भय व्याप्त कर आर्थिक रूप से लाभ प्राप्त करते हैं। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने रामऔतार, राकेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# आगजनी में दो सगे भाइयों सहित छः लोगों पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ बदमाशों के गिरोह ने गांव में लगाई थी आग

▸ सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 7 अक्टूबर की तिथि नियत

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने आगजनी के मामले में सम्भारी पुत्र इच्छाराम निवासी कड़हर कमालगंज, बुद्दा उर्फ पुरुषोत्तम पुत्र रघुवीर सहाय, बब्बू पुत्र सदानंद निवासीगण खुटिया कमालगंज, सुरेश, श्यामनारायन पुत्रगण राधाकृष्णन निवासीगण बांकापुरवा कमालगंज, दिनेश पुत्र स्व ओंकार निवासी बारामऊ हरदोई को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया सजा के बिंदु पर सात अक्टूबर की तिथि निहित है बीते 29 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के गंगापार में मटरू का अक्सर आकर ग्रामवासियों को परेशान करता रहता था। पिछले शुक्रवार को गांव वालों ने एक राय होकर बदमाश मटरू को दौड़ाकर भगया था। तब मटरू ने गांव कुंकने ने व जान से मारने की धमकी दी थी दिनांक 14 दिसंबर 1996 को सुबह लगभग आठ बजे मटरू अपने गिरोह के अन्य साथियों के बब्बू, कन्हैयालाल, सुम्भारी, श्यामनाराय, सुरेश, दिनेश, मुन्नू को साथ लेकर आए ये लोग नाजायज हथियारों से लैस होकर गांव के पास आकर इन लोगों ने फायर करना शुरू कर दिया। गांव वाले डर की वजह से घर छोड़कर भाग गए। तब उन लोगों ने घर पर धावा बोलकर घरों में आग लगा दी और घरेलू समान आग में फेंक दिया। आग से मगनलाल, सामंत, श्यामसुंदर, सुनील, सुक्खा, जयराम, अवनीश, हरिश्चन्द्र के घर जलकर राख हो जाते समय कीमती सामान चीख पुकार सुनकर गांव के कई लोग आ गए पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर माननीय न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय, अनुज प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने सुम्भारी, बुद्धा उर्फपुरूषोतम, सुरेश, श्यामनारायन, दिनेश, बब्बू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई के लिए 07 अक्टूबर की तिथि नियत है।


पूजा अर्चना कराते आचार्य व मौजूद पालिकाध्यक्ष आदि

## नगर पालिका कार्यालय परिसर स्थित मंदिर पर हुआ हवन यज्ञ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शासन के आदेश के अनुपालन में मिशन शक्ति-05 के तहत नगर पालिका परिषद कायमगंज कार्यालय परिसर स्थित मंदिर पर अखंड मानस पाठ का आयोजन अध्यक्ष डॉ0 शरद कुमार व अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्र द्वारा संकल्प कर प्रारंभ किया गया। जिसका आज दिनांक 30 सितंबर 2025 से प्रारम्भ होकर 01 अक्टूबर 2025 को पूर्ण आहुति देकर संपन्न किया जाएगा। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भक्तों ने पहुंचकर माथा टेंका और सर्व मंगल की कामना की। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 शरद गंगवार ने बताया कि शासन के निर्देश पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि हवन यज्ञ कार्यक्रम का समापन कल होगा। बताते चलें कि नवदुर्गा के चलते अष्टमी के दिन भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की।

# मनरेगा में बड़ा खेल, कागज़ों में सैकड़ों मजदूर, मौके पर एक भी नहीं दिखते मजदूर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड की ग्राम पंचायत पतौंजा में मनरेगा कार्यों में बड़े घोटाले की परतें खुलने लगी हैं। मंगलवार को कागज़ों में यहां 83 मजदूर कार्यरत दिखाए गए। जिनमें 18 महिलाएं भी शामिल बताई गईं। हैरानी की बात यह है कि जिस स्थल पर मिट्टी कार्य दिखाया गया है वहां ज़मीन पर काम न के बराबर नज़र आया। ग्राम प्रधान आशीष कुमार से जब इस बारे में बात की गई, तो उन्होंने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए कहा यह काम वन विभाग के अंतर्गत है। प्रधान का इससे कोई लेना देना नहीं है। जबकि हकीकत यह है कि मनरेगा कार्य ग्राम पंचायत की देखरेख और जिम्मेदार अधिकारियों


घटना की जानकारी देते नरेगा मजदूर

की अनुमति से ही संचालित होते हैं। जब इस मामले पर एपीओ गौरव कुमार से फोन पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने भी गेंद दूसरे पाले में डालते हुए कहा यह भूमि संरक्षण विभाग का कार्य है। वन विभाग का इससे कोई लेना देना नहीं है। वहीं ज़मीन पर दिखाए गए रिकॉर्ड के मुताबिक कार्य में रोड से कटियार के भट्ठे तक चक मार्ग पर मिट्टी डालने का था। सवाल यह उठता है कि आखिर इतने मजदूरों का भुगतान किस आधार पर किया गया। गांव के ग्रामीणों का कहना है कि पिछले पांच दिनों से लगातार 80 से ऊपर मजदूर चढ़ाए जा रहे हैं। यानी अब तक 400 से अधिक मजदूरों का भुगतान कागज़ों में दिखाया गया है, लेकिन सड़क पर आज भी मिट्टी बढ़ने का नाम नहीं ले रही। साफ है कि मजदूरों के नाम पर कागज़ी खानापूरी कर लाखों रुपये की बंदरबांट की जा रही है। सवाल यह है कि इस घोटाले में ग्राम प्रधान आशीष कुमार, पंचायत सचिव अमित शुक्ला, एपीओ गौरव कुमार और खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद्र की भूमिका संदिग्ध क्यों न मानी जाए।

आखिर इतने बड़े पैमाने पर फर्जी मजदूर चढ़ाने की जानकारी इनके संज्ञान में क्यों नहीं आई। ग्रामीणों की मांग है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, वरना मनरेगा जैसे गरीब मजदूरों के हक़ की योजनाएं सिर्फ भ्रष्टाचार का अड्डा बनकर रह जाएंगी।

## दुकानदार व उसकी पत्नी पर दबंगों ने बोला हमला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के खलमापुर गांव में पंचर दुकानदार होतेलाल और उसकी पत्नी संगीता पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। मारपीट में संगीता गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घायल संगीता ने बताया कि उनके पति होतेलाल अपनी पंचर की दुकान पर बैठे थे, तभी गांव के संतराम, गुड्डू, भूरे और टीटू गाली-गलौज करते हुए दुकान पर पहुंचे। जब होतेलाल ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और उन्हें घायल कर दिया। पति को बचाने पहुंची संगीता को भी दबंगों ने मारापीटा। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने तत्काल संगीता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कुआंखेड़ा चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट हुई है। महिला को गंभीर चोटें आई हैं। जिसका मेडिकल कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


सीएचसी में भर्ती महिला

# मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण कर ड्रग इंस्पेक्टर ने दवाओं के भरे सैंपल

▸ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण औषधि उपलब्ध कराना मेरा उद्देश्य डॉ. परमेश द्विवेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शासन एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में जिला औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश द्विवेदी ने नवाबगंज अचला क्षेत्र में मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण कर संदिग्ध दवाओं के जांच हेतु सैंपल भरे।

जांच रिपोर्ट आने के पश्चात संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्यवाही तय की जायेगी। जिसमें मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित तक की कार्यवाही हो सकती है। ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. परमेश द्विवेदी ने बताया कि मंगलवार को नवाबगंज अचला क्षेत्र में ओम साईं मेडिकल, राजू मेडिकल एवं योगेंद्र मेडिकल सहित दर्जनों मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर दवाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में संदिग्ध प्रतीत होने वाली दवाओं के जांच हेतु सैंपल भरे गये। जिन्हें राजकीय प्रयोगशाला बनारस सील बंद करके भेजा जायेगा। डॉ. परमेश द्विवेदी ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात उसके आधार पर संबंधित दुकानों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी। जिसमें दुकान का लाइसेंस निलंबन से लेकर प्रोपराइटर तक को सजा का प्रावधान है। जांच किये जाने वाले मेडिकल स्टोरों में ओम साईं मेडिकल, राजू मेडिकल स्टोर, योगेंद्र मेडिकल स्टोर आदि शामिल हैं। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवायें उपलब्ध कराना उनका मुख्य उद्देश्य है। इस हेतु वह निरंतर प्रयास करते रहेंगे। विदित है कि मात्र दो माह के कार्यकाल में उन्होंने मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर 20 से अधिक संदिग्ध दवाओं के सैंपल भरे हैं। जिससे अवैध दवा का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है और उन पर नकेल कसना शुरु हो गया है।


मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करते ड्रग इंस्पेक्टर

## पीड़िता से ठगे गये 14,010.34 रुपये कराये गये वापस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीड़िता की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम टीम ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर जांच की गयी, तो पता चला कि पीड़िता से साइबर ठगी की धनराशि का प्रयोग नायका पर खरीददारी के लिए किया गया है। जिसके बाद तत्काल प्रभाव से नायका कंपनी को ईमेल के जरिये नोटिस भेजकर सभी खरीददारों के आर्डरों को रुकवाया गया एवं 72 घंटे के अंदर कंपनी से कुल 14,010.34 रुपये पीड़िता के खाते में वापस कराये गये।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इटावा बरेली हाईवे पर रोहिला चौराहे के पास स्थित पेट्रोल पंप के पीछे अपने खेतों पर घूम कर साइकिल से वापस घर आते समय कस्बा के मोहल्ला जवाहर नगर रोहिला निवासी 60 वर्षीय रनवीर सिंह यादव जैसे ही वह शाम लगभग 6:30 बजे रोहिला चौराहे के निकट स्थित एक डिग्री कॉलेज के समीप पहुंचे, तभी फर्रुखाबाद की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे रनवीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर कस्बा इंचार्ज विनोद कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

मृतक दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई दलवीर सिंह है। मृतक खेती करता था। मृतक के तीन पुत्र सुधीश, अनिल व सचिन है तथा चार पुत्रियां हैं जिनकी शादी हो चुकी है। अनिल एवं सचिन दिल्ली में रहकर नौकरी करते हैं। पत्नी मार्ग श्री व परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने 263.33 लाख के 6966 उपकरण व सहायक यंत्र किये वितरित

**▸ राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के अन्तर्गत किया गया कार्यक्रम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर मंडी परिसर में कृत्रिम अंग उपकरण संस्था भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उप्र द्वारा राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के अंतर्गत वरिष्ठजनों एवं दिव्यांगों हेतु निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय बी.एल. वर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद मुकेश राजपूत ने की। जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक भोजपुर, विधायक अमृतपुर, विधायक कायमगंज व जिलाध्यक्ष भाजपा उपस्थित रहे।



दिव्यांगों को उपकरण देते मंत्री, जनप्रतिनिधि, डीएम आदि

राज्यमंत्री मंत्री ने 263.33 लाख की कीमत के कुल 6966 उपकरण एवं सहायक यंत्र वितरित किये। वितरित गये उपकरणों में 221 मोटराइज्ड ट्राईसाइलकिल, 615 ट्राइसाइकिल, 416 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 09 सी0पी0 चेयर, 592 बैसाखी, 1002 छड़ी, 18 ब्रेलकेन, 05 रोलेटर, 622 कान की मशीन, 04 टीएलएम किट, 15 सुगम्य केन, 02 एडीएल किट, `01 सेल फोन, 282 कुर्सी कमोड सहित, 446 सिलिकोन तकिया, 1634 नी ब्रेस, 40 स्पाइनल सपोर्ट, 786 एलएल बेल्ट, 15 वॉकिंग स्टिक सीट सहित, 142 सर्वाइकल कॉलर, 28 टेट्रापोड, 35 ट्राईपोड, 36 फोल्डेबल वॉकर वितिरत किये गये। राज्यमंत्री मंत्री ने 13 लाभार्थियों को व्यक्तिगत रूप से मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर एवं कान की मशीन वितरित की गई। जिलाधिकारी ने कहा दिव्यांगजन कभी स्वयं को असहाय न समझें। सरकार और प्रशासन सदैव उनके साथ है। मंत्री बीएल वर्मा ने बताया कि यह आयोजन सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत किया गया है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने दिव्यांगता की श्रेणियों को 7 से बढ़ाकर 21 किया है और दिव्यांग



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

शब्द देकर समाज में एक नई सोच की शुरुआत की। एलिम्को द्वारा भारत सरकार राज्य सरकार सांसद निधि एवं कॉरपोरेट सोशल रिस्पान्ससीबिलिटी विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत सहायक उपकरणो का वितरण किया जाता है। कार्यक्रम में एनएकेपी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, जीएम एलिम्को, जिला विकास अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह, अश्नील दिवाकर, संजीव गुप्ता, श्याम सुंदर लल्ला, अरविन्द राजपूत, राहुल राजपूत, अभिषेक बाजपेयी, वीरेन्द्र सिंह राठौर, संदीप शाक्य, अभिषेक त्रिवेदी, भाष्कर दत्त द्विवेदी, शिवांग रस्तोगी, बबिता पाठक, डीएस राठौर, कमल भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत शिवानी राठौर एक दिन की बनीं ईओ



बुके देकर शिवानी का स्वागत करती पालिका कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज की छात्रा शिवानी राठौर को एक दिन का नगर पालिका अधिशासी अधिकारी बनाया गया। शिवानी राठौर को मिशन शक्ति फेज-5.0 विशेष अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने एक दिन का छात्रा शिवानी राठौर को दायित्व सौंपा। नगर पालिका के सभी कर्मचारियों ने छात्रा शिवानी का स्वागत किया और कार्यभार सौंपने के दौरान दिशा निर्देश प्राप्त किये।

शिवानी ने एक दिन की अधिशासी अधिकारी बनने के दौरान सभी कर्मचारियों के कार्यों की जानकारी ली। साथ ही मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी ने विद्यालय की शिवानी राठौर को एक दिन का प्रधानाचार्य बनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने कन्या पूजन का आयोजन रखा और विधिवत तिलक लगाकर एवं आरती उतारकर कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान शिक्षक चन्द्रपाल, दिनेश चन्द्र शर्मा, कृष्ण मोहन, संतोष कुमार सरोज, संदीप कुमार, अवनीश कुमार, यशपाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से हुआ दुर्गा पूजन



कन्या पूजन के दौरान मौजूद प्रधानाचार्य व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में दुर्गा पूजा त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दुर्गा पूजा हिन्दुओं का प्रमुख त्यौहार है। यह पर्व अश्वनी मास में मनाया जाता है। नवरात्रि पर बुराइयों पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस त्यौहार का प्रत्येक दिन मां दुर्गा के अलग-अलग रुप की पूजा के लिए समर्पित है। जो पवित्रता शक्ति और सुरक्षा का प्रतीक है। गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में नवरात्रि का पर्व प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला के नेतृत्व में मनाया गया। प्रधानाचार्य ने मां दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर सभी कन्याओं का विधिवत पूजन तथा अर्चन कर उपहार भेंट किये। प्रबंधक प्रमोद अग्रवाल ने सभी कन्याओं को खीर खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी मां दुर्गा का पूजन किया।

# फतेहगढ़ व्यापार मण्डल महिला मोर्चा की बीनू भदौरिया बनीं नगर अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने फतेहगढ़ व्यापार मण्डल का बीनू भदौरिया को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक सम्पन्न हुई। सोनी शुक्ला ने गीता सिंह को पदमुक्त करते हुए उनके स्थान पर बीनू भदौरियों को नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा फतेहगढ़ का बनाया है।

विनीता पाल को कोषाध्यक्ष व मेघा सक्सेना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं ऊषा राजपूत को फतेहगढ़ नगर उपाध्यक्ष घोषित किया है। सोनी शुक्ला ने कहा कि संगठन का विस्तार किया जा रहा है। जिसमें काम करने वाली ही महिलाओं को जोड़ा जायेगा। जो महिलायें संगठन के लिए कार्य नहीं करेगी उन्हें पदमुक्त किया जायेगा। मेरे लिए संगठन सर्वोपरि है। फतेहगढ़ महिला मोर्चा की पूर्व नगर अध्यक्ष गीता सिंह ने अभी तक अपनी कमेटी घोषित नहीं की थी। साथ ही एक दूसरे के ऊपर टीका टिप्पणी हो रही थी। जिसके चलते निर्णय लिया गया और गीता सिंह को बाहर का रास्ता दिखाया गया और उनकी जगह नवीन पदाधिकारी को दायित्व सौंपा गया। इस मौके पर लवली सिंह सोमवंशी आदि मौजूद रही।



नवीन पदाधिकारियों के साथ व्यापारी महिलायें

## भाकियू नेताओं की डीएम से वार्ता एक अक्टूबर को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाकियू किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा 28 सितम्बर को कार्यालय पर महापंचायत को लेकर समीक्षा बैठक हुई थी।

जिसमें सर्वसम्मति से लिंक एक्सप्रेस-वे एवं बांध की समस्या और महापंचायत में दिये गये ज्ञापन देने को लेकर अभी तक प्रशासन द्वारा वार्ता न किये जाने के विरोध में 6 अक्टूबर को बाबा महेन्द्र टिकैत के जन्मदिवस पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया था। जिस पर जिलाधिकारी ने 1 अक्टूबर को दिये गये ज्ञापन पर सभागार में वार्ता के लिए भाकियू नेताओं को आमंत्रित किया है। यह जानकारी जिला महासचिव अभय यादव ने दी है।

# अपने दम पर रालोद लड़ेगी आगामी चुनाव : प्रदेश अध्यक्ष

**▸ नवाबगंज पहुंचने पर प्रदेश सचिव ने किया स्वागत**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष के नवाबगंज पहुंचने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जानकारी के अनुसार रालोद के प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष राय के नवाबगंज आगमन पर पार्टी के प्रदेश सचिव राजीव रंजन के कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने राजीव रंजन से आगामी पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पार्टी पूरे प्रदेश में पंचायत चुनाव अकेले अपनी दम पर लड़ेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव में तेजी से लग जाये। पंचायत चुनाव की तैयारी जोर शोर से चल रही है। हर जिले में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया जायेगा, जो अपने-अपने क्षेत्र की रिपोर्ट पार्टी कार्यालय को सौंपेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पार्टी का लक्ष्य का है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी मजबूती बढ़ाई जाए और पंचायत स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत हो। इस मौके पर रालोद के प्रदेश महासचिव राजीव रंजन, राजू अवस्थी, जगनू राठौर, शैतान सिंह, करू कश्यप, संजीव गुप्ता, पवन गुप्ता, सुरजीत गुप्ता, हिमांशु वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



प्रदेश अध्यक्ष के साथ राजीव रंजन

# मिशन शक्ति 5.0 एवं राष्ट्रीय पोषण माह के तहत निकाली जागरुकता रैली

**फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कमालगंज में मिशन शक्ति 5.0 एवं राष्ट्रीय पोषण माह 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं की जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विकास खण्ड कार्यालय परिसर में ब्लॉक प्रमुख, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी (मुख्य प्रशिक्षक), प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, मुख्य सेविका, खण्ड समन्वयक, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आंगनवाड़ी सहायिकाओं, एवं आम जन-मानस की उपस्थिति में रैली का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख व जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा मुख्य प्रशिक्षक बाल विकास परियोजना अधिकारी ने नारी शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं महिलाओं की समानता एवं भागीदारी की महत्ता का संदेश दिया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते अधिकारी

ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं ने मातृ शक्ति के प्रदर्शन के अन्तर्गत रैली का आयोजन किया। ब्लॉक प्रमुख ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। 350 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने राष्ट्रीय पोषण माह 5.0 के अन्तर्गत बैनर, पोस्टर एवं हस्तलिखित तख्तियों के माध्यम से पोषण से सम्बन्धित नारों के द्वारा जन-मानस में पोषण एवं शिशु देखभाल का संदेश दिया। साथ ही पोषण माह की मुख्य थीम को आम जन तक इस रैली के माध्यम से पहुंचाया। जिसमें मोटापा निवारण चीनी, नमक एवं तेल के उपभोग में कमी। जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए वोकल फॉर लोकल अभियान।

अभिसरण क्रिया और डिजिटलीकरण, जमाना स्तर पर सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए वोकल फॉर लोकल अभियान, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा, पोषण भी पढ़ाई भी। अभिसरण किया और डिजिटलीकरण आदि आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं ने रैली में उपरोक्त थीमों के अतिरिक्त मिशन नारी शक्ति एवं पोषण से सम्बन्धित नारे एवं गीत गाये गए। रैली के साथ साथ एम्बुलेन्स, ट्रैफिक पुलिस, सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। रैली का समापन जनता इंटर कालेज कमालगंज में हुआ।

# ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री का छूटा मोबाइल किया सुपुर्द



उमेश को मोबाइल सौंपती रेलवे पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑपरेशन अमानत के तहत ट्रेन में लावारिश मिले फोन को रेलवे पुलिस ने फोन स्वामी को लौटा दिया।

26 सितम्बर को फर्रुखाबाद स्टेशन प्लेटफार्म ड्यूटी में तैनात कांस्टेबिल अमित मीना को गाड़ी संख्या 15040 (कासगंज-कानपुर सवारी गाड़ी) फर्रुखाबाद स्टेशन प्लेटफार्म संख्या 01 पर रुकी। अटेंड करने पर जनरल कोच में 1 अदद एंड्रॉयड गोल्डन कलर मोबाइल लावारिश हालत में मिला था। जिसके संबंध में मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी के द्वारा अपना होना नहीं बताया गया। जिसके लावारिश पाकर पोस्ट हाजा पर सुरक्षित रखवाया गया। मोबाइल पर कॉल आने पर मोबाइल मालिक को मोबाइल की बल पोस्ट पर होने की जानकारी दी गई। 30 सितम्बर को एक व्यक्ति आया, जिसने अपना नाम उमेश पुत्र कमल सिंह निवासी सियापुर थाना सोरो जिला कासगंज बताया। उसने बताया कि वह मोबाइल उसका है और 26 सितम्बर को वह कासगंज से रुदायन तक यात्रा कर रहा था। इसी दौरान ऊपर की जेब से मेरा मोबाइल ट्रेन में ही गिर गया। जिसकी जानकारी मुझको काफी देर बाद हुई। रेलवे पुलिस ने मोबाइल के दस्तावेज प्राप्त कर उमेश को सुपुर्द कर दिया।



काली पट्टी बांधकर विरोध करते शिक्षक

## सेवारत शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता परीक्षा का किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवारत शिक्षकों को सेवा में बने रहने के लिए टीईटी अनिवार्यता का विरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय के निर्णय को वापस लेने के लिए काली पट्टी बांधकर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कार्य किया। आंदोलन में सहभागिता बनाये रखने के लिए जनपद के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने जनपद के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ काली पट्टी बांधकर विरोध करते हुए शिक्षण कार्य किया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों में टेट का विरोध दिखायी पड़ा। यूपीएस चाचूपुर जटपुरा, पीएस नगला गांधी, कम्पोजिट विद्यालय ताजपुर, प्राथमिक विद्यालय इमादपुर पमारान, यूपीएस मोकुलपुर, यूपीएस खण्डौली, यूपीएस सोताबहादुरपुर, कम्पोजिट विद्यालय ताजपुर, यूपीएस भरखा आदि विद्यालय के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधी और टेट अनिवार्यता परीक्षा का विरोध किया।

# चार खिलाड़ियों का प्रदेश स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मण्डलीय योगासन प्रतियोगिता में जनपद की टीम ओवर ऑल चैम्पियन में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। चार खिलाड़ियों का प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

22 सितम्बर को नगर पालिका इंटर कालेज औरैया में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में मण्डलीय विद्यालय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में जनपद के चार खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए मण्डल टीम में स्थान पक्का कर जनपद टीम को चैम्पियनशिप ट्राफी दिलायी। टीम मैनेजर डीएवी इंटर कालेज रजलामई की नेहा भारद्वाज, डीपीएस इंटर कालेज रजलामई तथा टीम कोच घनश्याम बिंद व अनिकेत भारद्वाज सीपीवीएनआईसी कायमगंज ने टीम को प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया। मण्डल टीम में चयनित खिलाड़ी 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक अयोध्या में होने वाली राज स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें। जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के संकल्प व सीवीएन इंटर कालेज शुक्ररुल्लापुर के आदर्श व डीएवी इंटर कालेज रजलामई के आयुष, केआर रस्तोगी इंटर कालेज के प्रियांश कुमार का चयन हुआ है।



ट्राफी दिखाते खिलाड़ी

# मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत छात्रा कुं. अभी बनीं एक दिन की बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर की कक्षा-5 की छात्रा कुं0 अभी को एक दिन का विकासखंड अधिकारी बनाया। कुं. अभी ने छात्र (विकास खंडाधिकारी) ने जन समस्यायें सुनी।

विकासखंड कार्यालय पर मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत ग्राम पंचायत पैथान खुर्द बुजुर्ग के प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर के कक्षा 5 की छात्रा कुं0 अभी पुत्री पंकज कुमार को एक दिन का बीडीओ बनाया। जिसके बाद छात्रा कुं0 अभी ने विकासखंड में उपस्थित सभी कर्मचारियों का परिचय प्राप्त किया गया और सहायक विकास अधिकारी पंचायत से अपने विकासखंड में हजरत पर स्थित स्कूल में कायाकल्प के अंतर्गत कार्य करने हेतु कहा गया। उपस्थित हुए ग्राम प्रधान नगला केल से ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई।



बीडीओ की भूमिका में छात्रा अभी

विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान तथा खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के अनुरोध पर प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक सुमित कुमार छात्रा को विकासखंड कार्यालय लेकर आए। उनके साथ कई छात्र-छात्रायें मौजूद थी। जिसमें छात्रा कुं0 अभी को एक दिन के लिए विकासखंड अधिकारी बनाया गया। विकास खंड अधिकारी बनते ही छात्रा (विकासखंड अधिकारी) ने कई जन समस्याएं सुनी। सर्वप्रथम छात्रा ने विकास खंडाधिकारी को निर्देशित करते हुए बताया कि वह उनके प्राथमिक विद्यालय में सर्वप्रथम फर्नीचर की व्यवस्था कर दें। जिससे छात्र-छात्राओं को बैठने में दिक्कत ना हो सके। वही कुर्सी पर बैठ समस्त स्टाफका परिचय लिया। सहायक विकासखंड अधिकारी ने अपने विकासखंड में हजरतपुर स्थित स्कूल में कायाकल्प के अंतर्गत करने हेतु कहा। उपस्थित ग्राम प्रधान नगला खेल घनश्याम सिंह ने अपने ग्राम पंचायत के समस्याएं बताईं। जिस पर छात्रा (विकासखंड अधिकारी) ने निर्देशित करते हुए उनकी समस्या का समाधान करने की बात कही। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेश सिंह, नियोजन विभाग से इंदल बाबू, कनिष्ठ लिपिक राज भारती, विनीत वमा, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, अकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह सहित समस्त विकासखंड स्टाफ व प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर के सहायक अध्यापक सुमित कुमार मौजूद रहे। वहीं छात्रा ने विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान का आभार व्यक्त किया। जिस पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने छात्रा को उसके उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी।

## मिशन शक्ति फेज-5 बालिकाओं ने स्वास्थ्य केंद्र का किया अवलोकन

**उरई,जालौन।** मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय चुर्खी की छात्राओं ने मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुर्खी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने बालिकाओं को प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, स्वच्छता, पोषण तथा स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जानकारियाँ दीं। भ्रमण के दौरान बालिकाओं ने दवाओं के वितरण प्रणाली, रोग निदान प्रक्रिया एवं स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही उन्हें एम्बुलेंस सेवा, मातृत्व एवं शिशु देखभाल कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान की गई।

# तहसील परिसर में आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी

**▸ परिसर में रखा विद्युत ट्रांसफार्मर हुआ धड़ाम**

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार दोपहर तहसील परिसर में आकाशीय बिजली गिरने से अफरा तफरी मच गयी। जिसमें जनहानि तो बच गयी पर वहां रखा विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। विगत दो दिनों से आसमान मे बादल छाए हुए थे लेकिन पानी नही बरसा रहा था लेकिन मंगलवार दोपहर अचानक मौसम का मिजाज गड़बड़ा गया था और अचानक आसमान में बिजली कड़कने लगी थी जिसे देख लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे थे लेकिन इसी बीच तेज चमक और भारी आवाज हुई थी जिससे लोग व तहसील के कर्मचारी सकते में आ गये थे लेकिन कुछ समझ आते इससे पहले परिसर में रखा परिवर्तक आकाशीय बिजली की चपेट में गया था जिससे तहसील परिसर की बिजली गुल हो गई है। तहसीलदार अभिनव तिवारी के अनुसार आकाशीय बिजली गिरने के समय बड़ी संख्या में फरियादी परिसर में मौजूद थे लेकिन वह बाल बाल बच गए हैं। हालांकि तहसील क्षेत्र से अभी कही से भी दुर्घटना होने की जानकारी नही है।

# दुर्घटनाओं में कमी के लिए नियमों का कराएं पालन

**घायल को अस्पताल पहुंचाने पर 25 हजार व प्रशंसा पत्र : दयाशंकर**

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह उपस्थित हुये।

उनके द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे बिना किसी दबाव के लोंगों को हेल्मेट लगाने, सीटबेल्ट लगाने, बिना मोबाइल प्रयोग किये वाहन चलाने, रांग साइड ड्राइविंग न करने, बिना कोई नशा किये या शराब पिये वाहन न चलाना आदि यातायात नियमों का पालन कड़ाई से करायें जैसे हम लोगों को जिन अध्यापकों द्वारा अनुशासन प्रिय बनाने के लिये कड़ाई की जाती थी जिसके कारण हम लोग पढ़ाई में सफल होकर अधिकारी, इन्जीनियर, डाक्टर आदि बन सके हैं। उन अध्यापकों को आज हम सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। इसी प्रकार यातायात नियम पालन कराते हुये लोंगो की जीवन रक्षा करने पर दुर्घटना होने की स्थिति में और जीवन बचने पर हमें सम्मान की दृष्टि से देखेंगे। पहले की तुलना में सड़कों पर होर्डिंग की संख्या अब कम दिखाई दे रही है। अतः लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, उपसा अपनी सड़कों पर वाहन धीमें चलायें घर पर बच्चे प्रतिक्षा कर रहे हैं या आगे अन्धा मोड़ है, धीमी गति से वाहन चलायें इस प्रकार के स्लोगन लगवाये जाय। शासन के द्वारा स्कूलों के पाठ्यक्रम में यातायात नियमों को भी सम्मिलित किया गया है। इसके अलावा लाइसेन्स बनायें जाने की प्रक्रिया को और कड़ा किये जाने कि आवश्यकता है। इसके लिये सरकार जनपदों में ड्राइविंग ट्रेनिंग इन्सीट्यूट की स्थापना करा रही है जिससे कि पर्याप्त प्रशिक्षण के पश्चात लाइसेन्स जारी हो सके।

इसी प्रकार वाहनों की फिटनेस के लिये आटो मैटिक फिटनेस सेंटर की स्थापना करायी गयी है जहाँ पर बिना मानवीय हस्तक्षेप के वाहनों की फिटनेस हो रही है। आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल, के द्वारा सभी विभाग के अधिकारियों को सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में घायल को नजदीकी अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर अवगत करायें जिससे उसे राहगीर योजना के अर्न्तगत रूपया 25000/- हजार व प्रशंसा पत्र दिया जा सके। आयुक्त के द्वारा बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि अज्ञात वाहन से होने वाली दुर्घटना से पीड़ित परिवारजनों को अपने उप जिलाधिकारी से मिलकर सोलेशियम स्कीम के तहत प्रार्थना पत्र दिलवायें जिससे उन परिवारों को सहायता धनराशि उपलब्ध करायी जा सके। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्भाग के जनपदों के द्वारा ब्लैक स्पाट एवं दुर्घटना सम्भाव क्षेत्रों का चिन्हाकन करके सूची उपलब्ध करा दी गयी है जिसे कार्यवाही हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रेषित कर दिया गया है।

इस पर आयुक्त द्वारा इन ब्लैक स्पाट एवं दुर्घटना सम्भाव क्षेत्रों को हर महीने होने वाली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में रखकर सुधारात्मक कार्यवाही कराये जाने और उसका सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) उदयबीर सिंह, संयुक्त निदेशक स्वास्थ डा0 जी प्रसाद, मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग मिर्जापुर राम स्वरूप, बी0के सिंह अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग मिर्जापुर, क्षेत्राधिकारी यातायात शिखा भारती, क्षेत्राधिकारी सोनभद्र राज सोनकर, क्षेत्राधिकारी भदोही राजीव कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) संतोष कुमार सिंह, एस0 पी0 सिंह सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वितीय दल विजय प्रकाश सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) भदोही राम सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सोनभद्र राजेश्वर यादव आदि उपस्थित रहें।

## गरीब कैंसर मरीज पैसों के लिए परेशान

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** आयुष्मान कार्ड भी नहीं आ रहा काम कैंसर रोग से पीड़ित घुरा देवी निवासिनी ग्राम-भाईपुर कलां,विकास खंड-जमालपुर मिर्जापुर को 25 सितंबर 2025 को एपेक्स हास्पिटल वाराणसी में ले जाकर दिखाया गया। बता दें कि इनको पहली बार 06 अगस्त 2025 को महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर हास्पिटल वाराणसी में दिखाया गया था जहां करीब डेढ़ महीने तक मरीज को जांच आदि में दौड़ने के बाद 18 सितंबर को डाक्टर द्वारा बोला गया कि यहां तीन महीने तक आपरेशन के लिए कोई जगह नहीं है। कहीं बाहर जाकर इलाज करा लो तथा दो-तीन प्राईवेट डाक्टरों का मोबाइल नंबर फाइल पर लिखकर दे दिया गया। निराश होकर घुरा देवी को अगले दिन एक हजार फीस देकर उपकार हास्पिटल में दिखाया गया। वहां के डाक्टर द्वारा पुनः कई जांच लिखने के बाद आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद भी आपरेशन में लगभग साढ़े तीन लाख रुपए खर्च होने की बात कही गई लेकिन उतने पैसे की व्यवस्था नहीं होने के कारण घुरा देवी निराश होकर घर लौट गई।

## नव कन्या पूजन व गोद भराई व छह माह के बच्चों को कराया अन्नप्राशन

समृद्धि न्यूज

**चुनार (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सीखड़ विकास खंड पर बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा नारी सशक्तिकरण पोषण अभियान के अंतर्गत समाज में बालिकाओं के जन्म के प्रति सोच में सकारात्मक बदलाव के उद्देश्य से अष्टमी एवं नवमी के अवसर पर नव कन्या पूजन एवं गोद भराई व छह माह के बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया।

इसके पश्चात बालिकाओं के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना का फॉर्म भरवारा गया।खंड विकास अधिकारी सीखड़ रामजी मिश्रा ने विशेष अतिथि के रूप में सहभागिता की और महिलाओं को सम्मानित किया। डीसी मनरेगा सुशांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य सुधार एवं पोषण स्तर बढ़ाने में सामूहिक प्रयास जरूरी है उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से अपेक्षा की कि वे गांव-गांव तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं। बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलू मिश्रा ने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा सशक्तिकरण की दिशा में विशेष कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक कन्या पूजन से हुई, जिसमें बालिकाओं का स्वागत तिलक, आरती और चरण पूजन कर किया गया। गोद भराई मीता देवी, रीना चौरसिया,अन्नप्राशन कार्तिक सरिवान एवं कन्या पूजन आरती, अभया, तनु,काव्य, सेजल, राधा, रीना, शिवी का किया गया।इसके साथ ही गोद भराई की रस्म कराया गयाजिसमें गर्भवती महिलाओं को उपहार और फल प्रदान किए गए। कार्यकत्रियों द्वारा भैरव जी की भी आरती उतारी गई जिसका मुख्य मकसद था जेंडर इक्वलिटी को प्रोत्साहित करना। धन्यवाद ज्ञापन बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलू मिश्रा द्वारा दिया गया।

## मिशन शक्ति के तहत एक दिन की बीएसए बनी रौनिका, दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज



**महराजगंज।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत बालिकाओं को जिम्मेदार पदों का दायित्व देकर सम्मान दिया जा रहा। इसी क्रम में पूमावि महराजगंज प्रथम की छात्रा रौनिका गोंड़ को एक दिन का बीएसए बनाया गया।

जिम्मेदारी संभालते ही वह पूरी तरह वह दायित्व के रौब में दिखीं और सिर्फ शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर निर्देश दिया। एक दिन की बेसिक शिक्षा अधिकारी बनी रौनिका ने एमडीएम शैलेंद्र वर्मा से जानकारी ली कि सोमवार का मेन्यू स्कूलों के लिए क्या है और कितने स्कूलों में मध्याह्न भोजन तैयार कराया गया। पटल के जिम्मेदार शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि रोटी व सोयाबीन की सब्जी बच्चों को दोपहर के भोजन में परोसी गई। मौसमी फल के रूप में केला वितरित हुआ। समकेतिक पटल देख रहे केके सिंह से पूछा कि किस स्कूल में अबतक दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आरामदायक फर्नीचर नहीं पहुंच सका।

उन्होंने बताया कि बेसिक के सभी स्कूल जहां दिव्यांग विद्यार्थी नामांकित हैं वहां फर्नीचर पहुंच चुका है। रौनिका ने वापस दफ्तर पहुंचकर रिद्धि पांडेय को बीएसए का दायित्व सौंप दिया। अनुभव बताते हुए कहा कि बीएसए का दायित्व बड़ी जिम्मेदारियों का है, क्योंकि यह विभाग विद्यार्थियों के शिक्षा की नींव मजबूत करता है। इस दौरान बीईओ सदर अंकिता सिंह, प्रधानाध्यापक उषा गौतम, पंकज मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी महराजगंज ने जिला संयुक्त अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**अस्पताल परिसर में साफ-सफाई पर डीएम ने लगाईं फटकार**

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बीती रात्रि जिला संयुक्त अस्पताल का औचक निरीक्षण कर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का गहनता के साथ जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, महिला एवं प्रसूति वार्ड, दवा वितरण कक्ष तथा भर्ती मरीजों से मुलाकात कर चिकित्सालय में मौजूद सुविधाओं की स्थिति को परखा।

जिलाधिकारी ने मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली चिकित्सा सेवाओं, साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता और दवाओं की उपलब्धता के बारे में सिलसिलेवार जानकारी ली। उन्होंने भर्ती मरीजों के परिजनों से भी अस्पताल की व्यवस्था और उपचार को लेकर फीडबैक लिया। इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉ. सर्वेश प्रताप सिंह से मरीजों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। डॉक्टर ने बताया कि सभी मरीज फिलहाल ठीक हैं और एक महिला का इलाज चल रहा है, जिसकी स्थिति नियंत्रण में है। जिलाधिकारी ने महिला के समुचित इलाज का निर्देश देते हुए कहा कि यदि आवश्यकता हो तो उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डीएम ने अस्पताल की फार्मेसी का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर की जांच की तथा फार्मासिस्ट जेएल पांडेय से दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि कोई आवश्यक दवा समाप्त होने की स्थिति में हो तो समय रहते उसकी मांग भेज दी जाए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ-सफाई को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए और कहा कि अस्पताल में स्वच्छ वातावरण बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का मिलान रजिस्टर से किया, जिसमें सभी उपस्थित पाए गए।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्गापूजा के दौरान महराजगंज में बड़े वाहनों का डायवर्जन, नो-एंट्री जोन हुआ घोषित

समृद्धि न्यूज

**महाराजगंज।** नगर पालिका परिषद महराजगंज मे नवरात्रि एवं दुर्गापूजा/विजयदशमी के अवसर पर शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन के अनुसार 30 सितंबर और 1.10.2025 को दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहन और कामर्शियल वाहन शहर के प्रमुख मार्गों में डायवर्ज किए जाएंगे।

यह कदम जनहित और त्योहार के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखकर उठाया गया है। नगर पालिका परिषद और यातायात पुलिस ने बड़े वाहनों के लिए डायवर्जन मार्ग निर्धारित किए हैं। डायवर्जन/नो-एंट्री मार्ग इस प्रकार हैं, सिसवा-घुघुली मार्ग- फरेन्दा की ओर जाने वाले भारी वाहन शिकारपुर, परतावल, पनियरा, कैम्पियरगंज होते हुए फरेन्दा जाएंगे, निचलौल मार्ग- फरेन्दा और गोरखपुर रोड की ओर जाने वाले वाहन सिंदुरिया और शिकारपुर होते हुए मार्ग तय करेंगे, चौक रोड मार्ग- फरेन्दा और गोरखपुर रोड की ओर जाने वाले वाहन झंझनपुर, सिंदुरिया, शिकारपुर होकर जाएंगे, फरेंन्दा मार्ग- निचलौल, चौक, सिंदुरिया शिकारपुर की ओर जाने वाले वाहन कैम्पियरगंज, पनियरा, परतावल और शिकारपुर होते हुए जाएंगे, गोरखपुर/परतावल बाजार मार्ग- भारी वाहन शिकारपुर से ही डायवर्ज किए जाएंगे, पनियरा रोड/पकड़ी मार्ग- पनियरा रोड से आने वाले वाहन पकड़ी से फरेन्दा की ओर तथा फरेंन्दा से आने वाले वाहन पकड़ी से पनियरा की ओर डायवर्ज किए जाएंगे मुख्य नो-एंट्री/डायवर्जन प्वाइंट सिंदुरिय, शिकारपुर, झंझनपुर, पकड़ी चौकी, नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहार के दौरान निर्धारित मार्गों का पालन करें और शहर में भारी वाहनों से संबंधित असुविधाओं से बचने के लिए अग्रिम योजना बनाएं।

## आंगनबाड़ी कर्मियों ने पांच अक्तूबर को धरने की रणनीति बनाई

**महराजगंज।** आंगनबाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन ने बीते सोमवार को कलक्ट्रेट परिसर में बैठक की। यह बैठक आगामी 5 अक्तूबर को लखनऊ के ईको गार्डन में होने वाले धरने की रणनीति तैयार करने के लिए बुलाई गई थी। इस दौरान एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष छाया भारती ने सरकार पर आंगनबाड़ी कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। छाया भारती ने बताया कि सरकार ने हाल ही में आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्तियों के लिए चार श्रेणियां बनाई हैं लेकिन चौथी श्रेणी में भी आंगनबाड़ी कर्मियों को नहीं रखा गया है। चौथी श्रेणी के कर्मचारियों का मानदेय 20,000 रुपये निर्धारित किया गया है जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करती हैं।

